kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-15 ❐ गुरुवार, 12 फरवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



कनाडा में हुई भीषण गोली-बारी से गहरा सदमा लगा है। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस गहरे दुख की घड़ी में भारत कनाडा के लोगों के साथ खड़ा है।' **नरेंद्र मोदी**

एम.एम. नरवणे के पुस्तक विवाद पर पेंगुइन इंडिया के प्रतिनिधियों को समन जारी 11

मंत्रिमंडल की बैठक में छह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए 12

## संक्षेप

### नई योजनाओं की भरमार

सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन
बायोप्लास्टिक औद्योगिक नीति-2024
वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति
कृषि एवं किसान
मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना
महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना
पशुधन बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजना
सहकारी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण
शिक्षा एवं कौशल
ड्रीम स्किल लैब
नए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
छात्राओं हेतु प्रत्येक जनपद में छात्रावास
टेक युवा-समर्थ युवा योजना
स्वास्थ्य
चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (पीपीपी मोड)
ट्रॉमा सेंटर लेवल-2
चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास
आईटी व एआई
उत्तर प्रदेश एआई मिशन
स्टेट डेटा सेंटर
डेटा सेंटर क्लस्टर
यू-हब की स्थापना
'ग्रीन' और 'पिंक' बजट पर फोकस
ग्रीन बजट टैगिंग 23.5% तक बढ़ाई गई।
242 करोड़ से अधिक पौधारोपण, 1 गीगावाट से अधिक सोलर क्षमता।
मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण।

### आवंटन में प्राथमिकताएं

सबसे अधिक आवंटन प्राथमिक शिक्षा (80,997 करोड़), ऊर्जा (?65,926 करोड़), गृह (?44,145 करोड़) और लोक निर्माण विभाग (?33,740 करोड़) को मिला है।

### बुनियादी ढांचा और निवेश

7 संचालित एयरपोर्ट, जेवर एयरपोर्ट शीघ्र शुरू, 16,000+ स्टार्टअप, 8 यूनिकॉर्न, 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्ताव

### पर्यटन और धार्मिक

महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु
234 गांव पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित
लखनऊ 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी'

### युवाओं के लिए यह योजनाएं

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 5 वर्षों में 9.25 लाख युवाओं को विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित करते हुए प्रमाणीकृत किया गया। जिनमें से 4.22 लाख युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में सेवायोजित कराया गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केन्द्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। युवाओं को सरकारी नीति निर्माण और क्रियान्वयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानन्द युवा-सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत अब तक 49 लाख 86 हजार टैबलेट/स्मार्टफोन निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं।

# 'बजट' विकास, कल्याण और भरोसे का 'गजट'

## योगी सरकार ने लगातार दसवीं बार पेश किया बजट

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❐ 'सुरक्षित नारी, सक्षम युवा और खुशहाल किसान' पर आधारित है 2026-27 का बजट

❐ बुनियादी ढांचे, कृषि और शहरी विकास पर बड़ा फोकस


लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख रुपये का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। यह बजट पिछले वर्षों की तुलना में एक लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। बजट राज्य को दस खरब डालर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत करता है। बजट में 1.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत परिरव्यय प्रस्तावित है, जबकि 50 से अधिक नई योजनाओं के जरिए महिलाओं, युवाओं, किसानों, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर विशेष फोकस रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए इसे 'विकसित भारत के संकल्प' और 'विजन-2047' की दिशा में निर्णायक कदम बताया। पिछले वर्षों में बजट का आकार लगातार बढ़ा है। 2017-18 में जहां बजट लगभग 3.85 लाख करोड़ था, वहीं 2026-27 में यह बढ़कर 9.13 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। यानी नौ वर्षों में बजट आकार दोगुने से भी अधिक हो गया है।

यह बजट आकार, पूंजीगत निवेश पर जोर, नई योजनाओं की संख्या और महिला-युवा-किसान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ राज्य को तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाने का प्रयास है। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अब फोकस 'संतुलित, समावेशी और सतत विकास' पर है।

सदन के समक्ष बजट पेश करते हुए खन्ना ने कहा कि राज्य सरकार राजकोषीय प्रबंधन एवं ऋण नियंत्रण के लिए हमेशा पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसे राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा ● शेष पेज 11 पर

### बजट का आकार और तुलना

9 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख रुपये
कुल प्राप्तियां: 8.48 लाख करोड़
राजस्व प्राप्तियां: 7.29 लाख करोड़
कुल व्यय: 9.13 लाख करोड़
राजस्व व्यय: 6.64 लाख करोड़
पूंजीगत व्यय: 2.48 लाख करोड़



### इस बार कितना फीसदी बढ़ा बजट

❐ बुनकरों व हथकरघा के लिए पांच गुणा वृद्धि के साथ करीब 5041 करोड़ रुपये ❐ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ 37959 करोड़ रुपये ❐ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 27106 करोड़ रुपये ❐ आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स 76 फीसदी से वृद्धि के साथ 2059 करोड़ ❐ सिंचाई व जल संसाधन 30 प्रतिशत वृद्धि के साथ 18290 करोड़ ❐ व्यावसायिक शिक्षा में 88 प्रतिशत से अधिक ❐ पंचायती राज विभाग को 67 फीसदी वृद्धि के साथ 32090 करोड़ ❐ कृषि में 20 फीसदी वृद्धि के साथ 10888 करोड़ रुपए ❐ प्राविधिक शिक्षा विभाग को 72 फीसदी बढ़ाकर 2365 करोड़ ❐ माध्यमिक शिक्षा के 15 फीसदी वृद्धि के साथ 22176 करोड़ ❐ उच्च शिक्षा में 7 वृद्धि के साथ 6591 करोड़ ❐ महिला एवं बाल विकास 11 फीसदी वृद्धि के साथ 18620 करोड़ ❐ समाज कल्याण 8 प्रतिशत वृद्धि के साथ 14953 करोड़ ❐ पिछड़ा वर्ग कल्याण 9 फीसदी वृद्धि के साथ 3402 करोड़ ❐ दिव्यांगजन सशक्तिकरण 8 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2140 करोड़।

## 9 वर्ष के नवनिर्माण की गाथा को दर्शाता है बजट : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



❐ जनाकांक्षाओं के अनुरूप, जनकल्याणकारी, रोजगार सृजन वाला बजट : मुख्यमंत्री

❐ प्रदेश को रोजगार-निवेश हब बनाएगी सरकार

❐ रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गांरटी

❐ हमने बीमारु राज्य की छवि बदली

❐ यूपी निवेशकों के लिए सुरक्षित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के बजट को प्रदेश की जनाकांक्षाओं के अनुरूप, जनकल्याणकारी, रोजगार सृजन, निवेश में विस्तार और महिलाओं के सम्मान देने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश की छवि बीमारु प्रदेश से बदल कर विकसित उत्तर प्रदेश हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज विधानसभा के तिलक हाल में बजट को लेकर मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में परसेप्शन बदला है और यह बजट तीन गुना बढ़ा है। यह बजट सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसाल, हर हाथ को काम तकनीक आगे कर नवनिर्माण की गाथा को लिखता है। इसमें नई योजनाओं के लिए लगभग 43 हजार करोड़ रुपये और दो लाख करोड़ से अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर समेत रोजगार, कौशल विकास के लिए प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज प्रस्तुत किया गया बजट हमारी सरकार का 10वां बजट है और यूपी जैसे राज्य में पहली बार हुआ जब किसी सरकार ने लगातार 10वां बजट पेश किया है। सबसे खास बात यह कि इस दौरान नौ सालों में हमने कोई टैक्स वृद्धि नहीं की। ● शेष पेज 11 पर

### वित्त मंत्री ने बजट के साथ अपने अंदाज में पढ़े शेर

## 'काबिले तारीफ है, अंदाज एक-एक काम का, गा रहा है गीत यूपी योगी के नाम का'

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ। यूपी विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इस सरकार का 10वां आम बजट पेश किया। बजट पेश करने का उनका अंदाजे बयां ही कुछ और था। बजट की खुबियां भी बताई और शेर पढ़कर उसके मतलब भी बताते हुए विपक्ष पर तंज करते रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीफ में कुंछ यूं कहा 'काबिले तारीफ है, अंदाज एक-एक काम का, गा रहा है गीत यूपी योगी के नाम का।' इस पर वहां बैठे सत्ता पक्ष के लोगों ने मेजें थपथपा कर इसका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वित्त मंत्री के शेर पर खिलखिला उठे। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना मुख्यमंत्री के साथ बजट सत्र में शामिल होने पहुंचे।

वह सफ़ेद कुर्ता व पजमा पहनने के साथ धारीदार सदरी पर सफ़ेद गमझा डाले हुए थे। बजट पढ़ने के लिए उनके डेबल पर बड़ा स्क्रीन वाला कंप्यूटर लगाया गया था। सदन की शुरुआत होते ही उन्होंने ठीक 11 बजे बजट पढ़ना शुरू किया। बजट की एक-एक खुबियां उसका आकार और नई योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीफ की और उनके प्रयासों की सराहना कुछ इस अंदाज में की- 'यही जुनून यही ख्वाब मेरा है, दिया जला के रोशनी कर दूं, यहां अंधेरा है। उन्होंने करीब 1 घंटा 17 मिनट तक बजट पढ़ा। वित्त मंत्री बजट पढ़ते जा रहे थे और योजनाएं गिनाते जा रहे थे। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी मार्गदर्शन का जिक्र करते हुए कहा- 'सितारा बन के आसमां में वहीं चमकते हैं, डुबो देते हैं जो अपने आपको पसीने में।' पिछली सरकारों ● शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकीलों के मनोनयन के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किए, 45 वर्ष की आयु सीमा तय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पदनाम के लिए नयी नियमावली, ''उच्चतम न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के पदनाम हेतु दिशा निर्देश 2026''अधिसूचित कर दी जो 2023 के पुराने नियमों का स्थान लेंगी।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में 10 फरवरी को हुई 'फुल कोर्ट मीटिंग' में इन नियमों को मंजूरी दी गई। नये दिशानिर्देश के तहत वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मनोनयन की पूरी प्रक्रिया एक स्थायी समिति की




देखरेख में होगी। समिति में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और दो सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल होंगे। पात्रता के लिए उम्मीदवार के पास अधिवक्ता के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश या ट्रिब्यूनल सदस्य के रूप में बिताया गया समय भी जोड़ा जा सकेगा। नियमावली में आवेदक की न्यूनतम आयु 45 वर्ष निर्धारित की गई है, हालांकि विशेष परिस्थितियों में 'फुल कोर्ट' इस सीमा में ढील दे सकता है। उम्मीदवार का मुख्य रूप से उच्चतम न्यायालय में प्रैक्टिस करना आवश्यक है , हालांकि डोमेन विशेषज्ञता रखने वाले और विशेष ट्रिब्यूनल में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों को उच्चतम न्यायालय में उपस्थिति की अनिवार्यता से छूट दी जा सकती है। उच्चतम न्यायालय का सचिवालय आधिकारिक वेबसाइट ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के लिए तूफान लाने वाला : राहुल गांधी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने अमेरिका की शर्त मानकर किसानों को तूफान में झोंकने और देश को बेचने का काम किया है।

श्री गांधी ने बजट 2026-27 पर चर्चा में सरकार पर हमला करते हुए बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ जिस प्रकार का समझौता किया गया है इस प्रकार का समझौता कभी किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया और आगे भी कोई प्रधानमंत्री नहीं करेगा। इस समझौते में पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते में हमारे प्रति अमेरिका की कोई प्रतिबद्धता नहीं है और ऐसे लगता है कि हमें मूर्ख बनाया गया है। भारतीय सामान पर पहले शुल्क तीन प्रतिशत लगता था जिसे अब अठारह प्रतिशत कर दिया



गया है जबकि अमेरिकी आयात पर शुल्क सोलह प्रतिशत था उसे शून्य कर दिया गया है। इससे तो हमारे वस्त्र उद्योग पूरी तरह खत्म हो जायेंगे क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप ने बंगलादेश से अमेरिकी आयात पर शुल्क शून्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत हैरान करने वाली बात है कि अब अमेरिका तय करेगा कि हम कहां से तेल खरीदेंगे और इस पर वह निगरानी भी रखेगा। भारत के इतिहास में पहली बार किसान एक तूफान का सामना कर रहे है। अमेरिका के कृषि ● शेष पेज 11 पर

### राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लायेगी सरकार : रिजिजू

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में एक मंत्री के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाये हैं इसलिए सरकार ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने का फैसला किया है। श्री रिजिजू ने संसद परिसर में बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि श्री गांधी ने पूर्व सूचना दिये बिना सदन में कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। यह विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन है। इसकी सूचना लोकसभा अध्यक्ष को दी जायेगी। श्री रिजिजू ने कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान श्री गांधी ने कोई उपयोगी और ठोस बात नहीं की। वह केवल बेबुनियाद आरोप लगा रहे थे। श्री गांधी जब आरोप लगा ● शेष पेज 11 पर

## आधिकारिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम् को पूरा गाना अनिवार्य

### सभी 6 पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई : गृह मंत्रालय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली 11 फरवरी (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर इसके गायन के बारे में औपचारिक दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब से इसे सभी आधिकारिक कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से पूरा गाना होगा।

मंत्रालय ने 28 जनवरी को जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' दोनों एक साथ प्रस्तुत किए जाने हों तो पहले राष्ट्रीय गीत गाया जाएगा। ताजा निर्देशों में कहा गया है कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' के सभी छह अंतरे पूरे गाए जाने चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रोटोकॉल सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के पालन में एकरूपता लाने के उद्देश्य से बनाया गया है। गीत के आधिकारिक पूर्ण संस्करण की अवधि लगभग तीन मिनट दस सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाये जाते थे। आदेश के तहत 'वंदे मातरम्' का आधिकारिक संस्करण प्रमुख राजकीय




और औपचारिक समारोहों में बजाया जाएगा। इनमें नागरिक अलंकरण समारोह, औपचारिक राज्य समारोहों में राष्ट्रपति का आगमन और प्रस्थान, तथा राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम रेडियो और टेलीविजन प्रसारण से पहले और बाद के अवसर शामिल हैं। इसी प्रकार अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में राज्यपाल या उपराज्यपाल की उपस्थिति वाले औपचारिक समारोहों में तथा राष्ट्रीय ध्वज के परेड में लाए जाने के समय भी इसे समान सम्मान दिया जाएगा। केंद्र सरकार विशेष आदेश द्वारा अन्य अवसरों पर भी इसके वादन की अनुमति दे सकती है। प्रोटोकॉल में बैंड द्वारा राष्ट्रीय गीत के वादन की औपचारिक प्रक्रिया भी निर्धारित

❐ प्रोटोकॉल सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के पालन में एकरूपता लाने के उद्देश्य से बनाया गया

की गई है। गीत शुरू होने से पहले श्रोताओं को सतर्क करने के लिए नगाड़े की एक विशेष ताल बजाई जाएगी। नगाड़े की ताल निर्धारित ढंग से बजाकर गीत शुरू होने से पहले विराम दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परेड के अतिरिक्त सांस्कृतिक या औपचारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय इसे सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, जिसके लिए कोरस और सार्वजनिक संबोधन प्रणाली जैसी व्यवस्थाएं की जा सकती हैं ताकि सहभागिता समन्वित हो। औपचारिक राज्य समारोहों को छोड़कर राष्ट्रपति की उपस्थिति वाले कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों तथा केंद्रीय या राज्य मंत्रियों की उपस्थिति वाले महत्वपूर्ण अवसरों पर भी सामूहिक गायन की अनुशंसा की गई है। सिनेमा घरों को राष्ट्रीय गीत के अनिवार्य गायन से छूट दी गयी है। विद्यालयों को दिन की शुरुआत में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, साथ ही छात्रों में राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। सामान्य निर्देशों के अनुसार, जब राष्ट्रीय गीत का आधिकारिक संस्करण गाया या बजाया जाए तो उपस्थित लोगों से सावधान की मुद्रा में खड़े रहने की अपेक्षा की जाती है, सिवाय उन स्थितियों के जब यह किसी समाचार, फिल्म या वृत्तचित्र का हिस्सा हो और खड़े होने से कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रीय गान दोनों प्रस्तुत किए जाएं तो पहले 'वंदे मातरम्' प्रस्तुत किया जाएगा। बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवम्बर 1875 के दिन इस गीत की रचना की थी और यह 1882 में पहली बार उनके उपन्यास आनंदमठ में छपा था। वंदे मातरम को वर्ष 1950 में राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया था।

# बजट आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे समावेशी, जनोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उत्तरप्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन (यूपीएसडीएम) के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और सेवायोजन उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग तथा मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप कार्यक्रम के जरिए युवाओं को नीति निर्माण से जोड़ने को सुशासन की प्रभावी पहल बताया।

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण को उन्होंने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम कहा। साथ ही, युवाओं को खेल सामग्री उपलब्ध कराए जाने को उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सकारात्मक प्रयास बताया।

कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पुलिस अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, नवसृजित जनपदों में भवन निर्माण और अग्निशमन सेवाओं के विस्तार के लिए बजटीय प्रावधान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, एमबीबीएस एवं पीजी सीटों में वृद्धि, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और कैंसर संस्थान के लिए प्रावधान को उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। असाध्य रोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा को समाज के वंचित वर्गों के लिए लाभकारी बताया।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता और सुशासन को सुदृढ़ करते हुए उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# जनकल्याण व जनआकांक्षाओं को समर्पित है उत्तर प्रदेश सरकार का बजट: पंकज चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनआकांक्षाओं को समर्पित, जनकल्याण, सुशासन और समृद्धि के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट बताते हुए बजट का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 9.12 लाख करोड़ से अधिक का विशाल बजट पेश किया है। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है, जिससे प्रदेश में विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं और अधिक गति से चलेंगी। प्रदेश सरकार ने विकास और विश्वास का जो मॉडल स्थापित किया है, यह बजट उसी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिबिम्ब है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है। मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक व सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें। युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए व्यापक योजनाएं इस बजट में सम्मिलित हैं, जो उन्हें सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएंगी।श्री चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बजट में महिलाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता पर खासा जोर दिया गया है। महिला सशक्तीकरण के लिए योजनाओं को जमीन पर उतारा जाएगा। प्रदेश में महिलाओं के लिए विशेष स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोले जायेंगे। जहां महिलाओं को आधुनिक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बजट में मेधावी छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत सरकार ने 400 करोड़ रू. का प्रावधान किया है। कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, युवाओं के लिए नए रोजगार और खेल विश्वविद्यालय सहित कईं बड़े निर्णय युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तीकरण में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रदेश में 14 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का भी बजट में प्रावधान किया गया है। श्री चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाएगा।

## कौशल विकास को नई रफ्तार देगा बजट : कपिलदेव अग्रवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है।
मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लगभग 3,349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 286 राजकीय आईटीआई में करीब 1.90 लाख सीटें उपलब्ध हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 47 आईटीआई में विशेष महिला शाखाएं और 12 स्वतंत्र महिला आईटीआई संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,963 से अधिक निजी आईटीआई में 4.58 लाख से अधिक प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को अवसर मिल रहा है।

## उपखंड अधिकारी को रिश्वत लेते एंटीकरप्शन टिम ने धर दबोचा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने विद्युत उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया था कि श्रीवास्तव ने उनके विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने और मुकदमें से बचाने के लिए रिश्वत मांगी थी। श्रीमती अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम ने घटनास्थल पर छापा मारा और श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज पर अभियोग पंजीकृत किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## हज यात्रियों का आज होगा वैक्सीनेशन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हज-2026 पर जाने वाले चयनित यात्रियों का वैक्सीनेशन 12 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से निर्धारित ई-सुविधा केंद्रों पर कराया जाएगा। वैक्सीनेशन आरनेलाज हायर सेकेंडरी स्कूल (नूरुल्लाह रोड), मदरसा इमामिया अनवारूल उलूम (मिर्ज़ा गालिब रोड) और मदरसा खदीजतुल कुबरा लिलबनात (हंडिया) में होगा। सभी हज यात्री मेडिकल स्क्रीनिंग एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय से उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए हज नोडल मोहम्मद अमजद से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने दी है।

## सरकारी भूमि पर औद्योगिक अपशिष्ट फेंकने का आरोप, ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के करछना तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लवामन खुर्द (रतिका पूरा), थाना औद्योगिक क्षेत्र के ग्रामीणों ने गांव की सरकारी भूमि पर खुलेआम औद्योगिक अपशिष्ट डाले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी करछना को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दबंग प्रवृत्ति के कुछ लोग कथित रूप से काली राख, सड़े अंडे और केमिकल युक्त औद्योगिक कचरे को खुले स्थानों पर फेंक रहे हैं। इससे क्षेत्र में भीषण प्रदूषण फैल रहा है और दुर्गंध के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि जहरीले अपशिष्ट पदार्थों के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इन अपशिष्टों को खाने से पशुओं की मौत होने की भी बात सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार मना करने के बावजूद संबंधित लोग धमकी देकर कचरा डालने का कार्य लगातार जारी रखे हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थल का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर अविलंब रोक लगाई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनस्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा की जा सके। मामले को लेकर अब स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सभी की निगाहें टिकी हैं कि इस गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य से जुड़े मामले में कब और क्या कार्रवाई होती है।

## ऊंची दुकान फीका पकवान जैसा उत्तर प्रदेश का बजट-उज्जवल

**प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऊंची दुकान फीका पकवान जैसा उत्तर प्रदेश का बजट पेश किया गया जिसमें लम्बी लम्बी बातें कहीं गई लेकिन बेरोजगारी स्वास्थ्य शिक्षा पर कुछ नहीं किया गया यह प्रदेश की जनता के साथ छलावा हैं।
सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों को भी आभास हो गया कि अब वो लौट कर आने वाले नहीं है इसलिए ऐसा बजट पेश किया।

## जान की परवाह किए बिना नहर में लापता दो शव को ढूंढ निकाला



**कोरांव प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** कोरांव थाना में तैनात हेड कांस्टेबल अवधेश सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना नहर में कूदकर दो लोगों के शव को ढूंढ निकाला। 8 फरवरी को रात में एक कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनके शव को ढूंढने में अवधेश सिंह ने कड़ी मशक्कत की। उन्होंने अपने कंधे पर उठाकर 9 फरवरी को शवों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने उनकी इस जाबाजी की प्रशंसा की है और विभाग के उच्चाधिकारियों से उन्हें सम्मानित करने की मांग की है। दो कार थी जिनमें कुल दुर्घटना में 9 लोग सवार थे, जिनमें से 2 की मौत हो गई और बाकी बच गए।

## 18 फरवरी से 12 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं, कड़ी निगरानी में होगा आयोजन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं इस वर्ष 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक साथ संचालित होंगी। हाईस्कूल में कुल 27,50,945 तथा इंटरमीडिएट में 24,79,352 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षकों को डट कोड युक्त परिचय पत्र प्रदान किए जाएंगे। कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड 10 फरवरी को पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। जिला प्रशासन को 12 फरवरी तक परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के कड़े इंतजाम रहेंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य होगी, जिससे परीक्षा की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा, नकल रोकने और अनुशासन बनाए रखने के लिए उड़नदस्तों की सक्रियता भी बढ़ाई जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षाओं का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप शांतिपूर्ण और सुचारु ढंग से कराया जाएगा।

## सपा की नई कार्यकारिणी घोषितः पुष्कर यादव महासचिव, मो. फिरोज मीडिया प्रभारी बने

**कोरांव,प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी की विधानसभा 265 कोरांव इकाई के कार्यालय पर बुधवार, 11 फरवरी 2026 को विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशानिर्देशन में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए कई पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।बैठक में पुष्कर यादव को विधानसभा महासचिव (कोरांव), मो. फिरोज को मीडिया प्रभारी, संतलाल पाल को विधानसभा उपाध्यक्ष तथा बिंद को सचिव पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला सचिव रविंद्र जैसल एवं विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल ने सभी नव-चयनित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में जिला सचिव रविंद्र जैसल, विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल, कोरांव नगर अध्यक्ष मेहताब खान, यूथ ब्रिगेड सचिव नौशाद अंसारी, दिनेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष पवन सोनकर, विकास यादव, अश्वनी पटेल, अंबिका पाल सहित सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मनोनयन की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया।

# जिलाधिकारी का कलेक्ट्रेट में औचक निरीक्षण, लम्बित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को अपर जिलाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था और लम्बित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी पटलों पर संबंधित कार्मिकों का नाम, पदनाम और उनके कार्यों की सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पुराने लंबित मामलों की नियमित सुनवाई कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। एडीएम नागरिक आपूर्ति कोर्ट में प्रकाश व्यवस्था व फाइलों के रख-रखाव में कमी पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। वर्ष 2013 से लंबित सीलिंग प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा गया। उन्होंने रिकार्ड रूम के सुव्यवस्थित रख-रखाव, विडिंग प्रक्रिया तेज करने, नए रिकार्ड रूम निर्माण के प्रस्ताव पर कार्रवाई तथा सभी फाइलों को अलग-अलग श्रेणी में व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। आबकारी कार्यालय के निरीक्षण में जिला आबकारी अधिकारी को सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने पर रोक सुनिश्चित कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस से जुड़े अधिकारियों की सराहना करते हुए जनशिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग और फीडबैक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरकारी जमीन पर कब्जे से जुड़े मामलों में कब्जा हटाने की अंतिम रिपोर्ट के बाद ही निस्तारण करने को कहा।

## माह जनवरी-2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में प्रयागराज कमिश्नरेट अव्वल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल की माह जनवरी-2026 की रैंकिंग में पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनता की समस्याओं के त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की गई। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस उपायुक्त यमुनानगर (नोडल ऋ्टट्ट) एवं सहायक पुलिस आयुक्त/प्रभारी आईजीआरएस के कुशल पर्यवेक्षण में शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया गया। जनवरी माह में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया गया। विशेष बात यह रही कि पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के सभी 42 थानों ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से कमिश्नरेट पुलिस की कार्यप्रणाली, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित हुई है।

# धर्मेंद्र द्विवेदी अध्यक्ष, धनंजय सिंह दूसरी बार महामंत्री बने

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ की एक आवश्यक बैठक बुधवार को धूमनगंज स्थित सुधा वाटिका में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने की। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र द्विवेदी का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से स्वीकृति प्रदान की। महामंत्री पद पर धनंजय सिंह को लगातार दूसरी बार निर्वाचित किया गया, जबकि अतिन गुप्ता को भी महासंघ में महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए अखिलेश सिंह को चेयरमैन नियुक्त किया। राणा चावला, अन्नू भैया, ज्ञान चंद्र केसरवानी व सुरेश गुप्ता को संरक्षक बनाया गया। सोनू साहू को कोषाध्यक्ष तथा अतुल केसरवानी को प्रभारी नियुक्त किया गया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश गुप्ता, रामलोचन साहू व पप्पू केसरवानी को जिम्मेदारी दी गई। संगठन मंत्री राजीव कपूर, प्रवक्ता हिमांशु निक्की गुप्ता और सोशल मीडिया प्रभारी राजू सिंगरौर बनाए गए। बैठक के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई तथा व्यापारी हितों की रक्षा और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

## 6 माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई, गुंडा एक्ट में आरोपी निष्कासित

प्रयागराज। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। न्यायालय अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा दिनांक 11 फरवरी 2026 को एक आरोपी को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3(1) के तहत 6 माह की अवधि के लिए कमिश्नरेट प्रयागराज की सीमाओं से जिला बदर कर दिया गया। बता दे कि थाना मदरासपुर क्षेत्र निवासी मो0 इमरान पुत्र मो0 इमरार उर्फ बक्कर पर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने, लूटपाट तथा भय और आतंक का माहौल पैदा करने जैसे गंभीर आरोप हैं। आरोपी के आपराधिक कृत्यों से क्षेत्र में जनसामान्य में भय व्याप्त था और वह शांति व्यवस्था के लिए खतरा बना हुआ था। अभियोजन पक्ष को सुनने तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज ने आरोपी को 6 माह के लिए जिले की सीमाओं से बाहर निष्कासित करने का आदेश पारित किया। आदेश के तहत निर्धारित अवधि में आरोपी को कमिश्नरेट प्रयागराज की सीमा में प्रवेश करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे, ताकि आम जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# एआई आधारित क्रू बुकिंग पर दिया जोर

**महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने डीएफसी परिचालन नियंत्रण केंद्र का किया निरीक्षण**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह ने मंगलवार, 11 फरवरी 2026 को डीएफसीसीआईएल के परिचालन नियंत्रण केंद्र (ओसीसी), प्रयागराज का निरीक्षण किया। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद डीएफसीसीआईएल में यह उनका पहला निरीक्षण रहा। यह निरीक्षण उत्तर मध्य रेलवे एवं डीएफसीसीआईएल के बीच चुनारऽन्यू डगमगपुर, भीमसेनऽन्यू भीमसेन, एकदिलऽन्यू एकदिल, मखखनपुरऽन्यू मखखनपुर तथा टूंडलाऽन्यू टूंडला जैसे नए कनेक्शनों और भारतीय रेलवे की सभी मालगाड़ियों को ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) में स्थानांतरित करने के उद्देश्य से किया गया।

महाप्रबंधक ने नियंत्रण अधिकारियों के साथ परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा ओसीसी में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों की सराहना की। मशीन विजन इंस्पेक्शन सिस्टम एवं हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर के बेहतर परिणामों से वे प्रभावित दिखे। उन्होंने ईडीएफसी पर हो रहे कुशल ट्रेन संचालन की प्रशंसा करते हुए एआई आधारित क्रू बुकिंग लागू करने और एसेट विफलता को कम करने हेतु विभागों के बीच बेहतर समन्वय के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि माघ मेला के दौरान जनवरी माह में औसतन 455 मालगाड़ियों का संचालन किया गया। 29 जनवरी 2026 को न्यू पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से अप दिशा में अधिकतम 101 तथा 8 फरवरी 2026 को न्यू कानपुर से डाउन दिशा में 94 मालगाड़ियों का संचालन हुआ, जिसकी उन्होंने सराहना की। साथ ही लॉगर लूप की संख्या बढ़ाने, सिंगल लाइन कनेक्शन को डबल लाइन करने पर पुनर्विचार और रनिंग रूम सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान शरत चंद्रायन (प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे), अखिल शुक्ल (सचिव, महाप्रबंधक), ए.बी. सरन (मुख्य महाप्रबंधक, प्रयागराज), आशीष मिश्रा (महाप्रबंधक, सुरक्षा), मन्नू प्रकाश दुबे (महाप्रबंधक-संचालन एवं व्यवसाय विकास, ईडीएफसी), मनुज सारस्वत (उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, सिविल), प्रकाश चंद्रा (परियोजना प्रबंधक, एस एंड टी), राजनाथ (उप परियोजना प्रबंधक, विद्युत), ब्रजेश स्मिथ (उप परियोजना प्रबंधक-संचालन एवं व्यवसाय विकास) सहित अन्य डीएफसी अधिकारी उपस्थित रहे।

## योगी सरकार पर कांग्रेस का हमला, बजट को बताया निराशाजनक और दिशाहीन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बजट पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे निराशाजनक और दिशाहीन बताया है। नेता विधानमंडल दल कांग्रेस आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से ल्लसूखा और खालीङ्क है, जिसमें प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ भी नया नहीं है। आराधना मिश्रा मोना ने आरोप लगाया कि सरकार ने इतने बड़े बजट के बावजूद कोई ठोस नई योजना पेश नहीं की। उन्होंने कहा कि करीब 9 लाख 12 हजार करोड़ रुपये के बजट में नई योजनाओं के नाम पर महज 43 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कुल बजट का 5 प्रतिशत भी नहीं है। उनके मुताबिक यह बेहद निराशाजनक है और इससे सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पुरानी योजनाओं को ही दोहराया है और उन्हें ही उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। युवाओं के रोजगार, किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण तथा छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि वित्तीय घाटे को पूरा करने के लिए सरकार आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि यह सरकार का अंतिम बजट है और प्रदेश की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को सदन से सड़क तक उठाती रहेगी और प्रदेश के विकास के लिए वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करेगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल- वाणिज्य/उ०रे० |
|---|---|
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PnU-LKO-PRG-WRL-101-24-1 (Pay & Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-570-25-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-MFKA-OH-628-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-BTKD-OH-629-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-UTR-OH-628-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-DYD-OH-626-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-AME-MFC-139-25-1 (Misc-Static-Services -Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-RBL-MFC-138-25-1 (Misc-Static-Services -Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.02.2026 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-ON-OH-632-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-ON-OH-630-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-BSB-OSD-623-26-1 (Advertising on station (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/ LKO DIV/ Publicity/CPRO/2025/KKG Dt. 10.02.2026 459/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने माल ब्लाक का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जिलाधिकारी विशाख ने बुधवार को विकासखंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम ब्लॉक परिसर में बने वाटिका का निरीक्षण कर और भी हरा भरा करने की बात कही।उसके तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अभिलेख व्यवस्था और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने पीएम आवास, स्थापना एवं आवास पटल सहित अन्य चीजों का निरीक्षण किया। उन्होंने अलमारियां खुलवाकर फाइलों का अवलोकन किया और प्रत्येक फाइल की उचित इंडेक्सिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेजों के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के पारा भद्राही गांव का औसत वास्तविक रेंज(एटीआर)न अपलोड होने के चलते राम यश अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी(मनरेगा) व लेखा सहायक(मनरेगा)ब्रजेश कुमार पांडेय को फाइल न मिलने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।वहीं,समाज कल्याण अधिकारी को सामूहिक विवाह के लिए स्थान चयन कर शीघ्र ही सूचना प्रेषित करने का आदेश दिया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र वर्मा (आईएएस)पंचायत सहायक सुनील सिंह,अमित श्रीवास्तव, सचिव सतगुरु, सत्यप्रकाश, सहित अन्य प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

# बजट सर्वांगीण विकास का ब्लूप्रिंट : राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के तृतीय दिवस पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9,12,696.35 करोड़ का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बजट को राज्य के समग्र, समावेशी और सतत विकास का स्पष्ट रोडमैप बताते हुए इसे दूरदर्शी नेतृत्व और विकासोन्मुखी सोच का सशक्त प्रमाण बताया।

डॉ. सिंह ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का विवरण नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की व्यापक परिकल्पना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत यह लगातार दसवां बजट है, जो राज्य में नीतिगत स्थिरता, सुशासन और निरंतर विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट का कुल आकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक स्थिति और विकास की रफ्तार को प्रदर्शित करता है।

बजट में 43,565 करोड़ से अधिक की राशि नई योजनाओं के लिए प्रस्तावित की गई है। वहीं 2 लाख करोड़ से अधिक का आवंटन इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए किया गया है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना है। कुल बजट का 19.5 प्रतिशत पूंजीगत व्यय के लिए निर्धारित किया गया है, जो दीर्घकालिक परिसंपत्तियों के निर्माण और आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के लिए 12.4 प्रतिशत और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए 6 प्रतिशत बजट आवंटित किया गया है। कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं के लिए 9 प्रतिशत प्रावधान किया गया है, जिससे किसानों की आय वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह बजट युवा, किसान, महिला, गरीब और उद्यमियों सहित सभी वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम है।

उन्होंने बताया कि 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जो वर्ष 2030-31 तक लागू रहेगी। राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन और ऋण प्रबंधन के प्रति गंभीर है। वर्ष 2016-17 में 29.3 प्रतिशत ऋण-जीएसडीपी अनुपात की स्थिति से आगे बढ़ते हुए इसे वर्ष 2019ऽ20 तक घटाकर 27.9 प्रतिशत किया गया, जो सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन का प्रमाण है।

डॉ. सिंह ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर केंद्रित यह बजट उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता का ऐतिहासिक दस्तावेज सिद्ध होगा, जो राज्य के नवनिर्माण की मजबूत आधारशिला रखेगा।

## महिला ने की आत्महत्या

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात थाना थाना सुशांत गोल्फ सिटी के गांव सौनई आशा उर्फ़ राधा (35) पत्नी ने राधा को फाँसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव सौनई निवासी उमेश रावत की पत्नी आशा ने बीती रात घर के अंदर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार इस मामले में तहरीर प्राप्त होने पर अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## पालीथीन व गंदगी के विरुद्ध चला नगर निगम का सघन अभियान

**लखनऊ जानकीपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उच्च अधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन करते हुए जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में जोन-तीन के अन्तर्गत जानकीपुरम सेक्टर-जे एवं चाँदगंज क्रॉसिंग से एफ.आई. प्लाजा तक पॉलीथीन रोकथाम तथा गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध कुल 11 चालानों के माध्यम से ?8,100 रुपये की वसूली की गयी। पॉलीथीन पाए जाने पर कुल 06 चालानों के माध्यम से ?20,500 रुपये वसूल किये गये।इस प्रकार कुल 17 चालानों के माध्यम से ?28,600 रुपय की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा करायी गयी।अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, सुमित मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल अंकाक्षा गोस्वामी, प्रवर्तन दल-296 के कर्मियों तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

## विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए शिक्षा क्षेत्र को नई मजबूती : योगेंद्र उपाध्याय

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में शैक्षिक ढांचे को सुदृढ़ करने वाला दस्तावेज है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश 9,12,696.35 करोड़ रुपये के बजट में उच्च शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2026-27 में उच्च शिक्षा के लिए 6,591 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। यह राशि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। वहीं, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को उद्योगों के साथ जुड़कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। जबकि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छात्र मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति प्रारंभ की जा रही है, जिसके लिए 14.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## एआई-ड्रिवन हेल्थकेयर रिसर्च को बढ़ावा देने को लेकर एसजीपीजीआई और बेनेट यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हेल्थकेयर में एकेडमिक सहयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शोध को गति देने के उद्देश्य से संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ और बेनेट यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के बीच एक दिन पूर्व मंगलवार को एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आर. के. धीमन, निदेशक और प्रो. तपस बादल, डिप्टी डीन, बेनेट यूनिवर्सिटी के बीच औपचारिक रूप से आदान-प्रदान किया गया। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य एआई-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स के विकास और क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना है, जिससे मेडिकल साइंसेज में एकेडमिक एक्सचेंज, क्लिनिकल रिसर्च और टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रो. आर. के. धीमन ने कहा, ल्यह सहयोग नई तकनीकों, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, को अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्नत कम्प्यूटेशनल रिसर्च को मेडिकल विशेषज्ञता के साथ जोड़कर हम सटीक निदान और प्रभावी उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। समारोह में संस्थान के वरिष्ठ फैकल्टी एवं प्रशासक उपस्थित रहे, जिनमें प्रो. शालीन कुमार (डीन), प्रो. अर्चना गुप्ता (विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस), प्रो. अवधेश जायसवाल (हेड, न्यूरोसर्जरी), प्रो. अरुण श्रीवास्तव (चीफ, एपेक्स ट्रॉमा सेंटर), प्रो. मोहन गुर्जर (क्रिटिकल केयर मेडिसिन), प्रो. अतुल गर्ग (असिस्टेंट फैकल्टी इंचार्ज, रिसर्च), डॉ. अनिल सिंह और डॉ. सूर्यकांत शामिल थे। इस कोलेबोरेटिव रिसर्च पहल का नेतृत्व एसजीपीजीआई के न्यूरोसर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफ़ेसर डॉ. वेद प्रकाश मौर्य करेंगे।

# हादसे में 15 वर्षीय बालक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर हाईवे कट पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। दादी के जनाजे को सुपुर्द -ए-खाक में शामिल होकर दोस्त को उसके घर छोड़ने जा रहा 15 वर्षीय छात्र अबू शाद सड़क हादसे का शिकार हो गया। पीछे से आ रही पिकअप ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह कई मीटर दूर जा गिरा और पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं।भैंसामऊ निवासी अबू शाद की दादी हसीना का मंगलवार को इंतकाल हुआ था। बुधवार दोपहर दाह संस्कार के बाद वह अपने दोस्त मुस्तफा को घर छोड़ने निकला था। घरवालों से उसने हंसते हुए कहा था कि दोस्त के साथ समोसा खाने जा रहा है, किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी आखिरी विदाई होगी।हादसे में

### दादी को सुपुर्द -ए-खाक कर लौटा ही था, हाईवे ने छीन ली 15 वर्षीय अबू शाद की जिंदगी



मुस्तफा घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने तुरंत रामसागर मिश्र सौ शैया अस्पताल, बीकेटी पहुंचाया। उधर पिकअप और ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गए।परिजनों ने बताया कि अबू शाद एसआर ग्लोबल स्कूल, भैंसामऊ में कक्षा 8 का छात्र था। खबर मिलते ही मां ऊशमा बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचीं और बेटे का शव देख बेसुध हो गईं। आठ साल का छोटा भाई हमजा बार-बार पूछता रहा- भइया कब आएंगे?हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात ठप रहा। पूरे गांव में मातम पसरा है और हर आंख नम है।

# बजट से किसानों-मजदूरों में खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 9,12,696 करोड़ रुपये के बजट का बीकेटी क्षेत्र में स्वागत किया गया। ग्रामीण विकास के लिए करीब 25,500 करोड़ रुपये, कृषि एवं संबद्ध सेवाओं के लिए बजट का लगभग 9 प्रतिशत, तथा पीएम कुसुम योजना हेतु 1,500 करोड़ रुपये के प्रावधान को किसानों ने राहत भरा कदम बताया। सौर पंप के लिए भी विशेष धनराशि रखी गई है।

मनरेगा मजदूरों का कहना है कि ग्रामीण योजनाओं में बढ़े आवंटन से गांव में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पशुपालकों ने पशु स्वास्थ्य और डेयरी विकास योजनाओं को सकारात्मक बताया।स्थानीय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि यदि बजट की घोषणाएं समयबद्ध तरीके से लागू हुईं तो बीकेटी क्षेत्र में रोजगार, कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

प्रेमलाल किसान निवासी रामपुर देवरई बीकेटी ने कहा कि इस बार के बजट में कृषि और ग्रामीण विकास पर जो ध्यान दिया गया है, उससे हमें उम्मीद जगी है। सिंचाई और पशुपालन योजनाओं के लिए प्रावधान बढ़ना हमारे लिए राहत की बात है। सरकार गांव और किसान दोनों को साथ लेकर चल रही है।

सुरेश चंद्र मनरेगा मजदूर ने कहा कि मनरेगा के तहत समय से भुगतान होना हमारे लिए सबसे जरूरी है। सरकार की नई व्यवस्था से मजदूरी सीधे खाते में आ रही है, इससे पारदर्शिता भी बढ़ी है और भरोसा भी।

पुतान यादव ने कहा कि बजट में किसानों के हित को प्राथमिकता दी गई है। हमें भरोसा है कि योजनाओं का लाभ सीधे खेत तक पहुंचेगा। सरकार लगातार कृषि क्षेत्र को मजबूत करने का प्रयास कर रही है, यह सकारात्मक संकेत है।

हरिपाल सिंह ने कहा कि इस बार के बजट में कृषि और ग्रामीण विकास पर जो ध्यान दिया गया है, उससे हमें उम्मीद जगी है। सिंचाई और पशुपालन योजनाओं के लिए प्रावधान बढ़ना हमारे लिए राहत की बात है। सरकार गांव और किसान दोनों को साथ लेकर चल रही है।

# सैकड़ों कार्ड निरस्त, कार्डधारकों का हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में इस माह राशन वितरण शुरू होते ही कई कार्डधारकों को बड़ा झटका लगा। राशन लेने कोटेदार की दुकानों पर पहुंचे अनेक लोगों को बताया गया कि उनका राशन कार्ड निरस्त (कैंसिल) कर दिया गया है। यह सूचना मिलते ही दर्जनों कार्डधारक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (चौक) के कार्यालय पहुंच गए और विरोध दर्ज कराया। कार्डधारक मोहम्मद जावेद ने बताया कि उनका राशन नियमित रूप से मिल रहा था, लेकिन अचानक बंद कर दिया गया। पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि उनका कार्ड निरस्त कर दिया गया है। उनका कहना है कि लगभग छह माह पूर्व कार्यालय से सत्यापन के लिए फोन आया था, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या उनके पास चार पहिया वाहन है या वे आयकर दाता हैं। उन्होंने दोनों बातों से इनकार किया, इसके बावजूद उनका कार्ड निरस्त कर दिया गया।

एक महिला कार्डधारक ने भी इसी तरह की शिकायत की। उनका कहना है कि सत्यापन के दौरान उन्होंने स्पष्ट बताया था कि वे न तो आयकर दाता हैं और न ही उनके पास कोई चार पहिया वाहन है, फिर भी उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। हुसैनाबाद निवासी मोहम्मद नियाज और सआदतगंज निवासी मोहम्मद अजीज ने भी ऐसी ही शिकायत की। मोहम्मद अजीज का कहना है कि उनके पास साइकिल तक नहीं है, फिर भी उनका कार्ड सूची से हटा दिया गया।

इस संबंध में जब क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (चौक) से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं है और संबंधित खाद्य निरीक्षक से जानकारी ली जाए। वहीं खाद्य निरीक्षक (चौक) ने बताया कि केवल अपात्र पाए गए कार्डधारकों के राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। उनके अनुसार जिनके पास चार पहिया वाहन है, जो आयकर दाता हैं या जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक है, उन्हीं के कार्ड निरस्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग से प्राप्त सूची के आधार पर कार्रवाई की गई है। यह प्रक्रिया पिछले छहऽसात महीनों से चल रही है। पात्र कार्डधारकों को हलफनामा देने का अवसर भी दिया गया था, और जिन लोगों ने समय पर हलफनामा जमा किया, उनके कार्ड निरस्त नहीं किए गए। फिलहाल कई कार्ड धारक स्वयं को पात्र बताते हुए अपने कार्ड बहाल करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

# स्वच्छता की पोल खोलता गढ़ी पीर खाँ मोहल्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के वार्ड गढ़ी पीर खाँ का गढ़ी पीर खाँ मोहल्ला इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बना हुआ है। यहां नालियां कूड़े से इस कदर पट चुकी हैं कि गंदगी बाहर सड़क पर बह रही है। हालत यह है कि नालियों से निकला सड़ा-गला कचरा सड़कों पर ढेर बनाकर पड़ा है स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले पांच दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि डॉक्टर मक़्सूद के क्लीनिक के पास नाली से निकली गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां रोजाना मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में संक्रमण और बीमारियों के फैलने का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदबू इतनी तेज है कि आसपास खड़ा होना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्रीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद क्षेत्रीय सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। सफाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

सवाल यह भी उठ रहा है कि जब नालियों की नियमित सफाई के लिए बजट पास होता है तो आखिर जमीनी हकीकत इतनी बदतर क्यों है? लोगों का कहना है कि जिस जनप्रतिनिधि को उन्होंने वोट देकर सभासद बनाया, उसकी जिम्मेदारी वार्ड को स्वच्छ और व्यवस्थित रखना है। लेकिन यहां तो हालात यह हैं कि जिम्मेदारों की अनदेखी ने पूरे मोहल्ले को गंदगी के हवाले कर दिया है। ऐसे में सवाल ये उठता है क्या चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है? गढ़ी पीर खाँ मोहल्ले की यह तस्वीर नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यह गंदगी किसी बड़ी बीमारी को न्योता दे सकती है।

# गूंजे 'जय बजरंगबली' के जयकारे, भव्य मूर्ति स्थापना व विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के छतौनी गांव में बुधवार को हनुमान जी की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर से सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरे गांव में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन गांव के पूर्व प्रधान दिलीप रावत के नेतृत्व में किया गया। मूर्ति स्थापना से पहले हवन-यज्ञ, पूजा-अर्चना और विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की मूर्ति को लेकर बछरावां स्थित चुरूआ मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के उपरांत गांव में डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ भव्य प्रभात फ़ेरी निकाली गई। प्रभात फ़ेरी के दौरान श्रद्धालु जय श्री राम और जय बजरंगबली के उद्घोष करते रहे, जिससे पूरा छतौनी गांव राममय हो उठा। इसके बाद आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति की विधिवत स्थापना कराई गई। स्थापना के पश्चात गांव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान भानू शंकर ने भी पूजा-पाठ कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एस. मिश्रा उर्फ ज्ञानी मिश्रा भी कार्यक्रम में पहुंचे। साथ ही व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल, ग्राम प्रधान अशोक रावत, कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भी आयोजन में उपस्थित रहे।

# विद्युत पेंशनर्स ने समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंध निदेशक मध्यांचल से की बैठक

लखनऊ विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश की तरफ से परिषद के अध्यक्ष भारत भूषण गोयल एवं प्रमुख महासचिव कप्तान सिंह आज प्रबंध निदेशक मध्यांचल सुश्री रिया केजरीवाल से मिल कर पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद के पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति, चिकित्सा भत्ता एवं अन्य पेंशनरों की समस्याओ के निस्तारण हेतु पूर्व पेंशन खंड विद्युत नगरीय निर्माण खंड तृतीय एवं विद्युत नगरीय वितरण खंड रहीमनगर लेसा का कार्यभार लेसा मध्य क्षेत्र एवं लेसा जानकीपुरम के अधिशाषी अभियंता पी आर एवं अधिशासी अभियंता हेल्प डेस्क को सौंपने की मांग किया। परिषद ने विभागीय संयोजन की आज बिलिंग न होने, एल एम वी 10के लेजराइजेशन , गलत बिल के संशोधन करने का सवाल उठाया। प्रबंध निदेशक ने उपरोक्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# निरीक्षण के बाद भी नहीं थमा 'घटिया' निर्माण, जांच आदेश हवा में!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। नगर पंचायत बख्शी का तालाब के वार्ड नंबरऽ8 तरहिया में निर्माणाधीन सीसी नाला अब सिर्फ गुणवत्ता का नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का बड़ा सवाल बन गया है। निर्माण कार्य के दौरान ही नाले का कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होना पहले ही चर्चा में था, लेकिन अब मामला इसलिए गंभीर हो गया है क्योंकि विधायक के निरीक्षण और जांच आदेश के बावजूद कार्य लगातार जारी है।

कुछ दिन पूर्व स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने घटिया निर्माण पर नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए जांच के निर्देश दिए थे।लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो किसी स्वतंत्र तकनीकी जांच की

### विधायक की फटकार के बावजूद जारी कार्य, भाजपा नेता ने उठाए भ्रष्टाचार पर सवाल



पुष्टि हुई है और न ही कार्य रोका गया है। उल्टा निर्माण कार्य लगातार जारी है, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या जांच आदेश सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए? इसी बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप यादव द्वारा विधायक को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार की जांच की मांग ने मामले को और राजनीतिक बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और सरकारी धन की बर्बादी हो रही है।नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की भूमिका भी अब सवालों के घेरे में है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो बरसात में जलभराव और गंदगी की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।राजनीतिक जानकार इसे जांच आदेश बनाम जमीनी हकीकत का मामला बता रहे हैं। अब देखना यह है कि विधायक के निर्देशों पर प्रशासन ठोस कार्रवाई करता है या यह मुद्दा भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# मुख्य मार्ग बना दलदल, गुजरने को मजबूर ग्रामीण व स्कूली बच्चे

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नैमिषारण्य सीतापुर । विकास खंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत ततरोई में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि गाँव का मुख्य मार्ग पिछले एक साल से पूरी तरह ध्वस्त होकर दलदल में तब्दील हो चुका है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है।अनिल और अरविंद ने बताया कि केशन लाल के मकान से लेकर अनिल पाल के मकान तक का रास्ता पूरी तरह कीचड़ और गंदगी से पटा हुआ है। यहाँ नालियों का पानी जमा होने से कीड़े बिलबिला रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जो गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मजबूरन छात्रों को दूसरे लंबे रास्तों से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। अब हम लोग समस्या निस्तारण की गुहार जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर से लगाएंगे जब इस मामले में बीडीओ अनिल कुमार से बात की गई, तो उन्होंने हमेशा की तरह एक स्वर में कहा कि मामला संज्ञान में है और इसे जल्द दिखवाते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक अपनी नींद से जागता है या ग्रामीणों को इसी नारकीय स्थिति में रहना पड़ेगा।

# ढोल-नगाड़ों व पुष्प वर्षा के साथ हुई पुलिस उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव की विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। शेख सराय चौकी, खैराबाद में तैनात उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव का स्थानांतरण सीतापुर जिला अस्पताल चौकी में होने पर बुधवार को उनका विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में चौकी परिसर का माहौल उत्सव जैसा रहा। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वक्ताओं ने कहा कि उपनिरीक्षक यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना से कार्य किया। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका सराहनीय रही।

समारोह में गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, राकेश चंद्र गुप्ता, आलोक बाजपेई, संदीप मिश्रा, संदीप गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

# केयर टेकर्स को नहीं दिए जा रहा भुगतान तो कहीं बगैर अनुबंध व काम के निकल रहा पैसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर) । सामुदायिक शौचालयों के रख रखाव के लिए तैनात किए गए स्वयं सहायता समूह की महिला केयर टेकर्स के भुगतान में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। क्षेत्र की करीब दर्जन भर ग्रामपंचायतों में खुलने वाले शौचालयों की केयर टेकर्स का भुगतान ही नहीं किया गया है जिससे स्वयं सहायता समूह की गरीब ग्रामीण महिलाओं की माली हालत और ख़राब हो गई है तो जानकारों की मानें तो कई ग्रामसभाओं में अनुबंध समाप्त हो जाने के बावजूद भी समूह के खाते में ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों की मिलीभगत से रकम भेज फिर गई है जिसे निकासी कर बी एम एम, प्रधान, सचिव ने बड़ी रकम वसूल ली है कई ग्राम पंचायतों में तो और भी गंभीर मामले उजागर हुए हैं जहां केयर टेकर्स का कार्य पुरुष कर रहे हैं तो कहीं मजदूरों के जरिए काम करवाया जा रहा है जिसके कार्य का मेहनताना समूह के खाते पर न भेजकर व्यक्तिगत खातों पर भेज दिए गया है। सहायक विकास अधिकारी के चलते ग्राम पंचायतों में साफ सफाई व्यवस्था पूर्णतः धराशायी हो चुकी है ग्राम पंचायत रसूलपुर, बेलवा, देवरिया, किरतापुर, सांडा,काजीपुर, पखनियापुर, टेड़वा कला, कोंसर, कम्हरिया महरिया, ओड़ा झार, लष्करपुर, बरछता, रउवापुर नेवादा, ताजपुर सलौली, मुर्थना, झऊवाकला, नसीरपुर,सकरन में गन्दगी के अम्बार व सफाईकर्मियों की कर्त्तव्यनिष्ठा चिल्ला-चिल्लाकर गवाही दे रहे हैं जहां ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ तैनात सफाईकर्मी ग्रामप्रधानों के पेरोल पर ग्रामप्रधान एक निश्चित रकम लेकर हस्ताक्षर कर देते हैं इसी तरीके से बंद पड़े सामुदायिक शौचालय केयर टेकर्स के भुगतान में भी बड़ी वसूली कर सरकारी धन को पालीता लगाने का कार्य किया जाता है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ सफाईकर्मियों ने बताया कि जब से सफाईकर्मी अध्यक्ष रामू का निर्वाचन हुआ है तब से उनके गुट के लोग झाड़ू न लगाकर सिर्फ नेतागिरी करते हैं पर दूसरे गुट के लोगों से अवैध वसूली सहित सफाई उपकरण बगैर रकम दिए नहीं दिए जाते हैं इसी तरीके से केयर टेकर्स के मामले में बड़ी धनुगाही कर फर्जी भुगतान बगैर अनुबंध के जारी है।

इस मामले में जब एडीओ पंचायत प्रेमप्रकाश चौधरी से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। आखिर बगैर अनुबंध केयर टेकर्स के भुगतान मामले व व्यक्तिगत खातों पर भुगतान भेजने एवं सफाई कार्य करवाए बगैर सफाईकर्मियों की सैलरी क्यों व किसकी सह पर निकल रही?

# निघासन में आबकारी टीम की छापेमारी, 65 लीटर अवैध शराब बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन-खीरी। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने निघासन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 65 लीटर अवैध शराब बरामद की है। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में निघासन आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव चखरा और पुरैना में सघन अभियान चलाया। टीम ने संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब निर्माण और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान मौके से करीब 65 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई।

इसके अलावा टीम ने लगभग 250 किलोग्राम लहन (शराब बनाने के लिए तैयार किया गया कच्चा मिश्रण) भी मौके पर पाया, जिसे नष्ट कर दिया गया। शराब बनाने में प्रयुक्त ड्रम, बर्तन और अन्य उपकरणों को भी तोड़कर नष्ट किया गया ताकि दोबारा अवैध निर्माण न हो सके। इस कार्रवाई के संबंध में दो अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। संबंधित आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब का निर्माण या बिक्री होती दिखे तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में दहशत का माहौल है।

# राजापुर-नहर पटरी सड़क निर्माण रुका गुणवत्ता पर सख्त हुए सीडीओ अभिषेक कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी - जनपद में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन ने कड़ा संदेश दिया है। राजापुर से नहर पटरी फोरलेन सड़क निर्माण में मिल रही अनियमितताओं और घटिया निर्माण सामग्री की शिकायतों पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया और मौके पर ही बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। सीडीओ अचानक निर्माण स्थल पर पहुंचे और बिना किसी औपचारिकता के सीधे निर्माण की गुणवत्ता की जांच शुरू कर दी। सड़क की परत को जेसीबी से खुदवाकर निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की स्थिति देखी गई। मौके पर ही निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र कर उन्हें विधिवत सील किया गया और प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक लैब से गुणवत्ता की पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। सीडीओ ने कहा कि केवल कागजी खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। निर्माण खंड-1 के अधिशासी अभियंता केके झा को निर्देशित किया गया कि यदि जांच में मानकों से किसी प्रकार का विचलन पाया जाता है तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाए। आर्थिक दंड (पेनल्टी) लगाने की प्रक्रिया भी तय मानते हुए शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने दो टूक कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाले विकास कार्यों में लापरवाही अस्वीकार्य है। सड़कें टिकाऊ, सुरक्षित और निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। गुणवत्ता से समझौता करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, तकनीकी परीक्षण और समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

सीडीओ की इस सख्त कार्रवाई से विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप की स्थिति रही।

# केंद्रीय बजट देश की आर्थिक दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज : प्रो. आशीष वाजपेयी

**प्रबंधन शास्त्र संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में केंद्रीय बजट पर चर्चा**

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रबंधन शास्त्र संस्थान (आईएम-बीएचयू) में बुधवार को 'व्यावहारिक केंद्रीय बजट' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों और आमंत्रित विशेषज्ञों ने केंद्रीय बजट की प्रमुख घोषणाओं, नीतिगत प्रावधानों तथा उनके अर्थव्यवस्था, उद्योग और आम नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो. आशीष वाजपेयी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बजट को देश की आर्थिक दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए छात्रों को इसकी गहन समझ विकसित करने पर बल दिया। संकाय के डीन प्रो. सुजीत कुमार दुबे ने अपने संदेश में बजट की व्यावहारिक उपयोगिता और प्रबंधन शिक्षा से उसके संबंध को रेखांकित किया। इसके पश्चात छात्र प्रतिनिधियों ने आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें बजट घोषणाओं की पृष्ठभूमि और देश की व्यापक आर्थिक स्थिति का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने आगे की चर्चा के लिए ठोस आधार तैयार किया। पैनल चर्चा में सीए जमुना शुक्ला, उद्योगपति चिराग माहेश्वरी और महिला महाविद्यालय, बीएचयू के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. भानु प्रताप सिंह ने विशेषज्ञ दृष्टिकोण साझा किए।वक्ताओं ने कर सुधार, क्षेत्रीय आवंटन, राजकोषीय नीतियों, विकास दर के अनुमानों और निवेश संभावनाओं जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र को संवादात्मक बनाते हुए छात्रों को विशेषज्ञों से सीधे प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया। बजट विषयक ज्ञानवर्धक चर्चाओं के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में बजट प्रश्नोत्तरी के विजेताओं की घोषणा कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। आयोजकों ने इसे वित्त और अर्थशास्त्र के प्रति विद्यार्थियों में अकादमिक जिज्ञासा बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## कंदुनी क्रिकेट स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

बिसवां, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेडिको खेतान लिमिटेड, बिसवां (सीतापुर) इकाई द्वारा आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एट्टट) पहल के अंतर्गत कंदुनी क्रिकेट स्टेडियम में खेलकूद एवं मनोरंजन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ल्दौड़ेंगे हम दुनिया देखेगी दमङ्क रही, जिसने बच्चों में उत्साह, ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंपनी की सीएसआर प्रमुख श्रीमती अनीता चौहान ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री शरद चौधरी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही प्लांट हेड श्री अंशु श्रीवास्तव, फाइनेंस हेड श्री अनिल कुमार जैन , एचआर हेड श्री अजय गोस्वामी, इंजीनियरिंग हेड श्री उपेंद्र नाथ पांडेय, बॉटलिंग प्रोडक्शन हेड श्री भूपेंद्र सिंह तोमर, प्रोसेस हेड श्री धर्मेंद्र कुमार यादव एवं कमर्शियल हेड श्री दीपक सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्री अजय गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय कंदुनी, जगदीशपुर, कौरासा तथा उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कंदुनी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न रोचक एवं सहभागितापूर्ण खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के अभिभावक एवं संबंधित विद्यालयों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम में और अधिक गरिमा एवं प्रेरणा का वातावरण बना।
प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कंपनी द्वारा बच्चों को साइकिल, एजुकेशन किट सहित अन्य उपयोगी उपहार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त कर सभी विजेता प्रतिभागी अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दिए। उनके चेहरे की खुशी और आत्मविश्वास कार्यक्रम की सफलता का प्रतीक रहा।
कार्यक्रम के दौरान एवं समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को एनर्जी ड्रिंक एवं पौष्टिक नाश्ता वितरित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि रेडिको खेतान लिमिटेड के कर्मचारियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। खेल का संचालन, अनुशासन व्यवस्था एवं कार्यक्रम का सफल समापन प्लांट सीएसआर इंचार्ज श्री विशाल शर्मा एवं उनकी संपूर्ण सीएसआर टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अपने संबोधन में श्रीमती अनीता चौहान ने कहा कि कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बाल विकास के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि श्री शरद चौधरी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रयास एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्लांट हेड श्री अंशु श्रीवास्तव ने बच्चों को खेल एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खेल भावना, आत्मविश्वास एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## भारत -अमेरिका कृषि समझौते के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में आज संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने भारतऽअमेरिका प्रस्तावित कृषि समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त एसडीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इससे पहले लालबाग चौराहे पर समझौते की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया गया।
किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि प्रस्तावित समझौता भारतीय कृषि व्यवस्था, किसानों की आजीविका और देश की खाद्य संप्रभुता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की कृषि छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिका की कृषि व्यवस्था बहुराष्ट्रीय कंपनियों, भारी सब्सिडी और औद्योगिक उत्पादन प्रणाली पर निर्भर है।
सिख संगठन के जिला अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि इस समझौते से बीज, उर्वरक और कृषि तकनीक के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का वर्चस्व बढ़ सकता है तथा देश की खाद्य सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर संकट उत्पन्न हो सकता है। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव अमनदीप सिंह ने मांग की कि समझौते की सभी शर्तें सार्वजनिक की जाएं, किसानों के हित सुरक्षित होने तक इसे रोका जाए और एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए।
ज्ञापन सौंपने वालों में अजमेर सिंह, निर्मल सिंह, गुरविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, द्रोपदी, गुरमुख सिंह, दयाराम, महावीर, शैलेश, तेजपाल, सुरेंद्र कुमार, राम कुमार, सत्येंद्र सिंह, सुखराम सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# औचक निरीक्षण में डीएम का एक्शन मोड, योजनाओं और स्टाफ की गहन पड़ताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जनपद में प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को विकास खंड नकहा का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक पहुंचने से ब्लॉक परिसर में हड़कंप की स्थिति रही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, योजनाओं की प्रगति और जनसेवा से जुड़ी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की।

डीएम ने सर्वप्रथम पीएम आवास, स्थापना एवं आवास पटल का निरीक्षण किया। उन्होंने अलमारियां खुलवाकर फाइलों और अभिलेखों का अवलोकन किया तथा प्रत्येक फाइल की प्रॉपर इंडेक्सिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दस्तावेज प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका भी जांची गई और समयबद्ध उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने कार्यालय परिसर के शौचालयों और आधार सेवा काउंटर की क्रियाशीलता का भी जायजा लिया। इस दौरान गोढ़ी मजरा के नन्हें अर्नित (3 वर्ष) और विधि (5 वर्ष) का आधार नामांकन किया जाता पाया गया। अभिभावकों से पूछताछ करने पर यह स्पष्ट हुआ कि किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया। जिन आधार सेवाओं पर निर्धारित शुल्क लागू है, उसका डिस्प्ले भी मौके पर प्रदर्शित मिला। डीएम ने पारदर्शिता बनाए रखने और निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसआईआर फीडिंग काउंटर पर ऑपरेटर दिव्यांशु को कार्य करते हुए पाया गया। डीएम ने नोटिस एवं संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की और मौके पर की जा रही फीडिंग की प्रक्रिया का अवलोकन किया। अर्चना नामक प्रकरण की नोटिस फीडिंग और उससे संबंधित अभिलेखों की भी जांच की गई। नोटिस के दौरान दर्ज की गई उपस्थिति की फीडिंग भी परखी गई, ताकि कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। इसके बाद डीएम एनआरएलएम कक्ष पहुंचीं, जहां स्वयं सहायता समूहों, रिवाल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि (एत्रक्क) की स्थिति की जानकारी ली। समूहों की संख्या, उनकी सक्रियता और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि समूहों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के उपांत बीडीओ कक्ष में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख क्षेत्र पंचायत पवन गुप्ता, बीडीओ संगीता यादव सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्थापना, बजट, स्टोर, स्टाफ की स्थिति, पीएम एवं सीएम आवास योजनाओं की प्रगति तथा कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने पीडी डीआरडीए को निर्देशित किया कि विकास खंडों में तैनात जिन कार्मिकों की डीपीसी लंबित है या अन्य देयक लंबित हैं, उन्हें नियमानुसार शीघ्र निस्तारित किया जाए। बैठक के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ ग्राम पंचायतों ने विकास के लिए उपलब्ध धनराशि का उपयोग नहीं किया है। इस पर डीएम ने बीडीओ को निर्देशित किया कि ऐसी दस ग्राम पंचायतों को तत्काल नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की पूर्णता और पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम के इस औचक निरीक्षण को प्रशासनिक सख्ती और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जनसुनवाई पोर्टल पर समस्याओं के निस्तारण में पुलिस अव्वल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस में जिले की पुलिस ने जनवरी में प्रदेश के सभी जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शासन की ओर से किए गए मूल्यांकन में कुल आठ पैरामीटर पर रैंकिंग जारी की गई है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थनापत्रों को त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के परिप्रेक्ष्य में शासन की ओर से किए गए मूल्यांकन में जिले को प्रथम स्थान मिला है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के बताया कि 22 थानों में से 20 थानों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनवरी में कोई भी संदर्भ डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया। इस कारण अधिकतम 20 में से 20 अंक प्राप्त हुए। संतुष्ट फीडबैक के आधार पर अधिकतम 30 अंक में से 30 अंक प्राप्त हुए। एसएसपी ने नोडल अधिकारी एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी व प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक अशोक कुमार कंम्बोज एवं आईजीआरएस यूनिट की प्रशंसा कर नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

सम्भल । जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 11.2.2026 को शहीद गिरीश चंद कंपोजिट विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल कैथल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार, महिला खिलाड़ी पूर्वी, संतराम, ब्रजेश व रितेश ने छात्राओं को फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, नेक अटैक, हेड अटैक व मिडिल पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राओं द्वारा मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग करने से उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं तथा अब वह स्वयं खुद की सुरक्षा करने में सक्षम हैं जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके ।

# विकसित भारत का आधार जन-जन तक सरकारी अधिकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, कांठ रोड, मुरादाबाद में किया गया। यह कार्यक्रम माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सय्यद मौज़ बिन आसिम के कुशल दिशा-निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के विद्यार्थियों को पैरा लीगल वालंटियर श्रीमती नीतू सक्सेना द्वारा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों जैसे समानता का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार तथा पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु संचालित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन 15100 शामिल हैं।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि निराश्रित महिलाएं एवं वे पुरुष जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से विवादों के सरल, सुलभ एवं त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

पैरा लीगल वालंटियर श्री सरवर जमाली द्वारा विधिक सेवा शिविर, मेडिएशन 2.0 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में पंपलेट का वितरण भी किया गया, जिससे आमजन तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सके।

इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को अनावश्यक लिंक पर क्लिक न करने, अनजान व्यक्तियों की कॉल से सतर्क रहने, डिजिटल अरेस्ट जैसे धोखाधड़ी के तरीकों से बचने एवं एआई आधारित ठगी के प्रति सावधान रहने की सलाह दी गई। किसी भी प्रकार की आर्थिक हानि होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने या नजदीकी थाने में स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं अन्य पी0एल0वी0 गण उपस्थित रहे।

## पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर कृषकों को मिलेगा गन्ना बीज

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बसन्तकालीन गन्ना बुआई का समय सन्निकट है। वर्तमान में जनपद में उपलब्ध पेराई योग्य गन्ना की खरीद जनपद की चीनी मिल के अलावा जनपद की बाहरी चीनी मिलों द्वारा किया जा रहा है। बसन्तकालीन गन्ना बुआई हेतु कृषकों के द्वारा स्वीकृत एवं नई प्रजातियों के गन्ना बीज की मांग की जा रही है, जनपद में विभाग के पास इतना बीज उपलब्ध नहीं है कि सभी बुवाई करने वाले कृषकों को बीज की पूर्ति की जा सके, ऐसी दशा में कृषक जितनी बुवाई करने जा रहे हैं उतने क्षेत्र हेतु स्वंय का बीज रोकते हुए चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करें। उन्होंने बताया कि शोध केन्द्रों से जनपद को को.शा. 13231, यू.पी, 14234, को.शा. 17231, को. शा. 13235, को., 15023 प्रजातियों का 830 कुन्तल बीज आवंटित किया गया है, जिसका वितरण कृषि विभाग के द्वप्ध्‌ः//फ्ध्थद्न्द्धदफ्ह्यप्फ्न्द्ध.दधद्व पर कृषकों के पंजीकरण होने पर पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा। वर्तमान में विभाग के पास आधार व प्राथमिक पौधशालाओं में विभिन्न प्रजातियों का चीनी मिल बदायूँ के क्षेत्र में 52500 कुन्तल तथा चीनी मिल बिसौली के क्षेत्र में 80500 कुन्तल अनुमानित बीज उपलब्ध है। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि गन्ना बीज हेतु इच्छुक कृषक ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बदायूँ से मो.न.-7081202506 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु अधिकारियों की तैनाती

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी 2026 को मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप उपवास, पूजा-अर्चना तथा शोभायात्राओं का आयोजन किया जाता है। गंगा जल लाकर शिव मंदिरों में चढ़ाया जाता है, जिससे शहरी एवं ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में भारी भीड़ की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के दृष्टिगत जनपद बदायूं में विभिन्न शिवालयों एवं घाटों पर उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए शासनादेशानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## एकात्म मानववाद से समाज का समग्र विकास संभव : डॉ. राम माधव

कानपुर । वर्तमान समय में पूंजीवादी व्यवस्था भी कई देशों में असंतुलन और असमानता को जन्म दे रही है। ऐसे में एकात्म मानववाद का सिद्धांत समाज के संतुलित और समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। युवा पं.दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को समझें और देश की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भारत की संस्कृति स्वयं प्रकाशित होने के साथ-साथ दूसरों को भी आलोकित करने की क्षमता रखती है।

यह बातें बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव ने कही।

# प्रधानमंत्री मोदी ने अंत्योदय के सिद्धांतो को शासन का मूलमंत्र बनाया : राजीव कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बदायूँ स्थित राजमहल गार्डन में भाजपा एवं जनसंघ के प्रमुख विचारक, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 'समर्पण दिवस' के रूप में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा तीन सत्रों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, दर्शन एवं अंत्योदय के संकल्प पर मुख्य अतिथि पूर्व डीसीबी चैयरमैन भूपेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने अपने विचार साझा किए।

''संगठन मूल्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंत्योदय की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर'' जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाएँ उसी सोच को आगे बढ़ा रही हैं। गरीब, किसान, श्रमिक, महिला और युवा वर्ग के लिए किए जा रहे कार्य अंत्योदय की भावना को सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासङ्क इसी विचारधारा का विस्तार है। ''संगठनात्मक विस्तार पर'' पूर्व डीसीबी चैयरमैन भूपेंद्र सिंह ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में, संगठन को केवल चुनावी मंच नहीं बल्कि सेवा और विचार का माध्यम मानते थे। उन्होंने अनुशासन, समर्पण, ईमानदारी और सेवा भाव को संगठन की असली ताकत बताया। उन्होंने कहा आज भारतीय जनता पार्टी उसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है और संगठनात्मक विस्तार के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक जुड़ाव बना रही है। कार्यकर्ताओं से संगठन के मूल्यों को अपनाकर सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। ''एकात्म मानववाद और सादगीपूर्ण जीवन विषय पर'' जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिया गया एकात्म मानववाद भारत की अपनी सोच है, जिसमें व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र सबको एक साथ देखा जाता है। आगे कहा पंडित दीनदयाल का जीवन बहुत सादा था, लेकिन उनके विचार बहुत ऊँचे थे। उन्होंने कभी पद या प्रसिद्धि की चिंता नहीं की, बल्कि हमेशा समाज और राष्ट्र के हित में काम किया। आज के समय में पंडित दीनदयाल के विचार युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शन का काम करते हैं। मंच का संचालन जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, रविन्द्र पाल सिंह, शैलेश पाठक, रेखा देवी, दिनेश कुमार सिंह, वेदप्रकाश राठौर, धीरज सक्सेना, अनेक पाल सिंह, के सी शाक्य, ओम कृष्ण सागर, मनोज मसीह, बीएस मौर्य, गिरीशपाल सिंह सिसौदिया, अजय तोमर, मुनीश अग्रवाल, मोनिका गंगवार, रजनी मिश्रा, नितेश वार्ष्णेय, उदयवीर सिंह, आशीष शाक्य, मोनिका गंगवार, धीरज पटेल, केशव चौहान, उदयवीर दिवाकर, डॉ. संजीव सक्सेना, डॉ. अंकुर गुप्ता, धर्मेन्द्र गौड़, सुरेन्द्र प्रकाश शर्मा, धीरज राज शर्मा, जितेन्द्र साहू, अजय मथुरिया, गोपाल शर्मा, सहदेव सागर, शेखर साहू, श्रीकृष्ण पाठक, शिवम्‌ शंखधार, रचित साहू, अमित गुप्ता, पीयूष माहेश्वरी, वीरपाल यादव, ललतेश ठाकुर, राघव सिंह, रामचरण पाल, अवनीश शाक्य, सुरजीव गुप्ता, महेश शर्मा, जोगेंद्र सिंह पटेल, मुनीश अग्रवाल, मनोज गुप्ता बिट्टन, रचना शंखधार, गुलशन सिंह, नीतू मिश्रा, एजाज खान, अचल शर्मा, अनुभव उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज पी.एम.श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय आटा, वि.क्षे.-बनियाखेडा, जनपद -संभल,उप्र में डॉ. शेखर वार्ष्णेय (ख्रउउट्ट, ख्रट्ट) सम्राट हॉस्पिटल द्वारा हर माह आयोजित होने वाला स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया गया । विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बदलते मौसम से होने वाले रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को इन बीमारियों से बचने के बारे में बताया गया एवं उन सबकी जांच की गई जैसे बुखार, जुखाम, आंखें का दर्द,पेट दर्द आदि । आज कैंप मे ज्यादातार बच्चे बुखार, पेट दर्द, सर दर्द एवं सर्दी से ग्रसित पाए गए ॰ बच्चों को इन रोगों से सम्बंधित, दवाईया भी निशुल्क दी गई । आज का कैंप काफ़ी अच्छा रहा । बच्चों ने सुविख्यात समाजसेवी डॉक्टर शेखर जी को देखते ही तालियां बजानी शुरू कर दीं व उनका उत्साह से स्वागत किया गया । विभिन्न प्रकार की दवाइयां डॉक्टर शेखर जी द्वारा बच्चों को निशुल्क वितरित की गईं । अंत में डॉक्टर शेखर वार्ष्णेय द्वारा विद्यालय की उपस्थित सभी बच्चों को स्नेक्स वितरित किया गया। कैम्प के अन्तर्गत समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## मजिस्ट्रेटों की निगरानी में होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में यूपी बोर्ड की मुख्य परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस वर्ष जिले में कुल 98 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। परीक्षा को पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जाएगी। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यूपी बोर्ड की मुख्य परीक्षा मजिस्ट्रेटों की निगरानी में कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित मजिस्ट्रेटों की सूची तैयार कर ली गई है। जिन्हें परीक्षा अवधि के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। डीआईओएस लालजी यादव का कहना है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे है। साथ ही संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और प्रश्नपत्रों की गोपनीयता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परीक्षा से पूर्व केंद्रों का भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर किया जा सके।

## पूर्व मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री आबिद रजा ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। बजट को जनविरोधी और दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें आम जनता, किसानों, युवाओं और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की गई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बड़े-बड़े आंकड़ों के जरिए वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाने की कोशिश की है। कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की आय जैसे गंभीर मुद्दों पर बजट में कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने विकास के दावों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की है। उनके अनुसार बजट में घोषणाएं अधिक हैं, लेकिन जमीनी हकीकत से उसका तालमेल कम है। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था और रोजगार सृजन को लेकर सरकार के दावे वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते। उन्होंने मांग की कि सरकार स्पष्ट करे कि युवाओं को रोजगार देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कौन-सी ठोस योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बजट पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी दोनों है।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, बदायूं के तत्वावधान में जिला सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन ले0 कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा0), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, बदायूं द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित जिला सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर की गई कार्यवाही से उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को अवगत कराया गया। इसके उपरान्त वर्तमान बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिनमें विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित चार नये प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए सभी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए तथा पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कुल 29 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने प्रतिभाग किया और अपनी समस्याएं व सुझाव प्रस्तुत किए। अध्यक्ष महोदय ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि शस्त्र से संबंधित सभी प्रार्थना पत्र मूल रूप में सिटी मजिस्ट्रेट को प्रेषित किए जाएं, जिससे संबंधित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जा सके। बैठक में अन्य कोई विषय न होने पर अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।

## 12 फरवरी को होगा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा सचांलित विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन नगला मन्दिर परिसर, तहसील व जिला मुख्यालाय में 12 फरवरी 2026 को अपराहन 12:00 बजे किया जायेगा, जिसमें विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के साथ ही व्यवहारिक कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना की जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि उद्योग स्थापना में रूचि रखने वाले भावी उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु अन्य विभागो के अधिकारियो, कर्मचारियों के द्वारा भी उक्त जागरूकता शिविर में प्रतिभाग किया जायेगा। शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक शिक्षित नवयुवक, नवयुवतियां बेरोजगार, अनुभवी, प्रशिक्षित एवं परम्परागत कारीगर (जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हो) इस योजनाओ का लाभ लेने हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। एक दिवसीय जागरूकता शिविर में उद्योग स्थापना हेतु इच्छुक नवयुवक/नवयुवतियाँ, बेरोजगार एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले आवेदको को जागरूकता शिविर में प्रतिभाग करने हेतु सादर आमंत्रित किया जाता है।

# जौनपुर काशी,विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण में शामिल विकास को मिलेगी नई रफ्तार :कृपाशंकर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जौनपुर। यूपी के जौनपुर के लिए उत्तर प्रदेश में पेश 9.13 लाख करोड़ रुपये के बजट में खजाना खोलते हुए योगी सरकार ने तोहफों की बारिश कर दी जिसमें जौनपुर जिले को काशी,विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण में शामिल किया है जो जौनपुर के लिए एक उपलब्धि है । वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज इस प्राधिकरण के गठन की घोषणा करते हुए जौनपुर को भी इसमें शामिल करने की घोषणा की। इस कदम से जिले के विकास को गति मिलेगी। जिसे लेकर जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अब काशी और विंध्य क्षेत्र की तर्ज पर 'शिराज-ए-हिंद' जौनपुर का भी विकास सुनिश्चित होगा जिससे जौनपुर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। गरीबों के उत्थान, महिला सशक्तीकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, अन्नदाताओं को सामर्थ्यवान बनाने और विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए आज का यह बजट ऐतिहासिक है । उत्तर प्रदेश ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 9 वर्षों में जो विकास की यात्रा बढ़ाई है , उसमें यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

# वाटर शेड महोत्सव में लिया रोपित पौधों को जीवित रखने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद में वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अन्तर्गत को डब्लूडीसी-01, बिसौली के जलागम समिमि-बेहटा पाठक के ग्राम- ढिलवारी में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन कर ग्राम-ढिलवारी में स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फ़ेरी निकालकर प्रचार-प्रसार तथा जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की जल संरक्षण से सम्बन्धित पाठशाला में भी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत तथा बच्चों को प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कार्य का शुभारम्भ किया गया। श्रमदान, वृक्षारोपण, भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्य कराया गया। भूमि संरक्षण द्वारा योजना के मुख्य उद्देश्य एवं योजना का परिचय देते हुये रोपित पौधों को जीवित रखने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही भूमि एवं जल संरक्षण की शपथ लेकर जल संरक्षण के लिये सभी ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान भूरेलाल, भूमि संरक्षण अधिकारी मनोज रावत, व0प्रा0सहा0-ए राज कुमार, अवर अभियन्ता पीयूष शर्मा और पूरन सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# संत कबीरनगर : खलीलाबाद कोतवाल पंकज पांडेय निलंबित, जय प्रकाश दुबे बने प्रभारी

एजेंसी

संत कबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन गोरखपुर की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बुधवार को खलीलाबाद कोतवाल पंकज कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है।




पुलिस कप्तान ने बताया कि यह पूरा मामला बस्ती जनपद के थाना पैकोलिया में वर्ष 2018 एवं 2021 में दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों से जुड़ा हैं। उस समय पंकज कुमार पांडेय पैकोलिया के थानाध्यक्ष थे, जबकि मुकदमों की विवेचना उपनिरीक्षक अरविंद कुमार कर रहे थे जो वर्तमान में सिद्धार्थनगर जनपद में तैनात हैं। इन मामलों को लेकर शिव कुमार हैबियस कॉर्पस बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के नाम से उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की गई थी। उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रकरण की जांच एडीजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन से कराई गई। जांच में सामने आया कि विवेचना के दौरान न्यायालय के निर्देशों का समुचित अनुपालन नहीं किया गया। अभियुक्तों के पक्ष में कार्य करते हुए मामले की गंभीरता को कम करने का प्रयास किया गया है।

एडीजी की रिपोर्ट में तत्कालीन थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय एवं तत्कालीन विवेचक एसआई अरविंद कुमार को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने प्रथम दृष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए पंकज कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में इंस्पेक्टर पंकज कुमार पांडेय को पुलिस लाइन संतकबीरनगर से संबद्ध किया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। साथ ही बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय छोड़ने, किसी अन्य सेवा या व्यवसाय में संलग्न होने पर रोक लगाई गई है। मामले में विभागीय जांच जारी है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान ने कानून व्यवस्था को देखते हुए थाना प्रभारी धनघटा जय प्रकाश दुबे को कोतवाल खलीलाबाद बनाया है।

# टॉप-टेन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करे पुलिस : एडीजी

एजेंसी

बांदा। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन ज्योति नारायण ने बुधवार को पुलिस लाइन कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. बांदा एसपी पलाश बंसल के साथ अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि टॉप-टेन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। नवीन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान एडीजी ने जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आगामी त्योहारों सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक रणनीति पर बल दिया। त्योहारों के मद्देनजर सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर पैदल गश्त, प्रभावी वाहन चेकिंग और सोशल मीडिया की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गंभीर अपराधों, लंबित विवेचनाओं, वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, महिला अपराध, साइबर अपराध और टॉप-टेन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। एडीजी ने कहा कि विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एडीजी ने महिला संबंधित अपराधों का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निस्तारण करने, महिला हेल्पडेस्क, एंटी-रोमियो स्क्वाड और महिला बीट पुलिस की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, शालीन व्यवहार और प्रभावी जनसुनवाई व्यवस्था पर भी विशेष बल दिया गया, ताकि पुलिस-जन सहयोग मजबूत हो और जनपद में सौहार्द एवं भाईचारे का वातावरण कायम रहे।

# गर्लफ्रेंड के ऊंचे शौक के लिए सगे बड़े भाई को मार डाला

कैनविज टाइम्दस संवाददाता



गोंडा । जिले में करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के दु ल्हिनपुर गांव में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है।जांच में साम ने आया है कि मृतक का सगा छोटा भाई ही उ सका हत्यारा निकला। पढ़ाई में बाधा बन रहे ब ड़े भाई को रास्ते से हटाने के लिए आरोपी ने चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी थी।वही

पुलिस के अनुसार, तीन फरवरी को दुल्हिनपुर गांव में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद आरोपी छोटे भाई ने खुद को बचाने के लिए साजिश रची और गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया,शुरुआती जांच में मामला उल झा हुआ नजर आया,लेकिन पुलिस ने जब गह राई से पड़ताल की तो हकीकत सामने आ गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों भाइयों के बीच पढ़ाई को लेकर लगातार विवा द होता था।छोटा भाई मानता था कि बड़ा भाई उसकी पढ़ाई में बाधा बन रहा है।इसी रंजिश में उसने योजना बनाकर बड़े भाई पर चाकू से हम ला किया और उसकी जान ले ली,वही पुलिस ने साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की साजिश और झूठे मुकदमे का भी खुलासा हो गया है।इस जटिल और संवेदनशील मामले का सफल अनावरण करने पर पुलिस अधीक्षक वि नीत जायसवाल ने जांच टीम को पचीस हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलि स अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है और अन्य पहलु ओं की भी जांच की जा रही है। इस खुलासे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# मानव तस्करी की आशंका में नाबालिग बालिका को सीमा पार ले जाने का प्रयास विफल



कैनविज टाइम्दस संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कैलाश चन्द रमोला, कमांडेंट, 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कुशल नेतृत्व में बीओपी मुर्तिहा पर तैनात सतर्क जवानों द्वारा निर्धारित फ्रिस्किंग प्वाइंट पर एक 19 वर्षीय नेपाली नागरिक को एक 17 वर्षीय भारतीय नाबालिग बालिका के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया। प्राथमिक पूछताछ के दौरान मानव तस्करी की आशंका के दृष्टिगत दोनों से गहन पूछताछ की गई। जांच में पाया गया कि दोनों एक-दूसरे को जानते थे तथा नेपाली युवक नाबालिग बालिका को विवाह का प्रलोभन देकर नेपाल ले जाने का प्रयास कर रहा था। आगे की पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि बालिका के अभिभावकों को उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी नहीं थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बालिका के अभिभावकों से तत्काल संपर्क स्थापित किया गया। तत्पश्चात आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु नेपाली नागरिक एवं नाबालिग बालिका को पुलिस थाना मुर्तिहा के सुपुर्द कर दिया गया। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु पूर्ण सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने लालटेन जलाकर पुल निर्माण के लिए उठाई आवाज



कैनविज टाइम्दस संवाददाता

गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल निर्माण को लेकर पांचवें दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रहा लेकिन उन्होंने एक अनोखे तरीके से पुल निर्माण की आवाज उठाई है।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि यहां के जनप्रतिनिधियों व जिले के अधिकारियों को यह पुल दिखाई नहीं दे रहा है इसीलिए हम और हमारे कार्यकर्ता पां च दिन से यहां पर बैठे हुए हैं और पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं,जब कोई जनप्रतिनिधि और जिले के जिम्मेदार अधिकारिओ को नहीं दिखा ई दिया है तो छत्र पंचायत के कार्य कर्ताओं ने लालटेन जलाकर उजाला करके जिले के जन प्रतिनिधियों को व अधिकारियों को पुल दिखाने का प्रयास किया है, इससे हो सकता है कि इस लालटेन की रोशनी जनप्रतिनिधियों और अधि कारियों तक पहुंची हो कि वह उजाले में इस पु ल को देख ले कि यह पुल कितना जर्जर वह कितना पुराना है और इससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है क्योंकि यह पुल एक सौ चौदह सा ल पुराना हों गया है।ये पुल सकरा होने के नाते आए दिन जाम लगा रहता है इसकी वजह से कई बार एंबुलेंस फंसी रहती है तथा प्रतिदिन छात्रों की क्लास लेट होती है। वही कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि हमारे का र्यक्रम का पांचवा दिन है अभी तक पांच हजार

एक सौ तिरपन लोगों ने हस्ताक्षर कर इस पुल निर्माण के लिए समर्थन दिया है हमारी एक बा र पुनः सूबे के मुखिया योगी सरकार से मांग है कि पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जा ए नहीं तो राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता अ ब सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे जिसकी पू री जिम्मेदारी गोंडा जिला प्रशासन की होगी इ स अवसर पर रीता वर्मा,नईम, अम्बरीष, अफज लरंजीत पांडे, जाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर सपा कार्यकारिणी सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्दस संवाददाता



नानपारा, बहराइच। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर पालिका परिषद नानपारा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नशीबुन्निशा द्वारा जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी नानपारा को सौंपा जाना था, किंतु उनके अनुपस्थित रहने के कारण यह ज्ञापन कोतवाल नानपारा राजनाथ सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश में किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि किसान अन्न उत्पादन करने के बावजूद स्वयं कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। खाद, बीज व डीजल के बढ़ते दामों के कारण खेती प्रभावित हो रही है तथा फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता की कमी है और दवाइयों की कीमतें भी आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी समस्याओं के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है तथा बेरोजगारी एक गंभीर विषय बना हुआ है। महिलाओं की सुरक्षा, भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई और आम परिवारों की आर्थिक स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है। गैस, तेल, दाल, अनाज और चावल जैसी आवश्यक वस्तुएं महंगी हो चुकी हैं, जबकि आमदनी में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। ज्ञापन में दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए उनके हितों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया है। इसके साथ ही हार्ट अटैक से शुगर से जुड़े मामलों में जवानों की लगातार हो रही मौतों को भी एक गंभीर विषय बताया गया है। ज्ञापन में नानपारा क्षेत्र से संबंधित जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की मांग करते हुए नानपारा अस्पताल में हार्ट एवं शुगर के डॉक्टरों की नियुक्ति, अघोषित बिजली कटौती समाप्त करने एवं बढ़े हुए बिजली बिल में कमी, गैस सिलेंडर व पेट्रोल के दाम कम करने, अस्पताल में डायलिसिस मशीन, ब्लड प्रेशर मशीन तथा बड़े जनरेटर की व्यवस्था कराने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, किसानों को फसलों का उचित मूल्य दिलाने, बीज व खाद सस्ती दर पर उपलब्ध कराने तथा कर्ज माफी, धर्म के नाम पर फैलने वाली नफरत पर रोक लगाने और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन के अंत में श्रीमती नसीबुन्निशा ने कहा कि समाजवादी महिला सभा जनहित से जुड़ी मांगों को लेकर निरंतर प्रयास करती रहेगी ।

# 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 250 किलो लहन नष्ट

कैनविज टाइम्दस संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महाराजगंज तहसील के थाना बछरावा अंतर्गत संदिग्ध ग्राम टेरा बरौला एवं कंजहा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 42 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 250 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए ।जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।



## तेज रफ्तार डंपर ने ली तीन की जान, सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदा

कमलापुर। थाना क्षेत्र के कस्बे से मास्टर बाग रोड पर स्थित बैकुंठपुर गांव के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे खड़े बाइक सवारों को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। मृतकों की पहचान हरिकेश (45) पुत्र महावीर, अंकुल (22) पुत्र हरिकेश निवासी भिठौली तथा हरिहरपुर जमरखा निवासी गयाप्रसाद (59) पुत्र अज्ञात के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे डंपर ने अनियंत्रित होकर उन्हें रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इतुल चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मजदूरों के हित में रामगढ़ चीनी मिल में बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्दस संवाददाता

## निरीक्षण की भनक लगते ही डालमिया चीनी मिल से ठेका मजदूर बाहर, जांच के बाद फिर कराए गए अंदर

संदना सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मजदूरों के शोषण पर सख्ती के दावों के बीच डालमिया चीनी मिल, रामगढ़ में श्रम कानूनों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 10 फरवरी 2026 को प्रमुख सचिव, श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डॉ. एम. के. सन्मुगा सुंदरम के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच टीम ने मिल का औचक निरीक्षण किया, जिससे मिल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच टीम में शरद, श्रम प्रवर्तन अधिकारी लखनऊ, संतोष कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी लखनऊ तथा हिमानी भारद्वाज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीतापुर शामिल रहीं। लेकिन जांच से पहले ही मिल प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई। सूत्रों के अनुसार जैसे ही मिल प्रबंधन को निरीक्षण की भनक लगी, ठेके पर कार्यरत मजदूरों को आनन-फानन में मिल परिसर से बाहर कर दिया गया, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता उजागर न हो सके। हैरत की बात यह रही कि जांच टीम के लौटते ही सभी मजदूरों को दोबारा काम पर लगा दिया गया। यह निरीक्षण फतेह बहादुर सिंह, अध्यक्ष–राष्ट्रीय जनाधिकार परिषद द्वारा मजदूरों के शोषण को लेकर की गई शिकायत के आधार पर किया गया था। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम ने मजदूरों की कार्य परिस्थितियां, मजदूरी भुगतान, सुरक्षा इंतजाम और श्रम कानूनों के अनुपालन की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने मजदूरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मिल प्रबंधन को श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से मजदूरों में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं यह सवाल भी उठ रहा है की अगर सब कुछ ठीक था, तो मजदूरों को निरीक्षण से पहले बाहर क्यों निकाला गया क्या ठेका मजदूरों को छुपाना स्वयं में अनियमितता का प्रमाण नहीं है स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों ने इस निरीक्षण को सराहनीय कदम बताते हुए शासन और शिकायतकर्ता का आभार जताया है। साथ ही उम्मीद जताई जा रही है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर ठोस कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में मजदूरों के शोषण पर प्रभावी रोक लग सके। इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीतापुर हिमानी भारद्वाज ने बताया कि शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया है तथा निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई शासन स्तर से तय की जाएगी।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चयनित 38 ग्रामों क़ी ग्राम विकास योजना हुई स्वीकृत

कैनविज टाइम्दस संवाददाता




बहराइच ।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अभिसरण समिति क़ी बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जनपद में चयनित 38 ग्रामों में अवसंरचनात्मक कार्य कराए जाने हेतु ग्राम विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करते हुए अनुमोदित किये गये प्रस्तावों को अग्रिम कार्यवाही हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये पीएम-अजय पोर्टल के माध्यम से मुख्यालय प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों जिन्हें प्रस्तावित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया गया है को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का टर्मिनल वर्ष है। इसलिए चयनित कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराया जाना थसुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि प्रत्येक चयनित ग्रामों में रू. 20-20 लाख क़ी धनराशि से नाली निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट लाइट, सोंक पिट, कम्पोस्ट पिट, इंडिया मार्का हैंडपंप, आंगनबाड़ी निर्माण, आरसीसी निर्मित छोटी पुलिया इत्यादि का निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने एडीओ समाज कल्याण को निर्देश दिया कि प्रस्तावित कार्यों का प्रभावी पर्यवेक्षण करते रहें। डीएम ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य से अनुसूचित जातियों की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले गांवों का सर्वांगीण विकास करना, जिससे सभी मूलभूत सुविधाओं का विकास कर लक्षित वर्ग के जीवन स्तर में परिवर्तन लाया जा सके। डीएम ने पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, आईसीडीएस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, विद्युत, खाद्य एवं रसद, लघु सिंचाई, कौशल विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग इत्यादि विभागों को निर्देश दिया कि लक्षित पात्र असंतृप्त 19295 व्यक्तियों को शीघ्र से शीघ्र विभागीय योजनाओं से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित अनुसूचित जाति सब-प्लान हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के घटक आदर्श ग्राम के अन्तर्गत जनपद में अनुसूचित जाति बाहुल्य ऐसे 38 ग्रामों जहां पर अनुसूचित जाति की आबादी 40 प्रतिशत अधिक है, का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। चयनित ग्रामों में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र असंतृप्त निवासरत परिवार के सदस्यों को आच्छादित किया जाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मापदण्डों के अनुसार चयनित ग्रामो में विभाग द्वारा कराये गये लाभार्थीपरक सर्वे में कुल 19295 व्यक्तियों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से आछादित कराये जाने क़ी तैयारी है। इसके अतिरिक्त चयनित ग्रामों में खुली बैठक के माध्यम से तैयार करायी गयी विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) के अनुसार वीडीपी का अनुमोदन ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति से अनुमोदनोपरान्त फीडिंग का कार्य पीएमएजीवाई पोर्टल पर पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला कार्याक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मंसद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा एडीओ समाज कल्याण मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना फुरसतगंज का किया निरीक्षण

जायस अमेठी,पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को थाना फुरसतगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया और मातहतों को दिशा निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा थाना फुरसतगंज के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, अभिलेख एवं उनके रखरखाव,सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं मिशन शक्ति केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक फुरसतगंज व उपस्थित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

# मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट व तहसील तिलोई की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## तिलोई तहसील में लम्बित वादों की समीक्षा कर निस्तारण का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मण्डलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार ने जनपद अमेठी के कलेक्ट्रेट एवं तहसील तिलोई परिसर का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अजय कुमार सैनी, जिलाधिकारी संजय चौहान, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी वीर भानु सिंह तथा एडीएम न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर विभिन्न पटलों एवं अनुभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने नजारत अनुभाग, वेतन लिपिक,विविध लिपिक कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, ई-गवर्नेंस सेल सहित अन्य कार्यालय कक्षों में अभिलेखों के रखरखाव, पत्रावलियों के निस्तारण एवं जनसुविधाओं की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने कार्मिकों की सेवा पुस्तिकाओं, वेतन वृद्धि, मानव सम्पदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति विवरण, रिट संबंधी प्रकरणों, शिकायती पत्रों, लंबित एवं निस्तारित फाइलों की स्थिति, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों के भुगतान तथा कर्मचारियों की उपस्थिति, वरासत एवं नए आवेदनों की पेंडेंसी की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाय तथा उसका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।मण्डलायुक्त ने कार्यालय परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे वाटर कूलर, शौचालय, प्रतीक्षालय, साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था हर समय सुचारु रहे, आरओ वाटर कूलर नियमित रूप से साफ एवं क्रियाशील रखे जाएं तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालयों में कार्य वितरण (वर्क डिस्ट्रीब्यूशन) स्पष्ट रूप से सुनिश्चित किया जाए, सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं पूर्ण एवं अद्यतन रखी जाएं तथा कार्यालयीय कार्यों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्थाएं पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी होनी चाहिए। कलेक्ट्रेट निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त ने तहसील तिलोई का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित वादों की समीक्षा की तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने तहसील अभिलेखागार का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, सीलन की रोकथाम हेतु समुचित प्रबंध, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप पारदर्शी प्रशासन, समयबद्ध निस्तारण एवं बेहतर जनसुविधाएं सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# चूका टूरिज्म के एक ही मार्ग पर दिखने वाले चर्चित बाघ लापता जंगल में मची हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत चूका पर्यटन क्षेत्र के चर्चित नर बाघ ना दिखाने से हलचल मच गई पीलीभीत में फैला विशाल जंगल जैव विविधता से भरा हुआ है पर्यटन क्षेत्र में दिखने वाले चर्चित बाघों को लेकर गाइड,जिप्सी चालक एवं सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के अनुसार पिछले लगभग एक माह से भी ज्यादा समय बीतने के बाद कई चर्चित बाघ पर्यटन क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहे हैं जबकि टूरिस्ट गाइड द्वारा लगातार बाघों पर नजर रखी जाती है उनका कहना है कि अब दिखाई नहीं दे रहे हैं पर्यटको को सवेरे शाम जंगल में पर्यटन करने वाले टूरिस्ट गाइड एवं जिप्सी चालक काफी हैरान है कि इन दोनों चर्चित बाघ कहां चले गए हैं वैसे तो पीलीभीत में फैला जंगल काफी बड़ा है और जीव जंतुओं के लिए जंगल की कोई सीमा नहीं होती एक तरफ उत्तराखंड तो दूसरी तरफ दुधवा नेशनल पार्क का हिस्सा जुड़ता है लेकिन लगभग तीन-चार वर्षों से एक ही मार्ग पर देखने वाले चर्चित बाघ लापता नज़र आ रहे हैं उसे पर जंगल से जुड़े लोगों के बीच में हलचल देखी जा रही है वही वन्यजीव की निगरानी कर रहे जिम्मेदार बता रहे हैं कि जंगल के कुछ हिस्सों में पर्यटन क्षेत्र के चर्चित बाघ नज़र आ रहे हैं वह बात अलग है कि उन क्षेत्र में पर्यटन की अनुमति नहीं है यह बड़ी बिल्ली का स्वभाव होता है कि वह समय-समय पर अपना स्थान बदलती रहती हैं सूत्रों का कहना यह भी है कि कहीं ना कहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों में भी हलचल मची हुई है इन दोनों गश्त के अलावा भी जिम्मेदार जंगल में टाइम वेटाइम कुछ ढूंढते नज़र आ रहे हैं कुछ चर्चित बाघों के नाम जिस को स्थानीय गाइड एवं वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर द्वारा दिए गए हैं जैसे की सुल्तान, ट्ट3, ट्ट2 रॉकेट, त्रिशूल, रम्भा हैं यह जानकारी सूत्र व टूरिस्ट गाइड एवं जिप्सी चालक द्वारा दी गई है इसमें अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है । ऐसा कोई भी मामला मेरे संज्ञान मे नही ऐसा कोई मामला नही है हा एक बाघ घायल हो गया जो कुछ दिन नही दिखा लेकिन दो तीन दिन पहले ही उसे देखा गया ।

## ड्यूटी न करने पर वेतन रोका, नोटिस जारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन न करने के मामले में बरखेड़ा ब्लॉक के शिक्षक आदित्य कुमार का वेतन रोक दिया गया है। शिक्षक ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर पत्र और वेतन रुकने का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा कि उन्होंने सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्ति ली थी, न कि सर्वेयर के तौर पर। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे अधिकारी गरीब बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे सकते। मामले को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि संबंधित शिक्षक द्वारा बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं की गई थी। इस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और फिलहाल वेतन रोका गया है। नोटिस के जवाब के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, परिजनों में कोहराम

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका जमीमा निवासी इमरान पुत्र नवी हसन की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई जानकारी के अनुसार इमरान 10 अगस्त 2025 को बाइक से पीलीभीत गया था वापस लौटते समय पीलीभीतऽमाधोटांडा मार्ग पर कार संख्या ढख 06 इख़ 9991 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी हादसे में इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जानकारी के अनुसार घटना के बाद से ही वह बेहोशी की हालत में था और उसे होश नहीं आया मामले में मृतक के भाई मोहम्मद हसन की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था बुधवार सुबह करीब सात बजे इमरान ने दम तोड़ दिया युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विकास गुप्ता सभासद बने किराना संघ के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गये

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में किराना संघ के वार्षिक चुनाव मंगलवार शाम को संपन्न हुए संरक्षक राजेंद्र आर्य ने जानकारी दी कि अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से केवल अध्यक्ष विकास गुप्ता सभासद राम का नामांकन प्राप्त हुआ कोई अन्य उम्मीदवार नहीं होने के कारण उन्हें सर्वसम्मति निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया संघ के सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माला, साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और बधाई दी गई विकास गुप्ता राम ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर काम करने का वादा किया उन्होंने बाजार की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई संरक्षक राजेंद्र आर्य, बृजमोहन खंडेलवाल, वेद प्रकाश खंडेलवाल, लाल मोहम्मद,अध्यक्ष विकास गुप्ता राम, महामंत्री संजीव गुप्ता, मंत्री राजेश सिंगला, विकास अग्रवाल, सिकंदर खान, शिवम गुप्ता, राजेन्द्र कुमार प्रजापति रामलाल चावला, उपाध्यक्ष सलामत खान, विजय गुप्ता, फ़िरासत खान, जसवीर कपूर, संदीप कपूर, उपमंत्री अनिकेत भारद्वाज अश्वनी प्रजापति, संजय खंडेलवाल, शकील अहमद, आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## राइस मिल में बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी ज्वाला प्रसाद पुत्र सेतावनलाल (उम्र लगभग 75 वर्ष) मुझा रोड पर स्थित एक राइस मिल में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे मंगलवार रात वह रोजाना की तरह राइस मिल में ही सो गए बुधवार सुबह जब राइस मिल के कर्मचारी पहुंचे तो उन्होंने ज्वाला प्रसाद को जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठे इसके बाद तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी गई सुबह करीब आठ बजे परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें उठाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर लाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन परिजनों ने किसी प्रकार की कार्रवाई से इनकार करते हुए पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया इसके बाद परिजन शव को अपने साथ घर ले गए

## अज्ञात कारणों से गन्ने की फसल मे लगी आग,मची अफरा-तफरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सिमरिया महाराजपुर में अज्ञात कारणों से चलते गन्ने की फसल में आग लगने से चार किसानों का गन्ना जलकर खाक हो गया घटना से किसानों में हड़कंप मच गया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका वुधवार दोपहर एक बजे जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान महेश का लगभग तीन बीघा गन्ना जल गया वहीं सतीश निवासी उदयपुर खुर्द का करीब सात बीघा गन्ना आग की चपेट में आ गया इसके अलावा बहादुर निवासी लालपुर अमृत का लगभग ढाई एकड़ गन्ना भी जल गया एक अन्य किसान की भी गन्ना आग से जल गया बताया जा रहा है कि अचानक खेतों से धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी व मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आसपास के खेतों को बचा लिया गया घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है

## विधुत उपखंड कार्यालय मे काम चलने के कारण शाम तक ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत उपखंड कार्यालय में प्रस्तावित मरम्मत एवं आवश्यक तकनीकी कार्यों के चलते बुधवार को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। विद्युत विभाग के अनुसार सुबह दस बजे से कार्य शुरू किया गया जिसके कारण सभी फीडर की बिजली आपूर्ति शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा। वुधवार शाम चार बजे एसडीओ मोहित गुप्ता ने बताया कि कार्य चल रहा है इसलिए विधुत आपूर्ति प्रभावित हे

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलाई शपथ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के आदेश अनुसार विकास खण्ड बरखेड़ा एवं विकास खण्ड अमरिया में मा0 ब्लॉक प्रमुख महोदय प्रतिनिधि की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संरक्षण अधिकारी द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया। ततपश्चात बैठक का उद्देश्य बताया गया कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से जोड़ना है। साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरखेड़ा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत नवजात 05 बच्चीयों को हिमालया किट वितरित की गई। प्रभारी ब्लॉक प्रमुख द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बच्चीयों के उत्साहवर्धन हेतु कहा गया कि सर्वप्रथम बच्चीयों को शिक्षा ग्रहण करनी होगी जिससे वह जीवन मे किसी भी समस्या से निपटने के स्वाबलंबी हो सकेगी। बच्चीयां सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ लें। सरकार का यही उद्देश्य है कि महिलाओं को समाज में स्वयं आगे आकर सभी योजनाओं की जानकारी रखनी चाहिये एवं उसका लाभ लेना चाहिए। ततपश्चात पी0एस0मॉडल स्कूल जंगरौली एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर मुगल में बाल विवाह अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति के सभी सदस्य स्कूली अध्यापक एवं महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी, रमनदीप कौर, काउंसलर मनिस्ता, अभिषेक एवं प्रदीप मौर्य उपस्थित रहे।।

# एसपी ने त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का पाठ पढ़ाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जायस पर पीस कमेटी की बैठक की गई इसके बाद थाने का निरीक्षण कर आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।आगामी त्यौहारों शिवरात्रि, होली व रमजान आदि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा बुधवार को थाना जायस पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-टेन, डिजिटल वॉलेंटियर्स के साथ से पीस कमेटी की मीटिंग की गयी।बैठक में सभी लोगों से आपस में मिलजुलकर शान्ति व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने , अफवाहों को फैलने से रोकने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस व संबंधित को सूचना देने हेतु अपील की गयी। इसके बाद थाना जायस के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, अभिलेख एवं उनके रख-रखाव, सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं मिशन शक्ति केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया एवं थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह व उपस्थित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# वार्ड 04 में सड़क व नाली निर्माण का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्ल28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पणङ्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड नंबर 04 में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर किया। ध्रुव नर्सिंग होम से बेनहर किड्स स्कूल की ओर निर्मित सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि जलभराव एवं आवागमन की समस्या को ध्यान में रखते हुए सड़क और नाली निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मौजूद क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य के लिए पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद राजेन्द्र भारती, अवतार सिंह मोनू, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन राजू फौजी, राशिद हुसैन, विपिन त्यागी, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, निर्मल सिंह टीटू, इमरान अंसारी, दीप अग्रवाल, दिनेश कुमार, विकास बाबू, सुनीता सिंह, शिवम श्रीवास्तव, डॉ. कुमकुम गोयल, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. सौरव अग्रवाल, विपिन मिश्रा, सजल, कमल भल्ला, चारु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# कमला नेहरू संस्थान में फायर सेफ्टी माक ड्रिल का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में आज दिनांक 11/02/2026 को अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के द्वारा फायर सेफ्टी माक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र छात्राओं को आपदा प्रबंधन के बारे में फायर एन्ड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी भरत लाल तिवारी के द्वारा जानकारी प्रदान की गई। छात्र छात्राओं को विभिन्न आपदा प्रबंधन उपकरणों के प्रचालन बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही डेमो करके भी दिखाया गया कि आज के वैज्ञानिक युग में सभी को आपदा प्रबंधन तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए द्य इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो.(डा.) डी.एस. पुन्डीर ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया। संस्थान के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए बताई गई तकनीकें हम सभी के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं। कार्यक्रम के अन्त में संचालन कर रहे मनोज भार्गव ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान के प्रबंधक एवं नगर विधायक विनोद सिंह ने जागरुकता के लिए इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। आज के कार्यक्रम में बी. टेक. तथा पालीटेक्निक के सभी छात्र छात्राओं सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को दो दिवसीय मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में अयोध्या मंडल के पांच जिलों के विजेता खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी मायाराम और विशिष्ट अतिथि कौतुभ कुमार सिंह मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता 11 और 12 फरवरी को आयोजित की जा रही है। इसमें अयोध्या मंडल के अंबेडकर नगर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर और अमेठी जनपदों से आए प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी राजेश सोनकर भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी और 100 मीटर दौड़ जैसी प्रमुख खेल स्पर्धाएं शामिल हैं। इन आयोजनों के माध्यम से बच्चों को अपनी शारीरिक क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने मीडिया को प्रतियोगिता की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। मायाराम और अपर निदेशक बेसिक कौतुभ कुमार सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में जिले और ब्लॉक स्तर के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, शिक्षक साथियों और शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और स्थिरता भी आती है। गुप्ता ने आज की डिजिटल जीवनशैली का जिक्र करते हुए कहा कि बच्चों के लिए मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलकर मैदान पर पसीना बहाना बेहद जरूरी है। यह उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक होगा।

# टीईटी अनिवार्यता पर शिक्षकों का विरोध तेज, किया पुतला दहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का विरोध मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। स्थानीय तिकोनिया पार्क में शिक्षकों ने सरकार के कथित दोहरे मापदंड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और शिक्षक नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई तथा धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। प्रदर्शन के दौरान नगर कोतवाल संदीप राय व पुलिस बल ने पुतला छीनने का प्रयास किया, लेकिन शिक्षकों ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला जला दिया। बाद में पुलिस टीम ने पुतला बुझाकर अपने कब्जे में ले लिया। आक्रोशित शिक्षकों ने ह्लटीईटी वापस लोङ्क और ह्लमुंह पर इज्जत, पीठ पर वार। यह कैसा दोहरा व्यवहारङ्क जैसे नारे लगाए। संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता को लेकर सरकार के साथ हुई वार्ता और संसद में दिए गए उत्तर में विरोधाभास है, जिससे शिक्षकों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि जब नियुक्ति के समय शिक्षकों ने सभी मानदंड और अर्हताएं पूरी की थीं, तो 20-30 वर्ष बाद नई नीति लागू करना लाखों परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा करना है।प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सरकार के विरोध में सांकेतिक पुतला दहन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो यह लड़ाई जिले से लेकर दिल्ली तक लड़ी जाएगी और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष होगा।जिला संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय ने कहा कि टीईटी/सीटीईटी की अनिवार्यता शिक्षकों के साथ धोखा और अपमान है। सरकार जब तक विधेयक लाकर इसे समाप्त नहीं करती, तब तक शिक्षक अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे।जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा-23 तथा एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में न्यूनतम योग्यता तय है। 25 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को दोबारा परीक्षा के कटघरे में खड़ा करना न्यायसंगत नहीं है। इस अवसर पर जिला मंत्री डॉ. हृषिकेश भानु सिंह, निजाम खान जिला प्रवक्ता संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्र, जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, राम बहादुर मिश्रा, अंजनी कुमार शर्मा, अनिल यादव, लालचंद, सुरेश चंद्र पाल, डॉ. रीतेश सिंह, हेमंत यादव, राज कुमार चौधरी, अरविंद कुमार पाण्डेय, मजीद, किरण श्रीवास्तव, सुभाषिनी मिश्रा, शिवम राणे, डॉ. विक्रम सिंह, काशी त्रिपाठी, राकेश शुक्ला, मृदुल त्रिपाठी, नम्रता सिंह, रजनी गुप्ता, हिमांशु सिंह, चंद्र प्रकाश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, नीरज यादव, राज कुमार गुप्ता, डॉ. प्रदीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अर्पित की श्रद्धांजलि

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा ज़िलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सादगी, त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पंडित जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, संजय सिंह, संतोष द्विवेदी, चंद्रकेश यादव, राजेश शुक्ला, माधव द्विवेदी, आनंद यादव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पंडित जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## उपकेन्द्र गौरीगंज पर कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अमेठी । अधिशासी अभियंता विद्युत रवि कुमार यादव ने समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया है कि 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र, गौरीगंज अमेठी पर 33 केवी मेन बस को सिंगल मूस से डबल मूस में परिवर्तित किए जाने संबंधी कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। यह कार्य दिनांक तेरह फरवरी एवं चौदह फरवरी को प्रातः नौ बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। उक्त कार्य के कारण 33 केवी मुसाफिरखाना तहसील, 33 केवी हत्तवा, 33 केवी जामो, 33 केवी गौरीगंज रूरल, 33 केवी बरनाटीकर, 33 केवी बहोरखा, 33 केवी पीठीपुर, 33 केवी बेनीपुर, 33 केवी मलिक मोहम्मद जायसी हॉस्पिटल तथा 33 केवी कौहार पोषकों की विद्युत आपूर्ति दोनों दिनों में सुबह नौ बजे से तीन बजे तक कुल छह घंटे बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि यह कार्य जनहित में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अधिक विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि निर्धारित अवधि में होने वाली असुविधा के लिए सहयोग एवं धैर्य बनाये रखें।

## सम्पादकीय

# किसानों की आशंकाएं

बीते शनिवार जारी किए गए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर उस मूलभूत सवाल को पुख्ता किया है कि मुक्त व्यापार समझौते की कीमत कौन चुकाएगा? साथ ही यह भी कि इसका लाभ किसे मिलेगा? इस समझौते से जुड़ी आशंकाओं को लेकर कुछ किसान संगठन आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निस्संदेह, उनकी आशंकाएं सिर्फ सोयाबीन तेल, सूखे अनाज और सेब पर आयात शुल्क में छूट को लेकर ही नहीं हैं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर भी हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। निस्संदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलतः कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा। जिसके चलते भारतीय उपभोक्ता समान मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी सेब को तरजीह देंगे। साथ ही सेब का कोल्ड स्टोरेज में संग्रह करना अलाभकारी हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा है कि कृषि और दुग्ध उद्योग संरक्षित रहेंगे। जबकि संयुक्त समझौते में कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर शुल्क कम करने और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने की बात कही गई है। कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे किसानों को इन गंभीर मुद्दों पर स्पष्टता चाहिए। यही वजह है कि कई किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों ने मांग की है कि इस समझौते का पूरा विवरण संसद के समक्ष रखा जाए। निस्संदेह, यह मांग तार्किक है क्योंकि व्यापार समझौते भी घरेलू कानूनों की तरह ही आजीविका को गहराई तक प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञ मान रहे हैं कि मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचे और जोखिम संरक्षण दिए बिना, बाजारों को खोलने के कदम छोटे और सीमांत किसानों पर भारी पड़ सकते हैं। इसी फिक्र के चलते हड़ताल एक चेतावनी है। यदि सरकार का मानना है कि यह समझौता वास्तव में किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक परामर्श के माध्यम से इसे साबित भी करना चाहिए। अन्यथा, सुधारों की कहानी एक बार फिर देश के अन्नदाता की चिंताओं को दूर करने में विफल रहेगी। इसी तरह देश के सेब उत्पादकों को भी आश्वस्त करना होगा कि उनके सेब की खुशबू बरकरार रहेगी।

> सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। निस्संदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलतः कमजोर किसानों की दशा खराब हुई।

# लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वासः लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा

> लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं। विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है। लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं। विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मर्यादा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मर्यादाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाज़े खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं। अंततः यह समय आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मर्यादा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है। यदि संसद को संवाद का मंच बनाए रखने में हम विफल रहते हैं, तो यह केवल एक सत्र या एक सरकार की विफलता नहीं होगी, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी सामूहिक असफलता मानी जाएगी। यही वह बिंदु है जहाँ हर नागरिक, हर जनप्रतिनिधि और हर संस्था को आत्मचिंतन करना होगा, ताकि विकास की राह में विनाश की संभावनाएँ नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और लोकतांत्रिक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त हो सके। **–ललित गर्ग**

# सवाल घूसखोर शिरोमणि होने का

**सुधाकर आशावादी**

> करोड़ों रूपये का माल हजम करने वाले तथा अल्प समय में साईकिल से वायुयान तक, झोपड़ी से ऊंची अट्टालिकाओं तक का सफर तय करने वाले घूसखोर की श्रेणी में नहीं आते।

कॉम्पिटिशन हर क्षेत्र में है। मलाईदार पदों के लिए कॉम्पिटिशन के साथ साथ घूसखोर चरित्र का होना भी अनिवार्य योग्यता है। आज के दौर में बिना घूसखोरी के किसी भी पद पर टिके रहना सरल नहीं होता। ईमानदार अधिकारी को उसके सहायक कुर्सी पर अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं करते, इसलिए उसके स्थानांतरण की फ़ेहरिस्त लंबी होती रहती है। वैसे भी जीवन के किसी भी क्षेत्र में ऊंचा मुकाम हासिल करना हंसी खेल का विषय नहीं है। करोड़ों रूपये का माल हजम करने वाले तथा अल्प समय में साईकिल से वायुयान तक, झोपड़ी से ऊंची अट्टालिकाओं तक का सफर तय करने वाले घूसखोर की श्रेणी में नहीं आते। फिर भी घूसखोरी ऐसा रोग है, जो सरकारी क्षेत्र में ही फलता फूलता है। निजी क्षेत्रों में घूसखोरी को कमीशनखोरी की संज्ञा दी जाती है। बहरहाल घूसखोरी में भी घूसखोर शिरोमणि की पहचान जातीय आधार पर कर ली गई है, यह मैं नहीं कहता, किसी फिल्म का शीर्षक कहता है। लोग उबल रहे हैं, कि उनकी बिरादरी को घूसखोरी का शिरोमणि क्यों बताया जा रहा है। असली घूसखोर इसलिए परेशान हैं, कि उनकी घूसखोरी को घूसखोर शिरोमणि क्यों नहीं चुना गया। मैंने जब से होश संभाला है, घूसखोरी को भारतीय चरित्र में शामिल पाया है। सरकारी अस्पताल हो या बिजली दफ्तर, यातायात विभाग हो या अन्य कोई भी सामान्य विभाग, जिसके पास किसी के बिल पास करने, सरकारी धन की बंदर बाँट करने का अधिकार हो, हर जगह कार्यप्रणाली लगभग समान है, फाइलें तब तक आगे नही सकती, जब तक कि सुविधा शुल्क के नाम पर उसमें घूस के पहिए न लग जाएँ। यूँ तो भ्रष्टाचार मुक्त शासन के विज्ञापन पट कार्यालयों में चमक रहे होते हैं, लेकिन कार्यालयों में बैठे सरकारी उनकी परवाह नहीं करते। कुर्सी पर बैठते ही उनकी हथेली खुजलाने लगती है। जो फरियादी उनके पास अपनी फरियाद लेकर आता है, वह उसकी फरियाद सुने बिना ही अपनी हथेली की खुजलाहट से उसे अवगत करा देते हैं, साथ ही यह इशारा भी देते हैं, कि बिना बोहनी के वे अपने कार्यालय में दिन की शुरुआत नहीं करते। परेशान हाल फरियादी बोहनी कराता है, तब कहीं जाकर अपनी फरियाद सुनाने लायक बन पाता है। समस्या एक हो तो बताई जाए, घूसखोरी का चलन इतना बढ़ गया है, कि यदि कोई बिना घूस लिए समस्या समाधान का आश्वासन दे, तो फरियादी उस पर यकीन नहीं करता। बहरहाल घूसखोरी के युग में ईमानदार वही कहलाता है, जिसे घूस लेने का अवसर न मिला हो। तिस पर भी घूसखोरों में आपस में कोई कॉम्पिटिशन नहीं होता। जो काम जिसकी सीट का होता है, घूस पर उसका ही अधिकार होता है। फिर भी बदनाम केवल खास जाति का कर्मचारी ही होता है। उसे सरकारी कार्यालय में कार्य करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी घूसख़ोर में लिप्त तो प्रतीत होते हैं, किन्तु शिरोमणि नहीं। घूस शिरोमणि के विशेषण से वंचित रहने वालों के लिए यह दुःख का कारण है, वे इसे अपनी कमी मानते हैं। आजकल घूसखोरी अधिकार का स्वरूप लेती जा रही है। सरकारी कार्यालयों में पर्याप्त घूस न मिलने पर फाइलें गायब होने के किस्से भी सुर्ख़ियों में रहते हैं। कुछ घूसख़ोर तो घूस लेकर गर्व से स्वयं को घूस शिरोमणि घोषित करते हैं। उनका स्पष्ट मत होता है, यदि घूसखोरी के आरोप में पकड़े भी गए, तो घूस देकर छूट जाएंगे। ऐसे में जहां घूसखोरी अखिल भारतीय स्तर पर नाम कमा रही है, वहां केवल किसी खास व्यक्ति या जाति को घूसखोर कहना देश में अन्य जातियों के घूसखोरों की योग्यता पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है। कॉम्पिटिशन का परिणाम गहन सर्वेक्षण और प्रतियोगिता को पारदर्शिता से संपन्न कराने के बाद ही होना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# धूप सेंकने से मिलेगा फायदा, छूमंतर हो जाएगी थकान


हर समय थका-थका महसूस करते हैं? हाथ-पैर में जान ही नहीं मालूम पड़ती है? तेजी से बाल झड़ने की शिकायत भी सता रही है? अगर हां तो हर दूसरे दिन धूप सेंकना शुरू कर दें क्योंकि मुमकिन है आप विटामिन-डी की कमी से जूझ रहे हों। डॉक्टर स्टीवन लिन के नेतृत्व में हुए ब्रिटिश स्वास्थ्य सेवा के एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक विटामिन-डी शरीर में कैल्शियम और फॉस्फ़ेट का स्तर नियंत्रित रखने के साथ ही उनके इस्तेमाल की क्षमता निर्धारित करने के लिए भी अहम माना जाता है। हड्डियों, मांसपेशियों और दांतों को मजबूती प्रदान करने के साथ ही यह रोगों से लड़ने की ताकत भी बढ़ाता है। यही वजह है कि इसकी कमी से व्यक्ति को न सिर्फ जल्दी-जल्दी सर्दी-जुकाम-बुखार होने की शिकायत सताती है, बल्कि उसके घाव भी देरी से भरते हैं और हर समय सुस्ती, थकान और कमजोरी का एहसास बना रहता है। लिन की मानें तो जरूरत से ज्यादा पसीना होना भी विटामिन-डी की कमी का संकेत है। इसके अलावा हाथ-पैर और जोड़ों में लगातार दर्द व ऐंठन महसूस होना भी इसकी खुराक बढ़ाने का इशारा करता है। लंबे समय तक ध्यान न देने पर ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों-मांसपेशियों में क्षरण) की शिकायत पनप सकती है, जो फ्रैक्चर का खतरा बढ़ाती है। उन्होंने विटामिन-डी की जरूरत पूरा करने के लिए दवाएं और सप्लीमेंट लेने के बजाय धूप सेंकने की नसीहत दी। विभिन्न अध्ययनों में सुबह की हल्की धूप को विटामिन-डी का सबसे बेहतरीन प्राकृतिक स्रोत करार दिया गया है। सलाह- कैल्शियम और फॉस्फ़ेट के इस्तेमाल की क्षमता बढ़ाता है विटामिन-डी, हड्डियों-मांसपेशियों की मजबूती के साथ संक्रमण से बचाव के लिए अहम। इनमें ज्यादा कमी- उम्र ढलने के साथ विटामिन-डी पैदा करने की शरीर की क्षमता कमजोर पड़ जाती है, इसलिए 50 पार लोगों में इसकी कमी आम बात है।, मोटापे के शिकार सांवले लोगों और दिन का अधिकतर समय घर-दफ्तर की चारदीवारी में गुजारने वालों में भी विटामिन-डी कम बनता है। किसे कितनी जरूरत- 15 माइक्रोग्राम विटामिन-डी रोजाना लेने की सलाह दी जाती है स्वस्थ वयस्कों को, 20 माइक्रोग्राम तक बढ़ा देनी चाहिए यह मात्रा जीवन का 50वां पड़ाव पार करते ही।

## धर्म मंत्र

# मांगलिक दोष से हैं ग्रस्त तो करें ये उपाय

मांगलिक दोष ने समाज के हर वर्ग को भयभीत कर रखा है। ऐसा माना जाता है की यदि एक मांगलिक का अमांगलिक से विवाह हो जाए तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ऐसा मानते हैं कि दोनो में से एक की मृत्यु या कुछ और अनहोनी हो सकती है। यह एक बहुत बड़ा कारण है कि मांगलिक लोगों का विवाह काफी देर और मुश्किल से होता है। इस दोष को गहराई से समझना आवश्यक है ताकि इसका भय दूर हो सके। वहीं, इस दोष को दूर करने के भी कई तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर इस दोष को कुछ कम किया जा सकता है। ये उपाय करें- कन्याओं को चाहिए कि मंगल यंत्र को अपने वस्त्रों में रखें। शुक्रवार की रात को सूखे छुहारे जल में डालकर सिरहाने रखें और गायत्री मां का ध्यान करते हुए प्रातः काल उठते ही बहते जल में या पीपल के वृक्ष पर चढ़ाएं। शादी से पूर्व भगवान विष्णु के साथ कन्या के सात फ़ेरे दिलवाने चाहिए या फिर मंडप में मंगल का जाप करवाकर हवन से मंगल शांति करा देना चाहिए। यदि कन्या की शादी दूसरी जाति में अथवा कन्या वर्ष की आयु में 7 साल या इससे अधिक का अंतर है तो मांगलिक दोष का अशुभ प्रभाव नहीं पड़ता। मंगलवार के दिन अपने वजन के बराबर तोलकर तिल मंदिर में चढ़ाएं। मंगलवार के दिन शहद रेवड़ी के सिंदूर को बहते पानी में प्रवाहित करें। वट सावित्री का व्रत और नित्य सुंदरकांड का पाठ करने से सुनने से मांगलिक दोष दूर होता है। लगातार 40 मंगलवार को मीठी रोटियां बनाकर गरीबों में बांटने से भी मांगलिक दोष दूर होता है। प्रत्येक मंगलवार को वट के वृक्ष की जड़ पर मीठा दूध चढ़ाएं और बाद में उस दूध की भीगी मिट्टी से स्वयं को तिलक लगाएं।

## पर्यटन



# चेन्नई पर्यटन स्थलः दक्षिण भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब

चेन्नई, जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी है और यह दक्षिण भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। चेन्नई की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, सुंदर समुद्र तट, और आधुनिक जीवनशैली इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यह शहर न केवल अपने व्यापारिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां के ऐतिहासिक मंदिरों, संगीत, नृत्य और काव्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। विशेष रूप से ''पंच रथ'' और ''अरजुन की तपस्या'' जैसे स्थल यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करते हैं। चेन्नई में स्थित कापालेश्वर मंदिर एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तों को शांति और ध्यान की अनुभूति कराता है। यह मंदिर चेन्नई के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। सेंट थॉमस चर्च, जो चेन्नई के सेंट थॉमस माउंट पर स्थित है, एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह चर्च ईसाई धर्म के एक प्रमुख स्थल के रूप में पहचाना जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि यहां सेंट थॉमस की ममी दफनाई गई थी। यहां का शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करता है। विवेकानंद हाउस, जो चेन्नई के समुद्र तट के पास स्थित है, स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को समर्पित एक संग्रहालय है। यहां आप स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके कार्यों के बारे में जान सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो भारतीय संतों और उनके विचारों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

# कांवड़ियों के साथ अच्छा बर्ताव रखे, श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो : डीएम

## अफसरों ने की मेला तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी लोधेश्वर महादेवा के पावन शिवधाम में चल रहा फाल्गुनी महोत्सव धीरे धीरे अपने अपने शबाब पर पहुंच रहा है।जिसके मद्देनजर जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मालूम हो कि बाराहवन की पावन धरा पर लाखों शिवभक्त नर नारी बच्चे भोलेनाथ सच्चे का जयकारा लगाते हुये कांवर लेकर और भिन्न भिन्न वाहनों से प्रतिदिन पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक कर मन वांछित फल की कामना कर रहे हैं।संपूर्ण मेला क्षेत्र हर हर बम बम बम बम भोले हर-हर महादेव के जयकारों से निरन्तर गुंजायमान है।रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक सजावट से सजी कांवड़ सभी का मन मोह रही हैं।सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर कंधों पर कांवर लिये भूख प्यास की बिना परवाह के महादेवा की ओर बढ रहे हैं।कई जत्थों में डीजे की धुन पर नाचते-गाते पुरुष महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग अपने आराध्य के दर्शन को आतुर लालायित भाव शिवधाम को पहुंच रहे हैं।मेला क्षेत्र भगवा रंग में रंगता जा रहा है।सुरक्षा और व्यवस्थाओं के मद्देनजर बुधवार को डी एम श्री त्रिपाठी और एस पी श्री वर्गीय ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों से सजगता से निगरानी और मित्रवत व्यवहार करने का निर्देश दिया।व्यवस्थाओं में निरन्तर सुधार और आकस्मिक स्थिती में त्वरित कार्यवाही के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित करने की बात कही।आला अधिकारी ने सेवा भाव से दायित्वों के निर्वाहन का गुरुमंत्र भी दिया।इस अवसर पर सी डी ओ अन्ना सुदन ए डी एम निरंकार सिंह ए एस पी विकास चन्द्र त्रिपाठी आई ए एस एस डी एम गुंजिता अग्रवाल सी ओ गरिमा पंत तहसीलदार विपुल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंद्रेश, सानिया, प्रिया व छवि का उत्कृष्ट प्रदर्शन, सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा क्षेत्र के झरसवां स्थित युगांतर विद्या मंदिर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में 'क्लीन ग्रीन एजुकेटेड विलेज फाउंडेशन' द्वारा आयोजित ऊंची उड़ान के परिंदे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सूर्यातोष सिंह एवं प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात फाउंडेशन के संस्थापक ताराचंद ने जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

जूनियर वर्ग में इंद्रेश कुमार, सानिया बानो, प्रिया वर्मा एवं छवि वर्मा को सम्मानित किया गया, जबकि सीनियर वर्ग में अंशिका वर्मा एवं आयुषी वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार अर्जित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण– पीयूष वर्मा, आशीष सिंह, सुनील हर्ष, पारुल, प्रिया, संदीप सहित अनेक अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें निरंतर परिश्रम एवं उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### भारत अमेरिका के बीच समझौता किसान विरोधी : भाकियू

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 12 फरवरी को भारत अमेरिका के बीच किसान विरोधी व्यापार समझौता के विरोध में देशव्यापी आंदोलन भारतीय किसान हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के गनौरा जिला कार्यालय पर समय 11:00 बजे एकत्रित होकर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय बाराबंकी के लिए कूच करेंगे और महामहिम राष्ट्रपति संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा उसके बाद 3:00 बजे जिला कार्यालय पर अमेरिका व भारत सरकार के बीच के समझौता की प्रतिलिपियां और पुतला जलाया जाएगा कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला महासचिव अरविंद यादव जिला महामंत्री मनीष यादव ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव चौबे ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर मनोज कुमार टीम सहित आना है अभी से तैयारी शुरू कर दें

### ठेले खुमचे वालो से कथित अवैध वसूली का आरोप

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद बाराबंकी की तहसील रामनगर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा धाम में आयोजित फगुनी मेले में ठेला लगाने वाले गरीब लोगों से कथित वसूली का मामला सामने आया है। पीड़ित ठेला संचालकों के अनुसार, मेले में अपनी रोजी–रोटी चलाने के लिए ठेला लगाने वाले छोटे व्यापारियों से राजस्व कर्मियों द्वारा पैसे लिए जा रहे हैं, लेखपाल संतोष वर्मा की अगुवाई में किए जा रहे वसूली पर सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कथित तौर पर राजस्व लेखपाल संतोष का नाम सामने आ रहा है, जिन पर ठेला संचालकों से पैसे मांगने का आरोप लगाया जा रहा है। वीडियो में कुछ लोग यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि उनसे बिना रसीद पैसा लिया गया है।

ठेला लगाने वाले लोगों का कहना है कि वे बेहद गरीब हैं और मेहनत–मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं, मेले में भारी संख्या में भंडारे चल रहे हैं जिसको खाकर दिन व्यतीत हो रहा है। उनका आरोप है कि उनसे जबरन वसूली की गई और किसी प्रकार की आधिकारिक रसीद भी नहीं दी गई। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि डर के कारण वे खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं।

इस मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक संबंधित राजस्व कर्मी या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो यह गंभीर प्रशासनिक अनियमितता का मामला हो सकता है। फिलहाल, प्रशासनिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर ,बाइक सवार की मौत

फतेहपुर –बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के महादेवा–सूरतगंज मार्ग पर मंगलवार देर शाम ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार कीी मौत हुई। थाना क्षेत्र के छेदा निवासी अफजल (38) भगवन्तापुर निवासी मित्र बिदुल(35) के साथ दोपहर में बाइक से देर शाम घर वापस घर लौट रहे थे कि महादेवा–सूरतगंज मार्ग पर स्थित बिकेपुर गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में अफजल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा बिदुल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ट्रैकर ट्रॉली को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### अतिक्रमण कारियों को नपं का अल्टीमेटम

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पंचायत ने कस्बे में बढ़ते अवैध अतिक्रमण को लै कर सख्त रुख अपनाया है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने दुकानदारों और व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटाने का अनुरोध किया। अध अधिशासीअधिकारी ने बताया कि कस्बे की मुख्य सड़कों, चौराहों और बाजारों में दुकानों के बाहर रखे गए तख्त, ठेले, शेड और अन्य अस्थायी निर्माणों के कारण यातायात बाधित हो रहा है। इससे आम जनता को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं. दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।नगर पंचायत का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि कस्बे को व्यवस्थित और सुचारू बनाना है। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील की।

### जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नवप्रवर्तक प्रदर्शनी में अमित ने बाजी मारी

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ.प्र. शासन के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर द्वारा नवप्रवर्तकों को सबल बनाने हेतु जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सुल्तानपुर की सहमति और आदेश के अनुपालन में जिलास्तरीय नवप्रवर्तक प्रदर्शनी का आयोजन कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र सुल्तानपुर में 11 फरवरी 2026, बुधवार को किया गयाद्य प्रदर्शनी का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर सूर्य प्रकाश सिंह और विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। सुल्तानपुर के ग्रामीण अंचल से आए हुए असंगठित क्षेत्रों के 200 से अधिक कृषक, मजदूर और श्रमिकों ने अपने नव प्रवर्तन का प्रस्तुतीकरण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक व मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश सिंह ने नव प्रवर्तकों को संबोधित करते हुए बताया कि असंगठित क्षेत्र में नवाचार से भारत की अर्थ व्यवस्था को बल मिलेगा तथा हमारे कृषक, मजदूर और श्रमिकों को आत्मनिर्भरता मिलेगी। विशिष्ठ अतिथि जटा शंकर ने प्राकृतिक खेती और स्वदेशी तकनीकी द्वारा कार्य को संपादन करने की विधियों को रेखांकित किया। तकनीकी विशेषज्ञ डॉ ए के सिंह ने नवप्रवर्तन के महत्व और आवश्यकता को विस्तार से बताया तथा प्रदर्शनी में सम्मिलित नवप्रवर्तनों को सराहा। प्रतियोगिता में प्रथम अमित सिंह धरौली , द्वितीय आनंद सिंह जजरही, तृतीय पुरस्कार केवला देवी कूरेभार ने प्राप्त किया। जमील अहमद, हनुमान सिंह, पूर्णमासी, मोनू कुमार और निर्मला देवी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राकृतिक मोती उत्पादन, खेतों की गुढाई की घरेलू मशीन, फसलों बुवाई की ऑटोमेटिक मशीन, मूंगफली छीलने की मशीन, सोलर विधि के फसल सुरक्षा तथा नील गाय से सुरक्षा के मशीन आदि ने दर्शकों की वाहवाही लूटी।प्रथम पुरस्कार 8000, द्वितीय पुरस्कार 5000, तृतीय पुरस्कार 3000, तथा 2000 रुपए के 05 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। साथ ही पेटेंट के लिए चुने गए नवप्रवर्तन को 15000 रुपए का सहयोग प्रदान के लिए प्रस्ताव किया गया। जिला समन्वयक शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को नवप्रवर्तन के प्रति जागरुक करना बताया, जिससे अधिक से अधिक लोग नवप्रवर्तन गतिविधियों के महत्व को जान सके। कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र सुल्तानपुर के विशेषज्ञ डॉ ए के सिंह, डॉ अतुल सिंह, डॉ सी के त्रिपाठी और कौशल मिश्र आदि उपस्थिति रहे। माध्यमिक शिक्षा सुल्तानपुर के जिला समन्वयक अखिलेश पांडे ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने किया।

### प्रगतिशील किसान ने एसपी को भेंट किया 'काली आलू' व श्री अन्न का मिक्स आटा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने पुलिस अधीक्षक का अभिनव तरीके से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने काली आलू की उन्नत प्रजाति कुफरी नीलकंठ तथा श्री अन्न (मोटे अनाज) से तैयार मिक्स आटा उपहार स्वरूप भेंट किया। किसान जमील अहमद ने बताया कि काली आलू की कुफरी नीलकंठ प्रजाति पोषक तत्वों से भरपूर है और बाजार में इसकी अच्छी मांग है। वहीं श्री अन्न से तैयार मिक्स आटा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और किसानों के लिए आय का नया स्रोत भी बन रहा है। एसपी मैडम ने किसान की नवाचारी सोच और कृषि के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जिले के प्रगतिशील किसान नई तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे हैं। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी जमील अहमद की पहल की सराहना की।

# ग्रामीणों से सीधे संवाद की नई पहल: बाराबंकी पुलिस की चौपाल में एक दिन में कई समस्याओं का त्वरित निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एक नई और सराहनीय पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार को जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर प्राथमिक स्तर पर ही उनका निस्तारण कराना है, ताकि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत हो तथा जनसंवाद को नई दिशा मिल सके।


इसी क्रम में दिनांक 11 फरवरी 2026 को जनपद के समस्त थानों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, धन की लेन-देन, चकमार्ग, नाली व सार्वजनिक रास्तों से संबंधित विवाद सुने गए और कई मामलों का मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर समाधान कराया गया। इस त्वरित कार्यवाही की ग्रामीणों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल , चौकी इंचार्ज आदित्य पाल द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही शस्त्र धारकों एवं हिस्ट्रीशीटरों के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव, यातायात जागरूकता तथा विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 108, 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त ड्रोन देखे जाने को लेकर फैल रही अफवाहों के संबंध में भी ग्रामीणों को सतर्क किया गया।

#### चौपाल में निस्तारित प्रकरण

थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ज्ञानमती खेड़ा (मजरा रामनगर) में सार्वजनिक रास्ते को लेकर चल रहे विवाद का पुलिस द्वारा मौके पर ही सफल निस्तारण कराया गया। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी की इस पहल को जनहित में एक सकारात्मक और प्रभावी कदम बताते हुए निरंतर जारी रखने की मांग की है।

# हनुमंत महायज्ञ आयोजन, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील अंचल में दुल्हदेपुर कुटी धाम के श्री राम जानकी मंदिर बजरंग व्यायामशाला प्रांगण आयोजित 10 दिवसीय श्री हनुमंत महायज्ञ एवं सामूहिक कन्या विवाह तारतम्य में तीसरे दिवस बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकली, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं भी शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत बाबा बलराम दास ने किया। यह कलश यात्रा आश्रम से शुरू होकर सरयू नदी तक पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। यात्रा में ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन भी शामिल थे।कलश यात्रा में क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिलाएँ, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर भक्त नाचते हुए चल रहे थे। इस दौरान प्रहलाद कुमार, विमल अनिल पाण्डेय और रवि सिंह सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा और कोतवाली टिकैतनगर के कोतवाल मनोज कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल और पीएसी बल मुस्तैद रहे।

### बजट विकसित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने का रोड मैप - सुशील त्रिपाठी

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 2026-27 का 10 वां बजट बुधवार को पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी सरकार के इतिहास का सबसे बड़ा 9 लाख,12 हजार 696 करोड़ का बजट पेश किया।बजट की प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा यह बजट विकसित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने का रोड मैप है। बजट में गरीब, अन्नदाता, किसान,युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक व ग्रामीण विकास पर विशेष फोकस किया गया है। यह बजट सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान और हर हाथ को काम देने के लिए समर्पित है। पिछले 9 वर्षों में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकाले है।सरकार ने पिछले 9 सालों में कोई नया टैक्स नही लगाया है। बजट में निवेश और रोजगार पर विशेष फोकस है। आज उत्तर प्रदेश देश की टॉप 3 इकोनामी में एक है। सरकार बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत से नीचे लेकर आने में सफल हुई हैं।

# पॉड कास्टिंग लैब का हुआ शुभारंभ

## राज्य सूचना आयुक्त ने फीता काटकर किया उदघाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जिले में प्रथम पॉड कास्टिंग लैब का उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि को श्री कृष्ण पांडेय द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। नगर क्षेत्र के सौरमऊ स्थित नेशन व्यू 24 चैनल के पॉड कास्टिंग लैब के शुभारंभ के अवसर पर पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आज इस ऐतिहासिक धरती पर संवाद की नई संस्कृति का शुभारंभ हो रहा है। यह केवल तकनीकी का उद्घाटन नहीं बल्कि विचारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति और जागरूक नागरिकता के सशक्त मंच की स्थापना है। जिले के इस प्रथम पॉडकास्ट चैनल से युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को ज्ञान विचार मंच मिलेगा। किसानों ,मजदूरों व सामाजिक व्यक्तियों को अपनी बात रखने का शसक्त माध्यम होगा। उन्होंने जिले की यह पहल अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बनेगी और यह केंद्र पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में कमला विद्या मंदिर की नन्हीं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी लखनऊ की एंकर शालिनी सिंह द्वारा किया गया और लोक गायक दीन बंधु सिंह ने भी प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इस मौके पर परियोजना निदेशक अशोक सिंह,भाजपा नेता प्रदीप मिश्रा सरकार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, पूर्व मंत्री डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी, सपा नेता अशोक सिंह बिसेन, सलमान खान, कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, अरविंद चतुर्वेदी, किसान यूनियन गिरीश पांडेय सहित पत्रकार अंकित राय, श्याम चंद्र श्रीवास्तव, अनिल द्विवेदी, योगेश यादव, राजदेव शुक्ला, पवन मिश्र, पंकज पांडेय, दीपक सिंह, इम्तियाज रिजवी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# भारत बनाम नामीबिया: अभिषेक की तबीयत खराब होने से मेजबान टीम चिंतित

एजेंसी




नयी दिल्ली। मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है। भारत अगर टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करना चाहेगा ताकि उसके बल्लेबाजों को पर्याप्त अवसर मिल सके। नामीबिया का गेंदबाजी आक्रमण खास नहीं है और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रही कोई भी टीम उसको छठी का दूध याद दिला सकती है। भारत के लिए पेट के संक्रमण और वायरल बुखार के कारण अभिषेक का अस्पताल में भर्ती होना चिंताजनक है। भले ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाए, लेकिन रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बड़े मैच से पहले उन्हें पूरी तरह से ठीक होने का मौका देने के लिए मैदान पर उतारना उचित नहीं होगा, क्योंकि उस मैच में अभिषेक की मौजूदगी विपक्षी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती साबित होगी। नामीबिया के खिलाफ मैच खराब फॉर्म से जूझ रहे संजू सैमसन के लिए लय में लौटने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है, क्योंकि लगातार असफलताओं के चलते उन्हें अपनी जगह ईशान किशन के हाथों गंवानी पड़ी, जो इस समय शानदार फॉर्म में हैं। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा, ''संजू अच्छा महसूस कर रहे हैं और चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर टीम में अपनी भूमिका को समझ रहे हैं। वह एक नेक इंसान हैं, टीम के साथ उनका व्यवहार अच्छा है, वह अच्छी तरह से अभ्यास कर रहे हैं और टीम में हम सभी से यही उम्मीद करते हैं। भारत की मजबूत बल्लेबाजी को रोकना नामीबिया के लिए कड़ी चुनौती होगी। उनके बल्लेबाजों के लिए जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या की गेंदों का सामना करना और भी चुनौतीपूर्ण होगा। नामीबिया के शीर्ष छह बल्लेबाजों में से केवल ऑलराउंडर जेजे स्मिट का स्ट्राइक रेट 140 से अधिक है। चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया की टीम के लिए बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है क्योंकि वे आमतौर पर इतने उच्च स्तर के गेंदबाजों का सामना नहीं करते हैं।

# डबल सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका की रोमांचक जीत, गुरबाज की पारी पर फिरा पानी

एजेंसी



अहमदाबाद। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 13वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में हराकर 'ग्रुप ऑफ डेथ' से बाहर होने से खुद को बचा लिया। दोनों टीमों ने निर्धारित 20 ओवर में 187-187 रन बनाए, जिसके बाद मैच सुपर ओवर में गया और फिर दूसरा सुपर ओवर खेला गया। अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी और एक विकेट शेष था। कागिसो रबाडा ने दबाव में दो नो-बॉल फेंकी, जिससे मुकाबला बराबरी पर पहुंच गया। रन लेने में हुई एक गलती के कारण मैच टाई हो गया और सुपर ओवर की नौबत आई। पहले सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने लुंगी एनगिडी के खिलाफ 17 रन बनाए। जवाब में ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मैच को दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया। दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत 23 रन बनाए। अफगानिस्तान को 24 रन का लक्ष्य मिला। केशव महाराज की गेंदबाजी में मोहम्मद नबी आउट हुए, लेकिन रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने लगातार तीन छक्के जड़कर उम्मीद जगाई। आखिरी गेंद पर छह रन की जरूरत थी, लेकिन गुरबाज़ पॉइंट पर कैच आउट हो गए और अफगानिस्तान की उम्मीदें टूट गईं। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी अफगान टीम ने शुरुआत में ऐडन मार्करम का विकेट झटका। इसके बाद क्विंटन डी कॉक (59 रन, 41 गेंद) और रयान रिकेल्टन (61 रन, 28 गेंद) ने शानदार साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। डी कॉक टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए (737 रन)। राशिद खान ने दोनों सेट बल्लेबाजों को आउट कर मैच में वापसी कराई। अंत में डेविड मिलर (नाबाद 20) और मार्को यानसन (16 रन, 7 गेंद) की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 187/6 का स्कोर खड़ा किया। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 3 विकेट लिए। रहमानुल्लाह गुरबाज़ (84 रन, 42 गेंद) और इब्राहिम जादरान ने तेज शुरुआत दी। हालांकि बीच के ओवरों में लुंगी एनगिडी और रबाडा ने विकेट लेकर दबाव बनाया। कप्तान राशिद खान ने 20 रन की तेज पारी खेली, लेकिन आखिरी ओवर के रोमांच ने मुकाबले को टाई करा दिया। अंततः डबल सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने बाजी मार ली और अफगानिस्तान को दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

# ओमान के खिलाफ श्रीलंका के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

पल्लीकल। श्रीलंका की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच में ओमान का सामना करेगी तो उसकी निगाह अपनी बल्लेबाजी विशेषकर बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करने और चोटिल वानिंदु हसरंगा के बाहर हो जाने के बाद नया गेंदबाजी संयोजन तैयार करने पर होगी। स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। आईसीसी के इस टूर्नामेंट से पहले श्रीलंका का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उसे इंग्लैंड से घरेलू श्रृंखला में 0-3 से करारी हार मिली थी। हालांकि टूर्नामेंट की सह-मेजबान टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 20 रन की जीत के साथ अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। इस मैच में हालांकि उसकी स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी उजागर हो गई। आयरलैंड ने जब स्पिन गेंदबाज लगाए तो श्रीलंका के बल्लेबाज सातवें और 15वें ओवर के बीच एक भी चौका नहीं लगा सके। ओमान इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगा। अगर कामिंदु मेंडिस ने आखिरी ओवरों में 19 गेंदों पर 44 रन बनाकर श्रीलंका को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक नहीं पहुंचाया होता तो हालात बदतर हो सकते थे। जहां कामिंदु ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाए वहीं कुसल मेंडिस ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक लगाया। टीम को सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका और कामिल मिशारा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में विफल रहे। हसरंगा ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। चोटिल होने के बावजूद उन्होंने अपने चार ओवर पूरे किए और तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। उनकी जगह दुशान हेमंथा को टीम में शामिल किया गया है जिन्होंने अभी तक केवल पांच वनडे और तीन टी20 मैच खेले हैं। ऐसे में पहले मैच में भी तीन विकेट लेने वाले स्पिनर महेश थीक्षाना को अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालनी होगी। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसे जिम्बाब्वे के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। चौथी बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे ओमान को तेज गेंदबाजी और अतिरिक्त उछाल के सामने संघर्ष करना पड़ा। कोलंबो में उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचने में भी नाकाम रहे। कप्तान जतिंदर सिंह जानते हैं कि उनकी टीम को अगर श्रीलंका के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उनके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि पिछले मैच में उसके गेंदबाजों ने अच्छा खेल दिखाया था।

# इटली के खिलाफ नेपाल की निगाह जीत दर्ज करने पर

एजेंसी




मुंबई। अपने पहले मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर देने वाला नेपाल गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में जीत हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इटली की टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है जबकि नेपाल ने 12 साल पहले इस टूर्नामेंट में पदार्पण किया था। उसने 2014 में हांगकांग और अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उसके बाद नेपाल एक भी मैच नहीं जीत पाया है। दिलचस्प बात यह है कि नेपाल तीन मौकों पर टेस्ट खेलने वाले देशों को हराने के बेहद करीब पहुंचा, लेकिन आखिर उसे हार का सामना करना पड़ा था। वह 2024 में दक्षिण अफ्रीका से सिर्फ एक रन से और बांग्लादेश से 21 रन से हार गय था। लेकिन पिछले रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ वह एक समय लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गया था लेकिन आखिर में उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के बाद हालांकि नेपाल के क्रिकेटरों को सुर्खियां मिल गई हैं जिन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है। नेपाल की टीम ने इस मैच में पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी थी। उसे दर्शकों का भी भरपूर समर्थन मिला था और इटली के खिलाफ भी पूरी संभावना है कि दर्शक उसे पूरा समर्थन देंगे। कुशल भुर्टेल के रूप में नेपाल के पास शीर्ष क्रम में ऐसा बल्लेबाज है जो आक्रामक शुरुआत दे सकता है, वहीं दीपेंद्र सिंह ऐरी, कप्तान रोहित पौडेल और आरिफ शेख मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। लोकेश बाम ने अपने आक्रामक स्ट्रोक प्ले से इंग्लैंड के खिलाफ एक बड़ा उलटफ़ेर करने की संभावना जगा दी थी। उन्होंने जोफ्रा आर्चर और आदिल राशिद जैसे कुशल गेंदबाजों को निशाने पर रखा था। नेपाल को हालांकि कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। इंग्लैंड के खिलाफ बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने बीच के ओवरों में पर्याप्त चौके नहीं लगाए। उन्हें विकेटों के बीच दौड़ में भी सुधार करना होगा। दूसरी ओर इटली टूर्नामेंट के पहले मैच में स्कॉटलैंड से मिली 73 रन की करारी हार को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगा। इस मैच के दौरान इटली के कप्तान वेन मैडसेन के कंधे में भी चोट लग गई थी और पूरी संभावना है कि नेपाल के खिलाफ हैरी मैनेंटी टीम की कप्तानी करेंगे। इटली ने गेंदबाजी के सात विकल्पों का इस्तेमाल किया, लेकिन वह उस टीम को रोकने में विफल रही जिसकी टूर्नामेंट से पहले की तैयारी आदर्श नहीं थी। बांग्लादेश को बाहर किए जाने के कारण स्कॉटलैंड को अंतिम समय में टूर्नामेंट में जगह मिली थी। नेपाल के खिलाफ इटली को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसके सभी बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि पिछले मैच में उसके छह बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट किया पेश

**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट (आय-व्ययक अनुमान) राज्य विधानसभा में बुधवार को पेश किया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 2026-27 में 21 लाख 52,100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सदन की बैठक शुरू होते ही वित्त मंत्री ने राज्य के वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान और वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान विधानसभा में पेश किए। अपने बजट भाषण में उन्होंने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए प्रदेश को आर्थिक समृद्धि, सतत व समावेशी विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा, '' विकसित राजस्थानअ2047 को साकार करने के लिए इस विकास यात्रा में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति की अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नीत हमारी सरकार ने सेवा, समर्पण एवं सुशासन को प्राथमिकता दी है। वित्त मंत्री ने कहा, '' मुझे सदन को अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे द्वारा किए गए ढांचागत सुधार व कुशल वित्तीय प्रबंधन से पिछली सरकार के अंतिम वर्ष की तुलना में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार 41.39 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 21 लाख 52,100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय भी 1.67 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति पर दो लाख के पार पहुंच जाएगी। अपने बजट भाषण में उन्होंने जलदाय विभाग में नई जल नीति लाने सहित अनेक घोषणाएं कीं।

## दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 2025 में रिकॉर्ड 9.52 करोड़ यात्रियों ने किया सफर

**दुबई।** दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, 2025 में भी दुनिया का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा रहा। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि 2025 में रिकॉर्ड 9.52 करोड़ यात्रियों ने इसके टर्मिनल से सफर किया, जो अमीरात की जारी आर्थिक तेजी को दर्शाता है। वैश्विक महामारी के बाद के वर्ष में हवाई अड्डे की गतिविधियों में तेज उछाल आया है। इसे वैश्विक यात्रा रुचि के साथ-साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई में बढ़ते पर्यटन, व्यापार एवं रियल एस्टेट अवसरों से बल मिला है। दुबई में पिछले साल पर्यटकों की संख्या पांच प्रतिशत बढ़कर 1.96 करोड़ तक पहुंच गई। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब रिकॉर्ड आंकड़े दर्ज किए गए। सार्वजनिक क्षेत्र का हवाई अड्डा लंबी दूरी की विमानन कंपनी एमिरेट्स का केंद्र है जो अमीरात में 'दुबई इंक.' के नाम से जानी जाने वाली सरकारी व सरकार से जुड़ी कंपनियों के नेटवर्क को मजबूती देता है। दुबई एयरपोर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पॉल ग्रिफिथ्स ने कहा कि 2025 में दुबई अंतरराष्ट्रीय ने यह दिखा दिया, '' रिकॉर्ड यातायात अब कोई अपवाद नहीं बल्कि इसकी संचालन वास्तविकता का हिस्सा बन चुका है। दुबई हवाई अड्डे से 2024 में 9.23 करोड़ यात्रियों ने सफर किया था जबकि 2023 में यह आंकड़ा 8.69 करोड़ रहा। 2019 में वैश्विक महामारी से ठीक पहले यात्रियों की संख्या 8.63 करोड़ रही थी और 2018 में 8.91 करोड़ थी। दुबई अंतरराष्ट्रीय से उड़ान भरने वाले यात्रियों के लिए भारत शीर्ष गंतव्य रहा जहां 1.19 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। इसके बाद सऊदी अरब (75 लाख) और ब्रिटेन (63 लाख) का स्थान रहा। इस हवाई अड्डे से 108 विमानन कंपनियां 110 देशों के 291 शहरों के लिए उड़ानें संचालित करती हैं।

## भारत के साथ व्यापार समझौते पर संशोधित दस्तावेज से व्हाइट हाउस ने ''कुछ दालों'' का जिक्र हटाया

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने अंतरिम व्यापार समझौते पर जारी संशोधित दस्तावेज में उन अमेरिकी उत्पादों की सूची से ''दालों'' का जिक्र हटा दिया है जिन पर भारत के शुल्क समाप्त करने या कम किए जाने की बात कही गई थी। व्हाइट हाउस ने ''अमेरिका और भारत ने की ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा'' शीर्षक से एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) सोमवार को जारी किया था। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने इसे जारी किया। इसमें समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है जैसे कि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा।

# देश का निर्यात जनवरी में सकारात्मक रहने की उम्मीद: वाणिज्य सचिव

एजेंसी

न्यूर्नबर्ग (जर्मनी)। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत ने व्यापार समझौतों में हमेशा उन क्षेत्रों को लेकर ''स्पष्ट सोच'' रखी है जो देश के लिए ''बेहद'' संवेदनशील हैं और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते में ऐसे सभी प्रमुख क्षेत्रों की पूरी तरह रक्षा की गई है।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष संयुक्त बयान को कानूनी समझौते में बदलने पर काम कर रहे हैं जिसे मार्च के अंत तक अंतिम रूप देकर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। अग्रवाल ने यहां पत्रकारों से कहा, '' भारत ने हमेशा सभी समझौतों पर स्पष्ट सोच के साथ बातचीत की है। जो भी क्षेत्र भारत के लिए बेहद संवेदनशील हैं, जहां हमें लगता है कि हमारे किसान, मछुआरे, दुग्ध क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं, वहां हमने अपने साझेदार देशों को साफ बता दिया है कि भारत ऐसे मामलों में बाजार नहीं खोल सकता या पहुंच नहीं दे सकता। उन्होंने कहा, '' अगर आप पिछले एक साल में किए गए सभी समझौतों को देखें। हमने पांच व्यापार समझौते किए हैं। सभी में संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा की गई है। अमेरिका के साथ भी सभी प्रमुख संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है। जहां थोड़ी संवेदनशीलता थी, वहां हमने शुल्क दर 'कोटा' व्यवस्था का इस्तेमाल किया ताकि बाजार तक पहुंच सीमित रहे और हमारे किसानों पर असर न पड़े। इस महीने की शुरुआत में घोषित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत भारत ने मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा है। इन वस्तुओं पर अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी गई है। ये उत्पाद संवेदनशील हैं क्योंकि इनका संबंध देश के छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका से है। अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी भारत ने संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों पर आयात शुल्क में कोई रियायत नहीं दी है। भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है। कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियां जैसे पशुपालन भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनसे 50 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट आधारित है, वहीं भारत में यह आजीविका का सवाल है। भारतीय कृषि क्षेत्र को वर्तमान में घरेलू किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए मध्यम से उच्च शुल्क एवं नियामकीय उपायों के जरिये संरक्षण दिया गया है। भारत को 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। प्रमुख निर्यातों में बादाम (छिलके सहित, 86.8 करोड़ डॉलर), पिस्ता (12.1 करोड़ डॉलर), सेब (2.1 करोड़ डॉलर) और एथेनॉल (एथिल अल्कोहल, 26.6 करोड़ डॉलर) शामिल हैं।

# पटसन भंडारण पर रोक के आईजेएमए के प्रस्ताव का 'बेलर्स' संघ ने किया विरोध, केंद्र को लिखा पत्र

एजेंसी

कोलकाता। पटसन 'बेलर्स' के एक संगठन ने कच्चे पटसन के भंडारण पर प्रतिबंध लगाने की इंडियन जूट मिल्स एसोसिएशन (आईजेएमए) की सिफारिश का विरोध करते हुए केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय को पत्र लिखा है। संगठन का कहना है कि यह कदम आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करेगा और किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाएगा। 'बेलर्स', कच्चा जूट खरीदने-भंडारण करने वाले कारोबारी हैं। 'जूट बेलर्स एसोसिएशन' ने मंत्रालय को भेजे पत्र में 'बेलर्स' और व्यापारियों द्वारा कच्चे रेशे के भंडारण पर पाबंदी लगाने के आईजेएमए के प्रस्ताव के खिलाफ अपना पक्ष रखा है। वस्त्र मंत्रालय को दी गई अपने प्रतिवेदन में आईजेएमए ने कच्चे पटसन की अभूतपूर्व कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए निजी स्तर पर कच्चे पटसन के व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। एसोसिएशन का कहना है कि ऊंची कीमतों के कारण मिल में उत्पादन को घटाना पड़ रहा है और रोजगार जा रहे हैं। आईजेएमए ने बांग्लादेश को पटसन बीज निर्यात पर रोक लगाने की भी मांग की है। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को शहर में थे और उन्होंने इस मुद्दे पर बैठक की जिसमें आईजेएमए ने उन्हें स्थिति से अवगत कराया। 'बेलर्स', किसानों से कच्चा पटसन खरीदने, उसकी 'ग्रेडिंग' एवं भंडारण करने तथा पूरे साल मिल को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। संघ ने तर्क दिया कि भंडारण पर प्रतिबंध लगाने से यह व्यवस्था प्रभावित होगी और बाजार में अनावश्यक उतार-चढ़ाव उत्पन्न होगा। 'बेलर्स' संगठन ने वस्त्र मंत्रालय से आईजेएमए की सिफारिश को स्वीकार न करने और कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी हितधारकों से परामर्श करने का आग्रह किया है। संघ का कहना है कि 'बेलर्स' द्वारा भंडारण से कीमतें स्थिर रहती हैं और उद्योग को गुणवत्तापूर्ण पटसन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होती है।

# अकासा एयर के सह-संस्थापक प्रवीण अय्यर ने दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली। अकासा एयर के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दे दिया है। विमानन कंपनी में चार महीने के भीतर वरिष्ठ स्तर पर यह दूसरा इस्तीफा है। अकासा एयर ने बुधवार को बयान में कहा कि पांच वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा के बाद अय्यर ने अपने जीवन के अगले अध्याय की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया कि वह 30 अप्रैल 2026 तक नेतृत्व दल के साथ मिलकर का करेंगे। अय्यर, नीलू खत्री के बाद विमानन कंपनी छोड़ने वाले दूसरे सह-संस्थापक हैं। खत्री ने अक्टूबर 2025 में पद छोड़ा था। अकासा एयर के वर्तमान में चार सह-संस्थापक आदित्य घोष, आनंद श्रीनिवासन, बेलसन कुटिन्हो और भाविन जोशी हैं। अकासा एयर ने सात अगस्त 2022 से उड़ान संचालन शुरू किया था।

# एफडीटीएल मानकों के पालन के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे: इंडिगो

एजेंसी




नयी दिल्ली। इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को बताया है कि संशोधित पायलट ड्यूटी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक परिचालन, 'रोस्टरिंग' और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

विमान कंपनी इंडिगो को दिसंबर में बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधान के बाद नियामकीय कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। विमानन कंपनी को नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त होने के बाद, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को बयान जारी कर कंपनी की ओर से दी गई प्रगति रिपोर्ट एवं आश्वासन की जानकारी दी। इंडिगो में परिचालन का अत्यधिक अनुकूलन, अपर्याप्त नियामक तैयारी, सिस्टम सॉफ्टवेयर समर्थन में कमियां एवं प्रबंधन संरचना और परिचालन नियंत्रण में खामियां उन प्रमुख कारणों में से थीं जिनके कारण व्यवधान उत्पन्न हुए, जिसके बाद डीजीसीए ने विमानन की शीतकालीन निर्धारित उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती भी की थी। इंडिगो के तीन से पांच दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द किए जाने की पृष्ठभूमि में, डीजीसीए ने संशोधित एफडीटीएल मानकों के क्रियान्वयन में कुछ ढील देने के लिए विमानन कंपनी के अनुरोध को 10 फरवरी तक का समय दिया था। डीजीसीए की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इंडिगो ने बताया है कि दिया गया समय समाप्त होने के बाद वह वैधानिक प्रावधानों के पालन और नौ अक्टूबर 2025 को स्वीकृत एफडीटीएल योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। विमानन कंपनी ने कहा कि 11 फरवरी 2026 से स्वीकृत एफडीटीएल योजना के पूर्ण अनुपालन के लिए सभी जरूरी परिचालन, 'रोस्टरिंग' और निगरानी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। एफडीटीएल से जुड़ी छूट पायलट की रात्रिकालीन ड्यूटी अवधि और रात में विमान उतारने (लैंडिंग) से संबंधित थी। डीजीसीए ने कहा कि उड़ान संचालन को स्थिर करने के लिए दी गई दोनों छूटें निर्धारित शर्तों, प्रति घंटे उड़ान संचालन आंकड़े जमा करने तथा साप्ताहिक/पाक्षिक परिचालन प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपने के अधीन थीं। इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी दिसंबर में घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी, जो नवंबर में 63.6 प्रतिशत थी तब वह प्रतिदिन करीब 2,200 उड़ानों का संचालन करती थी। बयान में डीजीसीए ने कहा कि छूट की अवधि के दौरान इंडिगो के उड़ान संचालन की नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से करीबी निगरानी की गई तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियामक अधिकारियों को विभिन्न हवाई अड्डों पर तैनात किया गया। इसके अलावा, उड़ान संचालन निरीक्षकों को वास्तविक समय निगरानी के लिए इंडिगो के संचालन नियंत्रण केंद्र में तैनात किया गया जिससे छूट अवधि के दौरान निरंतर नियामकीय निगरानी बनी रही।

एम.एम. नरवणे के पुस्तक विवाद

# पेंगुइन इंडिया के प्रतिनिधियों को समन जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा (स्पेशल सेल) ने प्रकाशक 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' को नोटिस जारी कर उसके प्रतिनिधियों को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे के संस्मरण, 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी', के आधिकारिक प्रकाशन से पहले इसके कथित तौर पर सार्वजनिक होने की जांच के संबंध में यह कार्रवाई की गई है। इस पुस्तक के मुद्रण से पहले सार्वजनिक होने के संबंध में पहले ही एक मामला दर्ज किया गया था। इस पुस्तक में 2020 की गलवान घाटी झड़प का विवरण शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब मौजूदा प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में आपराधिक षडयंत्र की धाराएं जोड़कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। प्रकाशक को यह नोटिस पुस्तक की स्थिति पर हाल ही में हुए विवाद के बाद दिया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनरल नरवणे के 2023 के एक सोशल मीडिया संदेश का उल्लेख किया था, जिसमें कहा गया था कि पुस्तक ''अब उपलब्ध है''। इसके जवाब में, 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' ने मानक प्रकाशन प्रक्रियाओं पर एक स्पष्टीकरण जारी किया। प्रकाशक ने कहा कि किसी पुस्तक की घोषणा करना या उसे प्री-ऑर्डर या पूर्व-आदेश के लिए सूचीबद्ध करना उसके प्रकाशन के समान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुस्तक को केवल तभी प्रकाशित माना जाता है जब वह भौतिक रूप से खुदरा दुकानों पर खरीद के लिए उपलब्ध हो। कंपनी ने पहले यह दावा किया था कि इस संस्मरण की कोई भी प्रति, चाहे वह मुद्रित हो या डिजिटल, अब तक प्रकाशित, वितरित या बेची नहीं गई है। विशेष शाखा कथित तौर पर जानकारी लीक होने के मामले की जांच कर रही है और अधिकारी डिजिटल तथा अन्य साक्ष्यों का परीक्षण कर रहे हैं।

# बजट में सभी राज्यों के साथ न्याय किया गया है : सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बजट 2026-27 में केंद्र सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल सहित सभी राज्यों के लिए जरूरी आवंटन उपलब्ध कराया गया है लेकिन कुछ दल राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं और केंद्रीय मदद को लेकर गलत तस्वीर पेश करने का प्रयास कर रहे हैं।

श्रीमती सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2026-27 पर तीन दिन की सामान्य चर्चा का तर्क, तथ्य और तीखे अंदाज में जवाब देते हुए बुधवार को कहा कि अपने समय में डब्ल्यूटीओ में भारत के किसानों और गरीबों के हितों के साथ समझौता करने वाले और शर्मअल शेख में आतंकवाद को लेकर भारत और पाकिस्तान को एक साथ रखने वाले लोग आज मोदी सरकार पर देश बेचने का आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने अपने जवाब में बजट में रोजगार के लिए प्रावधान के अभाव और गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेले व्यवहार और बजट के आंकड़ों पर सवालों का तथ्यवार जवाब देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में वहां की सरकारों के तौर तरीके और माहौल के कारण निवेश प्रभावित हुआ है। उन्होंने घोषित परियोजनाओं पर काम नहीं होने आरोपों को खारिज करते हुए रेलवे का उदाहरण दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि रेलवे परियोजनाओं की घोषणा किसी भी की हो उसे पूरा किया जाना चाहिए और इस क्रम में 1990 से लटकी 28 परियोजनाओं को मोदी सरकार ने पूरा किया है और 2000 से 2014 के बीच की करीब 150 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में मुख्यरूप से विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और केरल के वामपंथी सदस्यों पर जवाबी हमला किया और उनकी बातों को तथ्यहीन साबित करने के लिए बजट के आंकड़े प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ समझौते को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी श्री मोदी पर हमले कर रहे हैं



लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि श्री मोदी हथियार डालने वाले नहीं बल्कि खड़े होकर बात करने वाले हैं। साल 2013 में मनमोहन सरकार के समय इंडोनेशिया के बाली में डब्लूटीओ में कांग्रेस सरकार ने ऐसा समझौता कर लिया था कि 2017 के बाद सरकार न तो किसानों से सरकारी भंडार के लिए अनाज खरीद पाती और ना ही गरीबों को सस्ते दर अनाज का वितरण किया जा सकता था लेकिन मोदी सरकार ने डब्लूटीओ में जाकर उसे चुनौती दी। श्रीमती सीतारमण ने कहा मोदी सरकार न आती तो बाली समझौते की शर्तों के चलते भारत में किसान सड़क पर आ जाते। उन्होंने कहा कि बाली में ही मनमोहन सरकार ने व्यापार सुविधाओं को लेकर करार भी किया था जो भारत के हितों के खिलाफ था। वित्त मंत्री ने पाकिस्तान में आतंकवाद को लेकर शर्मअलशेख घोषणा पत्र में भारत के उल्लेख को स्वीकार करने के लिए भी तत्कालीन सरकार के निर्णयों का उल्लेख करते हुए विपक्ष के नेता की खिंचाई की। उन्होंने सवाल किया ''अमेरिका भारत समझौते को लेकर मोदी की आलोचना करने वाले बताएं कि 2009 में शर्मअलशेख में भारत पाकिस्तान को जोड़ने वाले कौन हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगता है बजट को पढ़े बिना ही उसकी आलोचना की है। उन्होंने देश का डेटा बाहर भेजने के आरोप पर कहा कि सरकार ने बजट में डाटा सेंटर की स्थापना को प्रोत्साहन दिया गया है ताकि देश का डाटा देश में रहे और उसका प्रबंधन हमारे युवा करें। बजट में एआई इंडिया मिशन के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर 2.0 मिशन शुरु किया गया है, खाद्य सुरक्षा के लिए 2.27 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और 80 करोड़ रुपए मुफ्त भोजन की योजना जारी रखी गयी है। खाद्य प्रसंस्करण के लिए 4 हजार 66 करोड़ रुपए की नयी योजना शुरु की गयी है। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के समय खाद्य महंगाई की दर 11 प्रतिशत से अधिक चली गयी थी और इस समय यह दो प्रतिशत से भी कम है। मोदी सरकार ने आर्थिक स्थिरता के लिए बायोटेक्नालॉजी, ऊर्जा आदि के लिए कितना पैसा केंद्र ने देनी की व्यवस्था बजट में की है इसके बारे में विपक्ष के नेता को पता ही नहीं है। श्रीमती सीतारमण ने पैदा होने, स्कूल जाने से लेकर अंतिम संस्कार में लगने वाली धूप बत्ती पर कर के बोझ लादने वाले तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी के भाषण का करारा जवाब देते हुए कहा कि दूध, कापी किताब और पेंसिल और अगरबत्ती पर शुरु से ही कोई जीएसटी नहीं है। उन्होंने कहा ''इस मामले में मुझे अपने साथी मंत्री गिरिराज सिंह की यह बात सही लगती है कि पश्चिम बंगाल में ये सब चीजों पर तृणमूल कर लगता है।

# पोखरण में वायु सेना 27 फरवरी को 'वायु शक्ति' के जरिये दिखाएगी ऑपरेशन 'सिंदूर' की झलक

एजेंसी

**वायु सेना के उप प्रमुख ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले में राफ़ेल को बताया 'हीरो'**

नई दिल्ली। वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमला किया, जिसमें राफ़ेल एक 'हीरो' था। पाकिस्तान के खिलाफ हवाई संघर्ष के बाद 27 फरवरी को जैसलमेर के पोखरण में होने वाले पहले 'वायु शक्ति' में ऑपरेशन 'सिंदूर' की झलक दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से यह सन्देश साफ था कि आतंकवाद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी धरती पर किए गए हर आतंकी कार्य का जवाब दिया जाएगा और इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़े विस्तार की पुष्टि करते हुए कहा कि वायु सेना अपने हवाई बेड़े में मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल करने के लिए तैयार है। यह राफ़ेल या कोई और फाइटर जेट होगा, जिस पर विचार-विमर्श चल रहा है और अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है। जब उनसे पूछा गया कि पोखरण में वायु शक्ति का उद्देश्य क्या पाकिस्तान को कोई सन्देश देना है, तो उन्होंने कहा कि हमारा काम डेमोंस्ट्रेशन करना है। यह डेमोंस्ट्रेशन देखने वालों पर है कि वे इससे क्या मैसेज लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किये गए सटीक हमलों की झलक इस वायु शक्ति के दौरान देखने को मिलेगी। एयर मार्शल नागेश कपूर ने बुधवार को कहा कि पोखरण में शाम 5.10 बजे से 7.45 तक इस प्रदर्शन में वायु सेना अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करेगी। वायु शक्ति का प्रदर्शन दिन की रोशनी में, रेगिस्तान के धूल भरे वातावरण में और रात के अंधेरे में 2 घंटे 35 मिनट तक किया जाएगा, जिसमें वायु सेना के 77 फाइटर जेट, 43 हेलीकॉप्टर और 8 परिवहन विमान हिस्सा लेंगे। इसके अलावा दूर से संचालित विमान, एरियल टारगेट, जमीन से हवा में मार करने वाले हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। लड़ाकू विमानों में राफ़ेल, मिराज-2000, स्वदेशी एयरक्राफ्ट तेजस, सुखोई-30, मिग-29, और जगुआर होंगे। हेलीकाप्टरों में अपाचे, एमआई-17 वीआई, चिनूक, एमआई-17 वी5, एलसीएच और एएलएच इस हवाई अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। विंग कमांडर अजीत वसाने ने बताया कि वायु शक्ति के दौरान कुल 23 लक्ष्यों पर हमलों का सटीक प्रदर्शन किये जाने की योजना बनाई गई है, जिनमें जमीन से हवा में, हवा से जमीन में, हवा से हवा में या जमीन से जमीन पर होंगे। इन हमलों में 277 हथियारों के जरिये कुल 11 हजार 835 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल होगा। यह सभी हमले पोखरण रेंज के 3 किलोमीटर के दायरे में होंगे। जब यह पूछा गया कि क्या ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किये गए लंबी दूरी के हथियारों का भी पोखरण में प्रदर्शन होगा, तो उन्होंने इससे इनकार करते हुए बताया कि सुरक्षा के नजरिये से ऐसा नहीं किया जाएगा, बल्कि सीमित दूरी के हथियारों से ऑपरेशन सिंदूर की झलक पेश की जाएगी।

# भारत की परमाणु और समुद्री योजना में पूर्वी तटीय क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभाएगा: जितेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी तटीय क्षेत्र केंद्रीय बजट में परमाणु और समुद्री योजना में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

डॉ. सिंह ने एक बैठक के दौरान ओडिशा के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा से कहा, ''पूर्वी तटीय क्षेत्र वर्तमान बजट के परमाणु और समुद्री रोडमैप के एक प्रमुख हिस्से के रूप में उभरा है। ओडिशा राज्य को देश भर में घोषित चार रेयर अर्थ कॉरिडोर में से एक मिल रहा है, जबकि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए किए गए प्रावधान भी गेम-चेंजर साबित होने वाले हैं।''

डॉ. सिंह ने पूर्वी तटीय योजना में ओडिशा की रणनीतिक भूमिका पर जोर देते हुए कहा, ''विकसित हो रही पूर्वी तटीय रणनीति में ओडिशा का केंद्रीय स्थान होगा जो समुद्री संसाधनों, खनिज गलियारों, परमाणु एवं अंतरिक्ष बुनियादी ढांचे और जीवन विज्ञान (लाइफ सांइस) अनुसंधान को एक साथ लाता है।''केंद्रीय मंत्री ने समुद्र के विकास के लिए समन्वित दृष्टिकोण पर कहा, ''पहली बार, समन्वित संस्थागत प्रयासों के माध्यम से समुद्री संसाधनों का व्यवस्थित रूप से उपयोग किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय संस्थान समुद्र से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वार्ता में मछली पालन सुधारों के जरिये तटीय समुदायों के कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. सिंह ने टिप्पणी की कि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के प्रावधान और नियामक सुधार ओडिशा की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेम-चेंजर' होने जा रहे हैं। चर्चा में दोनों नेताओं ने दुर्लभ मृदा (रेयर अर्थ) और परमाणु खनिजों में राज्य की क्षमता पर भी विचार किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा पारंपरिक क्षेत्रों (दक्षिणी राज्यों) से परे इन खनिजों के अन्वेषण में विस्तार 'ओडिशा के लिए नये अवसर खोलता है' और राज्य को 'वर्तमान बजटीय आवंटन एवं राष्ट्रीय पहलों' से लाभ उठाने की स्थिति में लाता है।

दोनों नेता समुद्री विज्ञान, परमाणु खनिज, अंतरिक्ष अनुसंधान और जैव प्रौद्योगिकी की परियोजनाओं के समय पर निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने पर सहमत हुए, ताकि ओडिशा 'भारत की विज्ञान-आधारित विकास रणनीति में एक प्रमुख स्तंभ' के रूप में स्थापित हो सके।

## भाजपा की रितु तावड़े बनी मुंबई की मेयर, संजय घाडी (शिवसेना शिंदे गुट) बने डिप्टी मेयर

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की महिला पार्षद रितु तावड़े बुधवार को निर्विरोध मुंबई की महापौर चुनी गईं और इसी के साथ ही बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में शिवसेना (यूबीटी) के 25 वर्षों के वर्चस्व का अंत हो गया है। सुश्री तावड़े 44 वर्षों में इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी भाजपा पार्षद हैं। वह नागरिक मुद्दों पर अपने मुखर रुख और मराठी पहचान की वकालत के लिए जानी जाती हैं। इस बार महापौर का पद महिला के लिए आरक्षित था।प्रमुख विपक्षी दल शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) ने उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा नहीं किया। शिवसेना (शिंदे गुट) के संजय घड़ी को उप महापौर चुना गया है। वह 15 महीने के कार्यकाल के लिए इस पद पर रहेंगे। शिवसेना ने उप महापौर का कार्यकाल अपने चार पार्षदों के बीच बांटने का निर्णय लिया है। वर्ष 2022 में शिवसेना में हुए विभाजन के दौरान, जिसमें महा विकास अघाड़ी सरकार का पतन हुआ था, श्री संजय उन नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का साथ दिया था। बीएमसी मुख्यालय में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई और सत्ताधारी एवं विपक्षी दलों के पार्षदों के नारेबाजी के बीच सुश्री तावड़े ने मुंबई की 78वीं महापौर के रूप में कार्यभार संभाला। नगर आयुक्त भूषण गगरानी ने आधिकारिक रूप से सुश्री तावड़े को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जिससे देश के सबसे धनी नगर निकाय में सुचारू परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हुआ। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मुंबई के पालक मंत्री मंगल परभट लोढ़ा और भाजपा नेता परवीन दारेकर समारोह में उपस्थित थे। उन्होंने नव निर्वाचित महापौर और उप महापौर को बधाई दी और पारदर्शी एवं जनहितैषी प्रशासन का वादा किया।

## हाईस्पीड ट्रेनों से उत्तर प्रदेश के बुद्धिस्ट सर्किट को जोड़ा जायेगा: वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोक सभा में बताया कि उत्तर प्रदेश में भविष्य में चलने वाली 'हाईस्पीड स्पीड ट्रेनों' को राज्य के 'बुद्धिस्ट सर्किट' से जोड़ा जायेगा। श्री वैष्णव ने भारतीय जनता पार्टी के जगदंबिका पाल के प्रश्न के उत्तर में बताया कि बुद्धिस्ट सर्किट को वंदे भारत ट्रेनों से जोड़ने का फैसला लिया गया है। राज्य में जब बुलेट ट्रेनों का संचालन शुरू होगा, तो उन ट्रेनों को बुद्धिस्ट सर्किट से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के बजट में उत्तर प्रदेश के लिए रेलवे के लिए 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि पश्चिम बंगाल में नयी रेल परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण में दिक्कतें आ रही हैं और वहां लक्ष्य का 27 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण ही किया जा सका है। अगले वित्त वर्ष के बजट में पश्चिम बंगाल के लिए हालांकि 14 हजार 205 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

# पेज एक का शेष

### योगी सरकार ने...

चुनाव से पहले प्रदेश की 18वीं विधानसभा का आखिरी पूर्ण बजट माना जा रहा है। इस बजट में सरकार ने रोजगार, अवस्थापना विकास और चिकित्सा स्वास्थ्य समेत विभिन्न मदों को खास तवज्जो दी है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 9.13 लाख करोड़ रुपये का बजट पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 12.2 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा, '' इस बजट में पूंजीगत परिव्यय 19.5 प्रतिशत है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकार की गई 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे की सीमा तीन प्रतिशत निर्धारित की गई है। यह सीमा 2030-31 तक प्रभावी रहेगी। खन्ना ने प्रमुख मदों में किये गये आवंटन का जिक्र करते हुए कहा, '' शिक्षा तथा चिकित्सा के लिए किया गया आवंटन कुल बजट का क्रमशः 12.4 तथा छह प्रतिशत है। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध सेवाओं के लिए आवंटित धनराशि कुल बजट की नौ प्रतिशत है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही प्रदेश के हर वर्ग एवं हर क्षेत्र के विकास के लिये अथक परिश्रम किया है। वित्त मंत्री ने कहा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस को और अधिक सक्षम एवं सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस विभाग के अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए लगभग 1374 करोड़ रुपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1243 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय शिक्षा के लिए 14997 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज में से 45 राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं एवं 36 निजी क्षेत्र द्वारा संचालित किया जा रहे हैं। प्रदेश में 14 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 1023 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कैंसर संस्थान लखनऊ के लिए 315 करोड़ रुपये और असाध्य रोगों के इलाज के लिए निशुल्क चिकित्सकीय सुविधा के लिए 130 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। खन्ना ने बताया कि चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 37956 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वित्त वर्ष 2025-26 के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए लगभग 8641 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। 'आयुष्मान भारत नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन' योजना के लिए 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। आयुष सेवाओं के लिए लगभग 2867 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास के लिए 27103 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वित्त वर्ष 2025 26 के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण एवं नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के लिए 5000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना में टैबलेट व स्मार्टफोन के वितरण की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए 2374 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। 'अटल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन' के तहत अवस्थापना विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एवं 'फॉच्यूर्न 500' कंपनियों के निवेश के लिए घोषित प्रोत्साहन नीति 2023 के क्रियान्वयन के लिए 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि 'डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' परियोजना में अब तक 200 रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनमें 35280 करोड़ रुपये का निवेश होने एवं 53263 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) की योजनाओं के लिए 3822 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश में एमएसएमई उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र की नई योजना प्रस्तावित की जा रही है जिसके लिए 575 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। नई योजना 'एक जनपद, एक व्यंजन' के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। खन्ना ने बताया कि हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग के लिए करीब 541 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्ष 2025-26 की तुलना में पांच गुना है। वित्त वर्ष 2026-27 में वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में रोजगार के 30 हजार अवसर उत्पन्न करने का लक्ष्य है। कंबल उत्पादन केंद्र गोरखपुर के आधुनिकीकरण के लिए नई योजना प्रस्तावित की जा रही है जिसके लिए सात करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक की योजनाओं के लिए 2059 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 76 प्रतिशत अधिक है। कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में विकास के लिए उत्तर प्रदेश एआई मिशन की शुरुआत की जा रही है जिसके लिए 225 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### 9 वर्ष के नवनिर्माण...

उत्तर प्रदेश के बजट को जनाकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक, कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब थी कि इसे बीमारु प्रदेश के नाम से जाना था लेकिन हमने प्रदेश की छवि बदली है। प्रत्येक सेक्टर में नई उचाइयों को छुआ है और कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण आज देश की टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में से उत्तर प्रदेश एक है। वर्ष 2017 पहले बेरोजगारी की दर 17 से 19 फीसदी थी लेकिन हमारी सरकार इस दो फीसदी से नीचे ले आयी है। यह बजट युवाओं के लिए समर्पित है,जिसमें रोजगार का सृजन, एमएसएमई को बढावा दिया जा रहा है। प्रदेश अब रोजगार सृजन केंद्र के रूप में तेजी से उभर र?हा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलग–अलग विभागों के अलग-अलग डाटा प्रस्तुत किए जाते थे लेकिन हमारी सरकार ने स्टेट डॉटा अथारिटी बनाकर एक रियल डाटा तैयार करने की दिशा में काम किया है। इस रियल टाइम डाटा से भविष्य की योजनाएं बनाने में उपयोगी है बजट में एआई मिशन की स्थापना के साथ-साथ महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने के लिए शी मार्ट के जरिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि बजट में प्रदेश के चतुर्दिक विकास के लिए ?सिटी इकोनामिक जोन बनाने की घोषणा की गई है। काशी, मिर्ज़ापुर, कानपुर, झांसी, चित्रकूट समेत सभी प्रमुख शहरों में बनाए जाएंगे। निवेश बढाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम लागू कर दिया गया है इस बजट में भी डिजिटल इंटरप्रन्योरशिप योजना का उल्लेख किया गया है; प्रदेश में कानून व्यवस्था विकास की गारंटी की निशानी बन चुकी है। प्रदेश के बजट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने किसानों, अन्नदाताओं का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता देश-प्रदेश के विकास की धुरी हैं। अन्नदाता को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं देखना चाहिए बल्कि उन्हें विकास में भागीदारी चाहिए और प्रदेश सरकार उन्हें भागीदार बना रही है। गन्ना का मूल्य बढ़ाया गया और समय से भुगतान हो रहा है। खेती को आय आधारित और बहुफसली बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। सिंचाई के लिए काफी काम हुआ है। सिंचाई का दायरा बढा है और पीएम कुसुम योजना के तहत? किसानों को सब्सिडी दी जाएगी। इतना ही नहीं किसानों के प्रोडक्ट निर्यात करने के लिए नोएडा में एग्री एक्सपोर्ट हब बनाएंगे। अन्न व बीज भंडारण की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसी प्रकार मछुआरों के हित में कई योजनाएं संचालित हैं। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि बजट में परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की अच्छी शिक्षा देने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने कस्तूरबा बालिका विद्यालयों की और स्थापना, युवाओं के कौशल विकास के लिए तकनीकी प्रशिक्षण, महिला छात्रावासों की स्थापना की जा रही है। पीएचसी, सीएचएसी और जिला अस्पतालों में निःशुल्क दवाओं के साथ साथ आयुष्मान कार्ड की सुविधा है। जरूरतमंद को, मुख्यमंत्री राहत कोष से बीमारी में मदद दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने जनकल्याणकारी बजट के लिए प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं दीं। साथ अपने मंत्रिमंडल सदस्यों और अफसरों को प्रदेश के विकास में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों के लिए मंगलकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ...

पर आवेदन के लिए नोटिस जारी करेगा, जिसके लिए कम से कम 21 दिनों का समय दिया जाएगा। यदि किसी वकील का आवेदन पिछले दो वर्षों के भीतर उच्चतम या उच्च न्यायालय से खारिज किया जा चुका है, तो वह दोबारा आवेदन के लिए पात्र नहीं होगा। दिशानिर्देशों के अनुसार पदनाम पर निर्णय आम सहमति से लिया जाएगा। सहमति न होने की स्थिति में बहुमत के आधार पर फैसला होगा। उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सेवानिवृत्त जज भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे किसी अन्य पूर्णकालिक कार्य पर न हों। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के पास यह विशेष अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी योग्य वकील की सहमति से, बिना आवेदन के भी उसे 'सीनियर एडवोकेट' का दर्जा दे सकता है।

### 'काबिले तारीफ है, अंदाज...

में प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों की उपेक्षा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा- 'ये अलग बात है तुम ना बदलो मगर जमाना बदल रहा है, गुलाब पत्थर पे खिल रहे हैं, चिराग आंधियों में जल रहे हैं।' सदन में शेरों शायरी का यह सिलसिला समय के साथ और गाढ़ा होता गया। मुख्यमंत्री के विजन की चर्चा करते हुए कहा 'बड़ी मुश्किल से कोई सुबह मुस्कुराती है, गम की हर भाम दबे पांच चली आती है, वक्त लगता ही नहीं जिंदगी बदलने में, पर बदलने में वक्त जिंदगी लग जाती है।' उन्होंने अपने बजट भाषण का समापन करते हुए कहा कि 'बात अनमोल बहुत है ये जिंदगी के लिए, बात रहा हूं फलसफा मैं हर किसी के लिए, पोंछ सकते हैं तो दुखियों के पोंछ लो आंसू, न जियें आप फकत अपनी ही खुशी के लिए।' इसके साथ ही उन्होंने अपना बजट का भाषण समाप्त किया और वहां मुख्यमंत्री के साथ बैठे सभी लोग मेज थपथपाते रहे।

### अमेरिका के साथ व्यापार...

उत्पादों के लिए बाजार खोल दिया है जो बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत को बेच दिया है। हमारी भारत माता को बेच दिया गया। इसमें सबसे रोचक बात है कि प्रधानमंत्री सामान्य परिस्थितियों में यह समझौता नहीं कर सकते थे और इसके पीछे असली कारण कुछ और है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार होती और वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करते तो पहली यह बात करते कि भारतीय डाटा सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हमारे डाटा का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो बात बराबरी पर होगी। ऊर्जा सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है उसे किसी भी हाल में सुरक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि हम भी अपने अपने किसानों को सुरक्षित करना चाहते है। इसके बाद समान स्तर पर बात करते हैं। हमारी सरकार ने अपना नियंत्रण व्यापार का अमेरिका को दे दिया है। श्री गांधी ने कहा कि हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत हमारे देश के लोग हैं। देश के 1.4 अरब लोग शानदार हैं, ऊर्जावान हैं, बुद्धिमान हैं। वे किसी को भी चुनौती दे सकते हैं। यह सिर्फ लोग नहीं हैं यह हमारे पास डाटा का भी बड़ा पूल है। सभी लोग एआई के बारे में बात करते हैं, लेकिन एआई के बारे में बात करना किसी इंजन के बारे में बात करना है, इसके पेट्रोल यानी डाटा के बारे में बात करना भी जरूरी है। यानी अगर आपके पास पेट्रोल- डाटा नहीं है, तो एआई भी बेकार है। इस वक्त दुनिया के पास डाटा के दो पूल हैं- भारत का डाटा पूल (1.4 अरब लोगों का) और चीन (वहां भी इतनी ही जनसंख्या है)। यानी हम डाटा के मामले में ताकतवर हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ डॉलर को चुनौती मिल रही है। अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती मिल रही है। अब हम दो सुपर पावर या कई सुपर पावर वाले दौर में जा रहे हैं। आर्थिक सर्वे की बात सही है। इन सबके केंद्र में एआई का समय है। सभी कह रहे हैं कि हम एआई के समय में जा रहे हैं। इससे सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को चुनौती मिल रही है। इंजीनियरों को भी चुनौती मिल रही है। हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्ज़ा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं।

### राहुल के खिलाफ...

रहे थे तब उनसे श्री रिजिजू ने कहा कि जब शाम पांच बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चर्चा का जवाब देंगी तब वह सदन में मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता सदन में अपना भाषण देने के बाद सदन से चले गये जबकि नियम है कि एक बार कोई सदस्य अपना भाषण समाप्त करने के बाद सदन से तुरंत वापस नहीं जाता है। श्री गांधी हमेशा अपना भाषण देकर सदन से चले जाते हैं। यह गंभीर मामला है।

# बिहार विधान परिषद में उठा युवाओं में बढ़ती नशाखोरी का मुद्दा

■ सदस्यों ने की जागरूकता अभियान तेज करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधान परिषद में बुधवार को युवाओं और बच्चों में बढ़ रही नशाखोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रवींद्र प्रसाद सिंह ने इस गंभीर विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि युवाओं में 'सूखा नशा' तेजी से बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है। रवींद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से नशामुक्ति के लिए आयोग का गठन किया गया है, लेकिन उसे और अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि नशाखोरी के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि युवाओं और बच्चों को इस बुराई से बचाया जा सके। सदस्य के प्रश्न का उत्तर देते हुए विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार शराबबंदी और पूर्ण नशाबंदी के प्रति पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने स्वीकार किया कि बच्चों और युवाओं में सूखे नशे के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, लेकिन इस पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। मंत्री ने बताया कि सरकार विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चला रही है। बैनर-पोस्टर, सोशल मीडिया और मैराथन जैसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करने तथा नशामुक्ति प्राप्त कर चुके लोगों और चर्चित हस्तियों को आमंत्रित करने पर भी सरकार विचार कर रही है, जिससे कि युवाओं को सकारात्मक संदेश दिया जा सके। इस दौरान परिषद सदस्य वीरेंद्र नारायण यादव ने भी विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि नशाबंदी के बाद सूखे नशे के मामलों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य की सीमाओं से सटे अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# मोहाली के कई निजी विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली में 16 निजी विद्यालयों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले जिसके कारण विद्यालयों को खाली कराना पड़ा और पुलिस ने बम निरोधक दस्ते के साथ जांच की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को संदेश भेजकर छुट्टी की घोषणा की। मानव मंगल स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल और लर्निंग पाथ्स स्कूल उन विद्यालयों में शामिल हैं जिन्हें ईमेल प्राप्त हुए। स्कूल आ रहे छात्रों को वापस घर भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों द्वारा अलर्ट जारी करने के बाद पुलिस ने शिक्षण संस्थानों की गहनता से जांच की। उन्होंने बताया कि धमकी भरे ईमेल मिलने वाले लक्षित स्कूल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरमनदीप सिंह हंस ने पत्रकारों से कहा, ''16 स्कूल को बम की धमकी वाले ईमेल मिले। उन्होंने कहा, ''हमने स्कूल की जांच के लिए फतेहगढ़ साहिब और रूपनगर जिलों से और बम निरोधक दस्ते बुलवाए हैं। हंस ने कहा कि तलाशी अभियान में करीब 300 पुलिसकर्मी शामिल हैं और सभी 16 विद्यालयों को खाली करा लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि ईमेल के स्रोत की जांच की जा रही है। मोहाली के विद्यालयों में बम की धमकी की यह घटना चंडीगढ़, अमृतसर, जालंधर, पटियाला और हरियाणा में हुई ऐसी ही घटनाओं के ठीक बाद सामने आई है, जहां विद्यालयों को मिली इस तरह की धमकियां अफवाह साबित हुई थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम की पहली बैठक में गूंजा गऊशाला विवाद, विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के नए मेयर सौरभ जोशी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई पहली बैठक हंगामेदार रही। बैठक के दौरान गऊशाला से जुड़े मुद्दे ने तूल पकड़ लिया और कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी पार्षद ''गौ हत्या बंद करो'' लिखे पोस्टर लेकर सदन के बीचोंबीच पहुंच गए और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि गऊशाला प्रकरण की जांच पहले दिन से जारी है। हालांकि, विपक्ष ने सवाल किया कि नया स्थापित प्लांट बंद क्यों था और जांच में अब तक क्या तथ्य सामने आए हैं। पार्षदों ने मांग की कि पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### नगर निगम की पहली बैठक में गूंजा गऊशाला विवाद, विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के नए मेयर सौरभ जोशी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई पहली बैठक हंगामेदार रही। बैठक के दौरान गऊशाला से जुड़े मुद्दे ने तूल पकड़ लिया और कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी पार्षद ''गौ हत्या बंद करो'' लिखे पोस्टर लेकर सदन के बीचोंबीच पहुंच गए और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि गऊशाला प्रकरण की जांच पहले दिन से जारी है। हालांकि, विपक्ष ने सवाल किया कि नया स्थापित प्लांट बंद क्यों था और जांच में अब तक क्या तथ्य सामने आए हैं। पार्षदों ने मांग की कि पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### अमृतसर में पांच पिस्तौल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा और उनके पास से ग्लॉक 9एमएम और .30 बोर समेत पांच एडवांस पिस्टल बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान के तस्करों के सीधे संपर्क में हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए बॉर्डर पार गैर-कानूनी हथियारों की सप्लाई में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अमृतसर के पुलिस थाना गेट हकीमा में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### कटिहार से अमृतसर वाया फारबिसगंज,ललितग्राम चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**अररिया।** बिहार से दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले कामगारों की सुविधा और होली जैसे पर्व में घर वापसी को लेकर रेलवे ने कटिहार से अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। कटिहार से अमृतसर के लिए वाया फारबिसगंज, ललितग्राम,सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी,दरभंगा होकर होली स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 05735 / 05736 कटिहार अमृतसर होली स्पेशल स्पेशल वाया पूर्णिया, फारबिसगंज, सरायगढ़, दरभंगा होकर अमृतसर ट्रेन जाएगी। वहीं कटिहार से 18 फरवरी से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को और अमृतसर से 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन का परिचालन होगा। गाड़ी संख्या 05736 कटिहार – अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन कटिहार से 18 फरवरी से 20 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को कटिहार से रात्रि 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 09:45 बजे अमृतसर पहुंचेगी।गाड़ी संख्या 05736 अमृतसर–कटिहार होली स्पेशल ट्रेन अमृतसर से 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13 : 25 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 23:45 बजे पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव पूर्णिया, अररिया, फारबिसगंज, ललितग्राम, राघोपुर, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी, दरभंगा, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज ,गोरखपुर बस्ती, गोण्डा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बक्सर, रुड़की, सहारनपुर,अंबाला,छावनी राजपुरा,डंडारी कलां (लुधियाना),जालंधर व्यास स्टेशन पर है। जानकारी कटिहार रेलवे परामर्श दात्री सदस्य बछराज राखेचा ने यह जानकारी दी।

### बीएनएमयू कुलपति के बयान पर अभाविप का हमला, सेमिनार स्थगन को बताया तानाशाही

**सुपौल।** बीएनएमयू मधेपुरा के कुलपति के प्रेस बयान पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे हास्यास्पद बताया है। परिषद के नेताओं ने सेमिनार के आयोजन और वक्ता चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कुलपति से जवाब मांगा है। अभाविप के प्रांत सह मंत्री शिवजी कुमार ने कहा कि सेमिनार के आयोजन और वक्ता चयन से संबंधित कुलपति द्वारा कही गई बातें उचित प्रतीत नहीं होती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुलपति ने प्रेस के सामने पारदर्शी प्रक्रिया की बात कही, जबकि स्वयं स्वीकार किया कि वक्ता का चयन उनकी अनुमति के बिना किया गया। कुमार ने सवाल उठाया कि क्या विश्वविद्यालय में बिना कुलपति की अनुमति के ही वक्ता तय करने की प्रक्रिया निर्धारित है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी ही प्रक्रिया है तो विद्यार्थी परिषद इसका पुरजोर विरोध करती है और कुलपति से माफी मांगने की अपेक्षा करती है। साथ ही पीएम उषा योजना के तहत आयोजित सभी सेमिनारों को स्थगित करने के निर्णय को उन्होंने कुलपति का तानाशाही रवैया बताया। अभाविप ने कहा कि एक वक्ता पर आपत्ति के कारण सभी सेमिनार स्थगित करना छात्र विरोधी कदम है, जिसे परिषद स्वीकार नहीं करेगी। परिषद ने मांग की कि शीघ्र सभी सेमिनारों की नई तिथि घोषित की जाए। इस मौके पर रंजीत झा, राजेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हरिद्वार अर्ध कुंभ मेला 2027: 32 सेक्टरों का विकास कार्य शुरू

**हरिद्वार।** कुंभ मेला अधिकारी सोनिका सिंह ने बुधवार को एक कार्यक्रम में बताया कि कुंभ मेला 2027 के लिए 32 सेक्टरों को विकसित करने की योजना बन चुकी है और मेला के स्थाई और विकासात्मक कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे। आज प्रेस क्लब हरिद्वार में संवाद कार्यक्रम के दौरान सोनिका सिंह कहा कि 1224 करोड़ रुपये की लागत से सभी कार्य पूरे किए जाएंगे और उनकी गुणवत्ता की थर्ड पार्टी जांच आईआईटी रुड़की और अन्य एजेंसियां करेंगी। सोनिका सिंह ने बताया कि अर्ध कुंभ मेला के 32 सेक्टरों को विकसित की जाएगी। लगभग 220 करोड़ रुपये की लागत से सीवर, सड़क, पुल और नए घाटों के निर्माण का काम शुरू हो गया है। बहु–उद्देशीय सीसीआर–2 के निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड समय में सभी कार्य पूरे करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मेला अधिष्ठान में लोक निर्माण और सिंचाई विभाग के खंड स्थापित होने से सभी चुनौतियों पर काबू पाया जाएगा। हरकी पौड़ी से जुड़े कांगड़ा घाट के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की पत्रावली शासन को भेजी गई है।

# भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 'समर्पण दिवस' मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय उपवन में स्मृति सभा का आयोजन किया। सभी 14 जिला कार्यालयों में उनके प्रति समर्पण दिवस कार्यक्रम हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस पर कहा कि आज पार्टी के सबसे अधिक विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों में जनप्रतिनिधि है लेकिन संगठन जहां से उठकर आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है उसके पीछे के संघर्षों को हमें याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय उन सफल व्यक्तित्व में से एक हैं जिन्होंने जनसंघ की नींव रखी। शिव प्रकाश ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के पश्चात देश और दुनिया के अंदर राजनीतिक क्षेत्र में तीन विचार- पूंजीवाद, साम्यवाद और समाजवाद बहुत तेजी से अलग-अलग देशों में उभर रहे थे। उसी दौरान भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद इस बात पर चर्चा हो रही थी कि भारत का स्वरुप क्या होगा। इस पर विचार करने के लिए पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दायित्व दिया और लंबे विचार विमर्श के बाद उन्होंने जो विचार दिया वह है एकात्म मानववाद जो आज भारत को एक ओजस्वी राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल ने एक विधान एक संविधान के विचार को मजबूत करने पर जोर दिया और इसके पीछे संगठन की शक्ति थी। 1952-68 तक जनसंघ में राष्ट्र व्यापी एक ढ़ाचा तैयार किया। उनके अथक प्रयास और यह पं. दीनदयाल उपाध्याय के पुरुषार्थ का परिणाम है कि 1964 आते-आते कांग्रेस के विकल्प के रुप में भारतीय जनसंघ स्थापित हो गया और दिल्ली नगर निगम के चुनाव जीतकर पहली बार किसी निकाय में सत्ता में आई। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर राष्ट्र उन्हें एक ऐसे विचारक और कर्मयोगी के रूप में स्मरण कर रहा है, जिन्होंने भारतीय राजनीति को सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा की दिशा दी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद का सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उनका विचार था कि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति को अलग-अलग खांचों में नहीं देखा जा सकता। मानव जीवन की भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं का संतुलित विकास ही सच्ची प्रगति है। सचदेवा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं गरीब कल्याण, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और आत्मनिर्भर भारत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की ही आधुनिक अभिव्यक्ति हैं।

## एसएसबी बीरपुर में दो दिवसीय मानव तस्करी विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। सशस्त्र सीमा बल की 45वीं वाहिनी, बीरपुर मुख्यालय में कमांडेंट गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मानवरोधी इकाई द्वारा मानव तस्करी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति कार्मिकों को जागरूक करना और उनकी कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूप, इससे संबंधित कानूनी प्रावधान व नीतियां, पीड़ितों की पहचान और संरक्षण, पुनर्वास की प्रक्रिया, रोकथाम में विभिन्न एजेंसियों की भूमिका तथा संवेदनशील दृष्टिकोण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया।

# मुख्यमंत्री ने 15 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों के बच्चों को सौंपा छात्रवृत्ति का चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज यहां के 15 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के गांवों में अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहायता दिल्ली के 857 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों तक पहुंच रही है। इसके लिए 12 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी हुई है। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर कहा कि दिल्ली उन मेहनतकश लोगों की है जो अपने श्रम से इस शहर को बनाते हैं। आज हम उसी श्रमशक्ति का सम्मान कर रहे हैं। सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ काम कर रही है। हम श्रमिक भाइयों-बहनों के लिए सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। उनके हाथ मजबूत कर रहे हैं और उनके बच्चों की पढ़ाई में मदद करके उनका भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति पाने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खूब पढ़िए, आगे बढ़िए और अपने परिवार और दिल्ली का नाम रोशन करिए। हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है। इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक एवं दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के चेयरमैन राजकुमार चौहान उपस्थित रहे।

# सारण में धूमधाम से मनाया गया बाबा भोलेनाथ का तिलक उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सारण। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के पूर्व छपरा शिवमय होने लगी है। वर्षों से चली आ रही परंपरा को जीवंत रखते हुए दौतलगंज स्थित ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर छत्रधारी बाजार में मंगलवार को देवाधिदेव महादेव का तिलक उत्सव पूरी श्रद्धा, हर्षोल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समाजसेवी धर्मनाथ पिंटू के अनुसार दोपहर से ही मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल दिखने लगा था। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु मंदिर पहुँचीं। परंपरा के बाबत भोलेनाथ के तिलक की रस्में निभाई गईं। महिलाओं ने मांगलिक गीतों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शिव के तिलक चढ़े... और आजु जनकपुर में मड़वा... जैसे गीतों पर महिलाएं झूमती नजर आईं। हल्दी, अक्षत, चंदन और फल-फूल के साथ बाबा का तिलक किया गया, जो इस बात का प्रतीक है कि भक्त अब अपने आराध्य के विवाह महाशिवरात्रि की तैयारियों में पूरी तरह जुट गए हैं। यह तिलक उत्सव केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि दो शक्ति केंद्रों का मिलन भी है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मनोकामना नाथ मंदिर और सिद्धेश्वर नाथ मंदिर नबीगंज की महत्ता को दर्शाया गया, जहाँ भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी।

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कलाकारों को किया सम्मानित

भराड़ीसैंण (गैरसैंण)। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में राज्य की लोककला और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष पहल की गई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण की ओर से स्थानीय कलाकारों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। विधानसभा परिसर में नंदा राजजात यात्रा, छोलिया नृत्य, रम्माण उत्सव, पारंपरिक वाद्य यंत्र, ऐपन कला और रम्माण के मुखौटे जैसी कलाकृतियां स्थापित की गई हैं। सभी कलाकृतियां राज्य के स्थानीय कलाकारों की ओर से निर्मित की गई हैं, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित मंच पर अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिला और सम्मान प्राप्त हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि उत्तराखंड की लोककला हमारी संस्कृति और विरासत की पहचान है। उन्होंने कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उनकी कला को सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने के महत्व पर बल दिया।

# मंत्रिमंडल की बैठक में छह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य की सामाजिक और प्रशासनिक सुधार पहलों को मजबूत बनाने के लिए छह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में ड्रग फ्री मुहिम को सशक्त करना, वन विभाग के दैनिक श्रमिकों का न्यूनतम वेतन तय करना, ईएसआई चिकित्सा ढांचे का विस्तार और सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की अवधि बढ़ाना प्रमुख निर्णय हैं।

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में कैबिनेट बैठक के बाद सचिव (मुख्यमंत्री/गृह) शैलेश बगोली ने बैठक के निर्णयों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की अवधि वित्तीय वर्ष 2025-26 तक बढ़ाए जाने के अनुरूप, राज्य स्तर पर भी मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की अवधि इसी वर्ष के अंत तक बढ़ाई गई। भविष्य में यदि केंद्र सरकार योजना की अवधि बढ़ाती है, तो राज्य स्तर पर इसे भी स्वतः लागू माना जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को मजबूत करने के लिए राज्य मुख्यालय में 22 नए पद सृजित करने का निर्णय लिया। इसमें एक पुलिस उपाधीक्षक, दो ड्रग निरीक्षक, एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक, चार मुख्य आरक्षी, आठ आरक्षी और दो आरक्षी चालक शामिल हैं। इस फोर्स का गठन 2022 में हुआ था और अब यह पूरी तरह स्वतंत्र ढांचे में काम करेगा। मंत्रिमंडल ने वन विभाग और वन विकास निगम के 589 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को न्यूनतम 18 हजार रुपये वेतन देने का फैसला किया। विभाग में कुल 893 दैनिक श्रमिक हैं, जिनमें से 304 पहले से न्यूनतम वेतन का लाभ ले रहे थे। कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत चिकित्सा सेवा संवर्ग के पदों का विस्तार किया गया। नई नियमावली 'उत्तराखंड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली, 2026' के तहत कुल 94 पद होंगे। जिनमें 76 चिकित्सा अधिकारी, 11 सहायक निदेशक, 06 संयुक्त निदेशक और 1 अपर निदेशक शामिल है। इससे पहले केवल 14 पद थे।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के आदर्श नगर इलाके में मामूली कहासुनी के बाद युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अहमद रजा उर्फ सद्दाम (26) के रूप में हुई है। वारदात के बाद से आरोपित फरार था। नवंबर 2025 में अदालत ने उसे भगोड़ा करार कर दिया था। सूचना के बाद आरोपित को जयपुर से दबोचा गया है। आरोपित के खिलाफ लूटपाट, हत्या के प्रयास समेत कुल 6 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बुधवार को बताया कि 12 जनवरी 2025 को आरोपित ने शाहजहां नामक युवक पर आजादपुर फ्लाईओवर शराब के ठेके के पास चाकू से हमला कर दिया था। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसके बयान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ। स्थानीय पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। आरोपित लगातार फरार चल रहा था। 26 नवंबर 2025 को अदालत ने अहमद रजा को भगोड़ा करार कर दिया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063